WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार, 9 जुलाई 2024 वर्ष-13 अंक- 139 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हाथरस के हृदय विदारक हादसे के एक हफ्ते बाद भी कथित बाबा नारायण साकार हरि मिस्टर इंडिया बना हुआ है। पुलिस प्रशासन को उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। इसे बाबा का चमत्कार ही कहा जाएगा। उक्त बाबा का अभी तक एफआईआर में नाम नहीं आया है। यह भी बाबा की चमत्कारी शक्ति का परिचायक है। सबसे बड़ा चमत्कार तो बाबा का यह है कि उनके खिलाफ न तो योगी सरकार कार्रवाई की हिम्मत कर रही है और न ही कांग्रेस व सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टी ऐसी मांग उठा रही हैं। जाहिर है ऐसे चमत्कारी बाबा को अंध भक्त नमस्कार ही करेंगे।

आईएएस रानू साहू को सुको से राहत मिलते ही ईओडब्ल्यू ने की नई एफआईआर दर्ज

आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी सौम्या चौरसिया पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। आईएएस रानू को सुप्रीम कोर्ट से जमानत लेकिन ईओडब्ल्यू ने दर्ज की नई एफआईआर, छतीसगढ़ कोयला घोटाला और लेव्ही वसूली मामले के आरोपियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने नई एफआईआर लांच कर दिया है। कोल घोटाले में जेल में बंद छत्तीसगढ़ के तीन प्रशासनिक अधिकारियों आईएएस ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

कारोबारी दीपेश टांक को सुको से मिली जमानत

कोल स्कैम मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू और कारोबारी दीपेश टांक को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को जमानत मिल गई है। रानू साहू एक साल और दीपेश करीब डेढ़ साल से जेल में बंद था। ईडी ने दोनों को मनी लॉन्ड्रिंग और कोयला घोटाला केस में गिरफ्तार किया था। दोनों की जमानत 7 अगस्त तक के लिए मंजूर की गई है।

ईओडब्ल्यू की एफआईआर में दर्ज रानू, समीर, सौम्या की संपत्ति

0 निलंबित आईएएस रानू साहू की 24 प्रॉपर्टी है। ईओडब्ल्यू ने अपनी एफआईआर में बताया है कि, रानू साहू ने 2015 से 2022 तक करीब 4 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति खुद के व पारिवारिक के सदस्यों के नाम अर्जित की।

0 नई एफआईआर के मुताबिक नौकरी के दौरान सौम्या चौरसिया ने 9.20 करोड़ रुपए, रानू साहू ने 4 करोड़ रुपए तथा समीर विश्नोई ने 5 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीदी, जबकि इस दौरान तीनों को इससे कई गुना कम वेतन मिला। सौम्या चौरसिया के परिवार के नाम पर 9.20 करोड़ की 29 अचल संपत्ति होने की पुष्टि ईओडब्ल्यू ने की है।

0 निलबित आईएएस समीर बिश्नोई का वर्ष 2010 से 2022 तक का कुल वेतन 93 लाख रुपए निकाला गया है। जबकि इस अवधि में उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर 5 करोड़ रुपए की कई अचल संपत्ति खरीदीं। यह भी उनके वेतन से कई गुना अधिक है। तीनों एफआईआर नंबर 22, 23 और 24 अलग-अलग दर्ज हुई हैं।

सोरेन ने हासिल किया विश्वास मत

रांची। राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता संभालने वाले हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया। विपक्ष के जोरदार हंगामे और वॉकआउट के बीच सीएम सोरेन ने विश्वास मत जीत लिया।बता दें, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए एक घंटे का समय आवंटित किया था।

जय शाह बन सकते है आईसीसी चेयरमैन

नई दिल्ली । जय शाह साल 2019 से ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव बने हुए हैं। उनके हाथों में इस समय बहुत पावर है, लेकिन अब अटकलें हैं कि अगर जय शाह आईसीसी चेयरमैन पद के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें निर्विरोध नया चेयरमैन चुना जा सकता है। मगर यह भी रिपोर्ट्स हैं कि जय शाह ने अभी तक इस बारे में कोई स्पष्ट फैसला नहीं लिया है।

बंगाल सरकार की याचिका खारिज

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका खारिज कर दिया, जिसमें संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध करने और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच कराने का निर्देश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। जजों ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा, ''धन्यवाद। याचिका खारिज की जाती है।

कच्छ में भूकंप के झटके

अहमदाबाद। गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार दोपहर 3.3 तीव्रता का भूकंप रिकॉर्ड किया गया। भारतीय भूकंप अनुसंधान के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के दुधई से 10 किलोमीटर पूर्व उत्तर पूर्व (ईएनई) में था। इंडियन सिस्मोलॉजी रिसर्च के मुताबिक, भूकंप के झटके शाम करीब 4:10 बजे दर्ज किए गए। इसका केंद्र 30 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। इस महीने राज्य के सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में दर्ज किया गया यह 3 तीव्रता से अधिक का तीसरा भूकंप है।

14 लाख का इनामी नक्सली ढेर

बालाघाट। मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला नक्सली प्रभावित क्षेत्र है। यहां अक्सर नक्सली गतिविधियों से जुड़ी खबरें और मुठभेड़ सुनने मिलती है। वहीं मंगलवार को एक बड़े नक्सली को पुलिस ने ढेर किया। प्राप्त जानकारी अनुसार हट्टा थाना क्षेत्र करियादण्ड के कोठियाटोला के जंगल में अल सुबह हॉक फोर्स एवं नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हों गई। दोनों तरफ से हुई जवाबी फायरिंग में एक नक्सली ढेर हो गया। इस जवाबी फायरिंग में अन्य नक्सलियों के घायल होने की जानकारी भी मिल रहीं हैं।

टीम इंडिया को विदेश से आया न्योता

नई दिल्ली । टीम इंडिया कुछ दिन पहले ही टी20 वर्ल्ड कप जीतकर अपने वतन लौटी है। 4 जुलाई को मुंबई के मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई, जिसने समां बांध दिया था। इसी बीच बीसीसीआई ने वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपये की इनामी राशि देकर सम्मानित भी किया। मगर अब मालदीव्स टूरिज्म ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को अपने देश में वर्ल्ड कप जीत को सेलिब्रेट करने के लिए आमंत्रित किया है।

बीफ वाली गाड़ी को न रोकें : महुआ मोइत्रा

नई दिल्ली । टीएमसी की लोकसभा सांसद, महुआ मोइत्रा का एक ट्वीट खासा चर्चा में बना हुआ है। उन्होंने अपने ट्वीट में एक पत्र साझा किया है। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के लेटरहेड पर लिखा है कि 3 किलोग्राम बीफ ले जाने वाली गाड़ी को कहीं पर भी न रोका जाए।

मैं नए क्षेत्रों में साझेदारी को ऊंचाइयों तक ले जाने की आशा करता हूं : मोदी

भारत और रूस के बीच फाइटर जेट, मिलिट्री लॉजिस्टिक्स पर हो सकते हैं अहम समझौते

मॉस्को (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मॉस्को पहुंचने पर रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गर्म जोशी से स्वागत किया और गॉड ऑफ ऑनर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 9 जुलाई तक रूस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरे में भारत और रूस के बीच फाइटर जेट, एंटी टैंक गोले की फैक्ट्री, मैंगो आर्मर-पियर्सिंग टैंक राउंड की फैक्ट्री और मिलिट्री लॉजिस्टिक्स पर अहम समझौते हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस के दो दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंच गए हैं। इस विदेश यात्रा में पीएम 8 जुलाई से 9 जुलाई तक रूस में रहेंगे। इसके बाद वह ऑस्ट्रिया का दौरा करेंगे। मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस दौरा कई मायनों में अहम है। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सुखोई से लेकर एंटी टैंक गोले की फैक्ट्री जैसे कई अहम सौदे हो सकते हैं। दुनिया के कई देशों में जारी संघर्ष के बीच पीएम मोदी की इस यात्रा पर दुनिया की भी नजर है। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन शुरू होने के बाद से यह पीएम मोदी का पहला रूस दौरा है।

पीएम मोदी की रूस यात्रा का कार्यक्रम क्या है? : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 9 जुलाई तक रूस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

रूस दौरे पर रवाना हुए पीएम, बोले- दोस्त पुतिन के साथ सहयोग पर समीक्षा को तैयार

नई दिल्ली। मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि वह अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हैं। रूस के अलावा पीएम मोदी ऑस्ट्रिया दौरे पर भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना हो गए। इस दौरे से पहले पीएम मोदी ने भारत-रूस के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में आगे बढ़ी है। मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हूं। रूस के अलावा पीएम मोदी ऑस्ट्रिया दौरे पर भी जाएंगे। उन्होंने ऑस्ट्रिया को भारत का दृढ़ और विश्वसनीय भागीदार बताया। पीएम मोदी ने कहा, हम लोकतंत्र के आदर्शों को साझा करते हैं। मैं नए क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने की आशा करता हूं।

फ्रांस में त्रिशंकु संसद, अगला प्रधानमंत्री कौन

फ्रेंच मतदाताओं ने 30 जून और 7 जुलाई को दो चरणों में संसदीय चुनाव के लिए मतदान किया था। दूसरे दौर के मतदान के बाद वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट ने संसद में सर्वाधिक सीटें जीत ली हैं। इस मोर्चे को संसदीय चुनाव लडने के लिए 10 जून को ही लॉन्च किया गया था। रविवार को फ्रांस में संसदीय चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान कराया गया। मतदान के बाद आए नतीजों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी रेनेसां को बड़ा झटका लगा है। इस चुनाव में वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) ने सबसे अधिक सीटें जीत ली हैं। मरीन ले पेन की दक्षिणपंथी पार्टी दूसरे और राष्ट्रपति मैक्रों की पार्टी रेनेसां तीसरे स्थान पर रही। इन नतीजों के बाद फ्रांस राजनीतिक अनिश्चितता में फंस गया है, क्योंकि कोई भी पार्टी पूर्ण बहुमत हासिल करने के करीब नहीं पहुंच पाई है। फ्रांस में त्रिशंकु संसद के कारण राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई है। मौजूदा प्रधानमंत्री गैब्रिएल एत्तल ने अपने पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया है।

मणिपुर राहत शिविरों में पहुंचे राहुल गांधी

दौरे से पहले जिरिबाम में गोलीबारी

इंफाल। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के दौरे पर हैं। मणिपुर पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी के दौरे से पहले जिरिबाम क्षेत्र में सोमवार की सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। सुबह के साढ़े तीन बजे अज्ञात लोगों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी मैतेई इलाके में की गई। गोलीबारी की जानकारी पाकर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। सुबह के सात बजे तक सुरक्षाकर्मियों और बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी जारी रही। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाकों में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया। बता दें कि मणिपुर में पिछले एक साल से जातीय हिंसा जारी है।

राहुल गांधी के राहत शिविर में लोगों से मुलाकात को लेकर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देबब्रत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जिरिबाम में हाल ही में हुए हिंसा से प्रभावित लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी यहां आए। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर में स्थिति सामान्य हो गई है। सब ने इसे मान लिया। लेकिन तथ्य यह है कि राहत शिविरों के पीड़ितों ने अपनी कहानियां सुनाईं। उन्होंने बताया कि उनका सबकुछ तबाह हो चुका है। सरकार की तरफ से कुछ भी नहीं किया गया। राहुल गांधी ने पीडिञतों से उनकी कहानी सुनी। जिरिबाम ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

मुंबई में भारी बारिश के बीच 50 से ज्यादा उड़ानें रद्द और डायवर्ट

सड़कें भी डूबीं, सीएम शिंदे ने की बैठक

मुंबई । महाराष्ट्र के मुंबई में पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे ट्रैफिक जाम लग गया। भारी बारिश के कारण रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है। मानसून की स्थिति को देखते हुए स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिया गया है।

मुंबई में रविवार देर रात से ही भारी बारिश जारी है। रात के एक बजे से लेकर सुबह के सात बजे तक कई स्थानों पर 300 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण मुंबई के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। भारी बारिश के कारण दादर सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां सड़कों से लेकर रेलमार्गों तक पानी भरा हुआ है। ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, चार जवान बलिदान और छह घायल, मुठभेड़ जारी

जम्मू/कठुआ । जम्मू संभाग के जिला कठुआ के पहाड़ी इलाके में सैन्य वाहन पर आतंकियों ने हमला किया गया है। जवानों ने मौका संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की है। दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इस हमले में चार जवान बलिदान हो गए और छह जवान घायल बताए जा रहे हैं। अभी मुठभेड़ जारी है।

जिला कठुआ के कंडी क्षेत्र लोहाई मल्हार में जैंडा नाला के पास आतंकियों ने सैन्य वाहन को निशाना बनाया। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की अन्य टीमें भी मुठभेड़ स्थल के लिए पहुंचीं। इलाके की घेराबंदी कर ली गई है। आसपास के संपर्क मार्गों को भी अलर्ट कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर का यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। रक्षा अधिकारियों ने कहा, आतंकवादियों की गोलीबारी के बाद हमारे जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिक जानकारी का इंतजार है।

इस बीच कुलगाम में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में छह आतंकवादियों के मारे जाने के बाद 1एसईसी आरआर के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन के लिए एक बड़ा झटका है। इससे पहले रविवार कश्मीर ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका पर दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। राउज एवेन्यू कोर्ट सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका पर कल फैसला सुनाएगी। इससे पहले सीसीटीवी प्रोजेक्ट में रिश्वत लेने का आरोप भी सत्येंद्र जैन पर लगा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। भ्रष्टाचार निवारण सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित (पीओसी) अधिनियम के तहत जांच को मंजूरी दी गई है।

हॉकी टीम की नजरें स्वर्ण पदक पर

भारत ने हॉकी में जीते हैं सर्वाधिक पदक, टेनिस में अच्छा नहीं रहा है

नई दिल्ली । लंबे अरसे बाद टोक्यो 2020 में पदक का सूखा समाप्त करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की नजरें अब स्वर्ण पदक पर रहेंगी। भारत ने 1980 में मॉस्को ओलंपिक के बाद से इन खेलों में अब तक स्वर्ण नहीं जीता है। पेरिस ओलंपिक का काउंडटाउन शुरू हो चुका है और भारतीय दल इसके लिए पूरी तरह है। भारत को इस बार उम्मीद है कि पेरिस में खिलाड़ी अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वहीं, लंबे अरसे बाद टोक्यो 2020 में पदक का सूखा समाप्त करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की नजरें अब स्वर्ण पदक पर रहेंगी। भारत ने 1980 में मॉस्को ओलंपिक के बाद से इन खेलों में अब तक स्वर्ण नहीं जीता है। भारत अब तक हॉकी में कुल 12 पदक जीत चुका है जिसमें आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

गरमा - गरम

फैसले का इंतजार... *नीट-यूजी 2024 में कथित धांधली को लेकर सोमवार को सुको में सुनवाई*

प्रश्न-पत्र लीक तो हुआ, नीट-यूजी में धांधली को लेकर सुप्रीम टिप्पणी

नई दिल्ली । नीट-यूजी 2024 में कथित धांधली को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने कहा, एक बात तो साफ है कि प्रश्न-पत्र लीक हुआ है। सवाल यह है कि इसकी पहुंच कितनी व्यापक है? पेपर लीक होना एक स्वीकार्य तथ्य है। लीक की प्रकृति कुछ ऐसी है, जिसका हम पता लगा रहे हैं। आप केवल इसलिए पूरी परीक्षा रद्द नहीं कर सकते, क्योंकि दो छात्र धांधली में शामिल थे। इसलिए हमें लीक की प्रकृति के बारे में सावधान रहना चाहिए। दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले हमें लीक की सीमा के बारे में जानना होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि हम 23 लाख छात्रों के मामले को सुन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि केंद्र और एनटीए ने इस गड़बड़ी से किन-किन छात्रों को फायदा पहुंचा? यह जानने के लिए क्या कार्रवाई की?

लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए। कोर्ट ने पूछा कि ये छात्र कहां हैं? भौगोलिक तौर पर ये छात्र कहां कहां हैं? क्या हम अभी भी गलत काम करने वालों का पता लगा रहे हैं और क्या हम लाभार्थियों की पहचान कर भी पाएं हैं? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा को दोबारा से कराना सबसे आखिरी विकल्प होना चाहिए। मामले में जो कुछ भी हुआ, उसकी जांच देश भर के विशेषज्ञों की एक बहु-अनुशासनात्मक समिति से कराई जानी चाहिए।

क्या हम काउंसलिंग होने देंगे

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम पढ़ाई-लिखाई की सबसे प्रतिष्ठित शाखा से निपट रहे हैं। हर मध्यम वर्ग का व्यक्ति चाहता है कि उनके बच्चे या तो चिकित्सा या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें। यह मानते हुए कि हम परीक्षा रद्द नहीं करने जा रहे हैं। हम ऐसे लोगों की पहचान कैसे करेंगे, जिन्हें इस धांधली का फायदा हुआ है। क्या हम काउंसलिंग होने देंगे और अब तक क्या हुआ है?

भाजपा सांसद ने बंटवाई शराब, पुलिस ने पल्ला झाड़ा

बंगलूरू। भारतीय जनता पार्टी के सांसद के. सुधाकर ने अपनी जीत की खुशी में लोगों के बीच शराब बंटवाई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। उधर, पुलिस ने इस मामले से पल्ला झाड़ते हुए आबकारी विभाग को घेरा है। कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद के. सुधाकर ने अपनी जीत की खुशी में लोगों के बीच शराब बंटवाई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग कतार में खड़े हैं और उन्हें शराब की बोतलें परोसी जा रहीं हैं। उधर पुलिस ने इस मामले में अपनी गलती से साफ इनकार कर दिया है। पुलिस का कहना है कि यह आबकारी विभाग की जिम्मेदारी है ।

उत्तराखंड में खिसक रहे पहाड़, पानी-पानी मुंबई, बिहार में गुस्से में गंडक

नई दिल्ली। पहाड़ दरक रहे हैं, नदियां उफान पर हैं... देशभर के कई राज्यों में भारी बारिश के बाद हाहाकार मचा हुआ है. मुंबई पिछले भारी बारिश के कारण थम-सी गई है. असम में बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है और अबतक 66 लोगों की मौत हो चुकी है. उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद कई जिलों का संपर्क अन्य जगहों से कट गया है. नेपाल और उत्तराखंड के बांधों से छोड़े गये लाखों क्यूसेक पानी ने उत्तर प्रदेश के तराई और मैदानी इलाकों में बाढ़ के रूप में कहर बरपाना शुरू कर दिया है. बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान लगातार बारिश से कोसी, महानंदा, बागमती, गंडक, कमला बलान और कमला सहित अन्य प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता से देशभर में 'जल प्रलय' जैसे हालात हैं.

राजस्थान में भी जमकर गरज रहे बादल: राजस्थान में दक्षिण पश्चिम मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है और अनेक इलाकों में बारिश का दौर जारी है. बीते चौबीस घंटे में राज्य में सबसे अधिक 91 मिलीमीटर बारिश बांदीकुई में हुई. मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में राज्य में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्षा तथा भरतपुर और दौसा जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है. इस दौरान पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक 91 मिलीमीटर बारिश दौसा के बांदीकुई में , सिकराय में 76 मिलीमीटर व भरतपुर के भुसावर 91 मिलीमीटर हुई. इसी तरह पश्चिमी राजस्थान में सबसे अधिक 38 मिलीमीटर बारिश छतरगढ़ में हुई. राज्य में कई दिनों से जारी बारिश का असर तापमान पर भी पड़ा है और अधिकतम तापमान में काफी कमी आई है. मौसम केंद्र के अनुसार, फलोदी में पिछले 24 घंटों में राज्य में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन, कई जिलों से संपर्क टूटा: अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कई जिलों का सड़क संपर्क बाधित हो गया है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को शि-योमी जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई. राज्य में प्राकृतिक आपदाओं के कारण अप्रैल से अब तक चार

लोगों की मौत हो चुकी है. इसने बताया कि लोहित और अंजाव जिलों के मोमपानी क्षेत्र में तेजू-हयुलियांग सड़क बाधित है, जबकि क्रा दादी जिले में दरी-चंबांग से लांगडांग गांव पालिन-ताराक्लेंगडी जाने वाली सड़क भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गई है. एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी सियांग जिले के गेयिंग में राष्ट्रीय राजमार्ग-513 भी बाधित हो गया है. इस वर्ष अप्रैल से अब तक अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से 72,900 से अधिक लोग और 257 गांव प्रभावित हुए हैं. बाढ़ और भूस्खलन से सड़कों, पुलों, पुलियाओं, बिजली लाइनों, बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और जल आपूर्ति अवसरंचनाओं को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है. रिपोर्ट के अनुसार अब तक 160 सड़कें, 76 बिजली लाइनें, बिजली के 30 खंभे, तीन ट्रांसफार्मर, नौ पुल, 11 पुलिया और 147 जल आपूर्ति प्रणालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं. इसमें बताया गया कि इसके अलावा 627 कच्चे और 51 पक्के घर तथा 155 झोपड़ियों को नुकसान पहुंचा है.

पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने के कारण राज्य की राजधानी ईटानगर में लोग गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं. अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत का काम जारी है, लेकिन इसमें कई दिन लगेंगे.

यूपी में भारी बारिश के बीच उत्तराखंड ने छोड़ा लाखों क्यूसेक पानी: उत्तर प्रदेश में मानसून पिछले करीब एक हफ्ते से एक खासा सक्रिय है और मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के अनेक हिस्सों में बारिश हुई. अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश के अनेक स्थानों पर वर्षा होने का अनुमान है. इस बीच नेपाल और उत्तराखंड के बांधों से छोड़े गये लाखों क्यूसेक पानी ने उत्तर प्रदेश के तराई और मैदानी इलाकों में बाढ़ के रूप में कहर बरपाना शुरू कर दिया है. जलभरण क्षेत्रों में व्यापक वर्षा और बांधों से पानी छोड़े जाने से उफनाई नदियों की बाढ़ से प्रदेश में छह जिलों के अनेक गांव प्रभावित हुए हैं. उत्तराखण्ड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत जिले में शारदा नदी उफान पर है और उसकी बाढ़ का पानी 20 गांवों में घुस गया है. प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम 32 नौकाओं की मदद से काम कर रही है. बनबसा बैराज से छोड़े गये पानी से लखीमपुर खीरी में भी बाढ़ का असर दिख रहा है. यहां शारदा नदी खतरे के निशान को पार कर गयी है. नदी की बाढ़ से दो गांवों के पांच हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं.

असम में खतरे के निशान से ऊपर बह रही ब्रह्मपुत्र, बाढ़ से 66 लोगों की मौत

असम में बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है. स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही और 28 जिलों की लगभग 23 लाख की आबादी इससे प्रभावित हुई. एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई. बुलेटिन के अनुसार, अधिकतर नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है. राज्य में इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान में 78 लोगों की मौत हुई, जबकि इनमें से केवल बाढ़ के कारण 66 लोगों की मौत हुई. वर्तमान में, 28 जिलों में 3,446 गांवों के लगभग 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ की दूसरी लहर से 68,432.75 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न हो गई है. धुबरी में सबसे अधिक 7,54,791 लोग प्रभावित हुए, इसके बाद कछार में 1,77,928 लोग और बारपेटा में 1,34,328 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए. कुल 53,689 लोगों ने 269 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि राहत शिविरों में नहीं रह रहे 3,15,520 लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई है।

उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी के चलते चारधाम यात्रा हुई प्रभावित

उत्तराखंड में नदियां भी उफान पर हैं. जोशीमठ के पास विष्णु प्रयाग में अलकनंदा नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है. अलकनंदा विष्णु प्रयाग में धौली गंगा में मिल जाती है. उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में सात और आठ जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश होने संबंधी मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर चारधाम यात्रा रविवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई.हालांकि, अब यात्रा एक बार फिर शुरू कर दी गई है. गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने गढ़वाल मंडल में सात और आठ जुलाई को भारी बारिश होने का पूर्वानुमान किया है, इसके मद्देनजर सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया जाता है कि वे सात जुलाई को ऋषिकेश से आगे चारधाम यात्रा के लिए रवाना न हों. उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर निकल चुके हैं उन्हें मौसम ठीक होने तक उसी स्थान पर रुकना चाहिए।

सोने की खदान में हुआ भूस्खलन, 11 लोगों की हुई मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन होने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है।

अधिकारियों ने सोमवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी है। गोरोंटालो प्रांत की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रवक्ता अफीफुद्दीन इलाहुदे ने बताया कि इस प्रांत के दूरस्थ बोन बोलांगो में एक छोटी, पारंपरिक, सोने की खदान में एक गड्ढे में रविवार को करीब 33 ग्रामीण खुदाई कर रहे थे तभी आसपास की पहाड़ियों से कई टन मिट्टी गिरी और वो दब गए। इलाहुदे ने बताया कि बचावकर्मियों ने रविवार को दो घायलों को बचाया और सोमवार तक 11 शव बरामद किए गए हैं। बचाव टीमें अब भी 20 अन्य लोगों की तलाश कर रही हैं जो लापता बताए जा रहे हैं।

भारत-रूस दौरे के बीच मोदी-पुतिन की दो दशक पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर छाई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए हैं। इसकी जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। पीएम मोदी 8 और 9 जुलाई को मॉस्को के दौरे पर रहेंगे। जहां वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा वह मास्को में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। इसी बीच 'मोदी आर्काइव' नाम के एक्स सोशल मीडिया अकाउंट से प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा से जुड़ी एक दिलचस्प कहानी साझा की गई है।

इस पोस्ट में साल 2001 की भारत-रूस शिखर सम्मेलन की

फोटो भी शेयर की गई है। उस वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। फोटो में उनके अलावा तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और व्लादिमीर पुतिन भी नजर आ रहे हैं।

'मोदी आर्काइव' नाम के अकाउंट से पोस्ट करके लिखा गया, 'भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक संबंधों की गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान काफी मजबूत किया है। नरेंद्र मोदी की पहली रूस यात्रा 6 नवंबर 2001 को हुई थी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ मॉस्को गए थे। पोस्ट में आगे बताया गया कि 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी पहली मुलाकात थी। उन्होंने कहा कि एक छोटे से देश से होने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपेक्षाकृत नए होने के बावजूद राष्ट्रपति पुतिन ने उनके साथ बहुत सम्मान से पेश आए, जिससे दोनों देश के बीच दोस्ती के द्वार खुल गए।

इसमें बताया गया कि इस यात्रा के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी ने गुजरात और रूसी प्रांत आस्ट्राखान के बीच सहयोग के लिए एक प्रोटोकॉल समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिसमें दोनों पेट्रो एवं हाइड्रोकार्बन क्षेत्रों, व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में मिलकर काम

जो बाइडेन को नहीं मिल रहा अपनों का साथ

वाशिंगटन। डेमोक्रेटिक पार्टी के कम से कम पांच सांसदों ने रविवार को अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जो बाइडेन को बाहर हो जाना चाहिए। कई समाचारों में यह जानकारी दी गई है। अटलांटा में 27 जून को हुई बहस में रिपब्लिकन पार्टी से अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफबाइडेन के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा फोन कॉल पर की गई चर्चा के दौरान सांसदों- जेरी नाडलर, मार्क ताकानो, जो मोरेल, टेड लियू और एडम स्मिथ ने अपने विचार व्यक्त किए। बहस में अपने प्रदर्शन को खुद बाइडेन ने ''एक बुरी रात'' बताया है। उनकी लोकप्रियता की रेटिंग में गिरावट आई है और उनकी अपनी पार्टी के सहयोगियों ने उनके स्वास्थ्य और आगामी चार वर्षों तक शासन करने की उनकी क्षमता पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है।

न्यूज गैलरी

केजरीवाल को वकीलों से अतिरिक्त मीटिंग के लिए मिलेगी इजाजत? याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर जेल अधिकारियों से जवाब मांगा है जिसमें उन्होंने तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने वकीलों से दो अतिरिक्त कानूनी मुलाकातों की मांग की है। वह दिल्ली आबकारी नीति मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। आबकारी मामले में ईडी ने दिल्ली सीएम को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी कानूनी टीम के साथ दो और कानूनी बैठकों की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल और ईडी से जवाब मांगा है। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने पर केजरीवाल ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। केजरीवाल ने कहा कि उनके खिलाफ देश भर में 35 मामले चल रहे हैं और कानूनी रणनीति तैयार करने के लिए उन्हें अपनी टीम के साथ बैठक की जरूरत है।

खटीमा के चकरपुर से 100 लोगों का एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

खटीमा । उत्तराखंड में मानसून की भारी बारिश लगातार पूरे प्रदेश में अपना कहर दिखा रही है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक हर जगह भारी बारिश से परेशानी दिख रही है। उधमसिंह नगर के खटीमा में चकरपुर में लगभग 100 लोग भारी बारिश के कारण फंस गए थे। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम बैकअप के तौर पर उधमसिंह नगर के खटीमा में चकरपुर के अरविंद नगर पहुंची। उसके बाद लगभग 100 लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। दूसरी तरफ चंपावत के बनबसा में भी लगातार भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। यहां भी कई लोगों के फंसे होने की सूचना दी गई। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने 110 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। अभी एसडीआरएफ की पांच टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। भारी बारिश की चेतावनी के बाद आर्मी और एसडीआरएफ दोनों ही मोर्चा संभाले हुए है। वहीं, लोगों से सावधानी बरतने की अपील भी की गई है।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद चेन्नई पुलिस कमिश्नर का तबादला

नई दिल्ली। तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख के आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद से राज्य में बवाल जारी है। अब इस घटना के तीन दिन बाद चेन्नई पुलिस कमिश्नर का तबादला कर दिया गया है। एनडीआरएफ और सीआईएसएफ में कार्यरत आईपीएस अधिकारी संदीप राय राठौड़ की जगह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) ए अरुण लेंगे। पुलिस ने शनिवार को कहा कि चेन्नई में बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु प्रमुख की हत्या के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। के आर्मस्ट्रांग की 5 जुलाई को उनके घर के पास बाइक सवार लोगों ने हत्या कर दी। बता दें कि दोपहिया वाहन पर सवार कुछ लोगों ने आर्मस्ट्रांग के आवास के बाहर उन पर हमला कर दिया था, चेन्नई पुलिस इस मामले की लगातार जांच कर रही है। इस हत्याकांड में कल ही नया खुलासा हुआ और बताया जा रहा है के आर्मस्ट्रांग की हत्या के पीछे गैंगस्टर अर्कोट सुरेश के सहयोगियों की शामिल होने की आशंका है। गैंगस्टर अर्कोट सुरेश की पिछले साल हत्या कर दी गई थी और चेन्नई पुलिस के मुताबिक, सुरेश के सहयोगियों और परिवारजनों का मानना है कि गैंगस्टर की हत्या के आर्मस्ट्रांग के निर्देशन में की गई थी। ऐसे में पुलिस को शक है कि गैंगस्टर के भाई ने आर्मस्ट्रांग को मारकर पुरानी दुश्मनी निकाली है।

डिजिटल उपस्थिति के आदेश के खिलाफ उत्तर प्रदेश के शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा । उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सोमवार को सरकारी शिक्षक डिजिटल उपस्थिति को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन काली पट्टी बांधकर किया जा रहा है। इसके जरिए सभी शिक्षक इस आदेश के खिलाफ अपना रोष शासन के सामने जताएंगे। इससे पहले भी शिक्षक संघ और शिक्षकों ने सोशल मीडिया पर बॉयकॉट ऑनलाइन उपस्थिति को ट्रेंड करवाया था। डीजी स्कूल शिक्षा ने यह आदेश सभी बीएसए को भेजा है और सोमवार से यह आदेश लागू किया जाएगा जिसका विरोध सभी शिक्षक कर रहे हैं। शिक्षकों के मुताबिक बारिश का मौसम है और गांव के कई स्कूलों में जाने के लिए रास्ते तक नहीं है। इससे वहां साधन नहीं जा पता है। शिक्षकों का कहना है कि गांव के कई स्कूलों में जाने के लिए रास्ते तक नहीं हैं।

मणिपुर सालों से अपने प्रधानमंत्री की राह देख रहा : मनोज झा

पटना। राष्टीय जनता दल सांसद मनोज झा ने राहुल गांधी के मणिपुर दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जुबानी हमला बोला। इसके अलावा उन्होंने नीट के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। आरजेडी सांसद मनोज झा ने राहुल गांधी के मणिपुर दौरे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग पिछले कई सालों से अपने प्रधानमंत्री की राह देख रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री का फर्ज नहीं बनता की वह वहां जाएं? राहुल गांधी तीसरी बार वहां जा रहे हैं। पीएम मोदी मणिपुर नहीं जाते हैं, वह मणिपुर का जिक्र तक नहीं करते, लोगों को इससे दुख होता है। पीएम मोदी को यह समझना होगा कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के रूस दौरे पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेश जा रहे हैं, वहां घरेलू राजनीति की आलोचना नहीं करनी चाहिए। रूस से संबंधित बहुत सारे गंभीर विषय हैं, रुस-यूक्रेन युद्ध है, पाकिस्तान और रूस के बीच भी कुछ मामला चल रहा है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को इन सब मुद्दों पर बात करनी चाहिए। नीट को लेकर उन्होंने कहा कि मैं नतीजों का इंतजार कर रहा हूं। लाखों बच्चों के भविष्य के साथ इस सरकार ने खिलवाड़ किया। एनटीएस को फ्रॉड संस्था बताते हुए उन्होंने कहा कि इसको उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में फेंक देना चाहिए।

महिलाओं को पीरियड लीव मिलनी चाहिए या नहीं...? याचिका पर सुको ने केंद्र को दिए निर्देश

नई दिल्ली। महिलाओं को पीरियड लीव मिलना चाहिए या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिए है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को राज्यों और अन्य हितधारकों से परामर्श कर महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक आदर्श नीति तैयार करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने साफ कहा कि यह नीति से जुड़ा मुद्दा है और इस पर न्यायालय को विचार नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, महिलाओं को इस तरह की छुट्टी देने के बारे में स्ष्ट का ऐसा निर्णय प्रतिकूल और 'हानिकारक' साबित हो सकता है, क्योंकि नियोक्ता उन्हें काम पर रखने से बच सकते हैं।

वर्ली हिट एंड रन मामले के संदिग्ध मिहिर शाह के विदेश भागने की आशंका

मुंबई। मुंबई के वर्ली इलाके में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी, जिससे एक महिला की मौत हो गई। कार को मिहिर शाह चला रहा था। पुलिस को शक है कि मिहिर घटना के समय नशे में था। आरोपी अभी फरार है। उसे ढूंढने के लिए लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। वहीं, मिहिर के पिता राजेश और चालक राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर मेडिकल के लिए ले जाया गया।

आरोपी महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा है। राजेश और उनके चालक राजेंद्र सिंह बिजावत को पुलिस के साथ सहयोग न करने के लिए रविवार को गिरफ्तार किया गया और आज उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, लापरवाही से गाड़ी चलाने और सबूत नष्ट करने समेत अन्य धाराओं के तहत भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों को भी लागू किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मिहिर शाह ने बीती रात जुहू के एक बार में शराब पी थी। घर जाते समय उसने चालक से उसे लॉन्ग ड्राइव पर ले जाने को कहा। कार वर्ली आई तो मिहिर ने जोर देकर कहा कि वाहन को वह चलाएगा। इसके बाद तेज रफ्तार कार ने कुछ देर बाद एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। दोपहिया वाहन पर कावेरी नखवा और उनके पति प्रदीप नकवा सवार थे। जो वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके के निवासी थे।

दंपती मछुआरा समुदाय से थे। सुबह जब वे दोपहिया वाहन से काम पर जा रहे थे, तभी बीएमडब्ल्यू कार उनके वाहन से टकरा गई। इसके बाद दोनों हवा में उछल गए। कार का बोनट क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद कार ने कावेरी को कुचल दिया। फिर आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके पति प्रदीप को मामूली चोटें आईं। अधिकारी ने बताया कि राजेश शाह और बिजावत को रविवार को वर्ली पुलिस ने कथित तौर पर दुर्घटना के बाद मिहिर को भगाने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

चुनाव में मिली करारी हार के बाद बसपा ने पांच जिलों के संगठन में किए बड़े बदलाव

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। सोमवार को उसने पांच जिले की कार्यकारिणी में बदलाव किए। बसपा मुखिया मायावती ने 2027 के चुनाव के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। लखनऊ, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़ और उन्नाव के लिए नई जिला कमेटियां गठित की हैं।

बहुजन समाज पार्टी की तरफ से जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आदेश पर नई कार्यकारिणी बनाई गई है। लखनऊ की जिला कमेटी में बदलाव किए गए हैं और राकेश जायसवाल को इसका उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी की ओर से बताया गया कि रामशंकर गौतम को जिला सचिव बनाया गया है। इनके अलावा युसुफ गाजी को जिला खजांची नियुक्त किया गया है। विशाल कांशी और कुलदीप रावत को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। वहीं विजय चौधरी को बीवीएफ संयोजक और आरके बर्मन को जिला संयोजक बामसेफ बनाया गया है।

ऐसे ही उन्नाव जिले की जिला कमेटी में पदाधिकारीगण मनोनीत किए गए हैं। मूलचन्द्र लोधी को जिला उपाध्यक्ष सुदामा पासी को जिला महासचिव जबकि जिला सचिव अमर सिंह गौतम जिला

खजांची रईस वेग, जिला कार्यकारिणी सदस्य सतीश पासी और बीरेन्द्र गौतम बने हैं। जिला बी.वी.एफ संयोजक नरेश भारती और रामनरेश गौतम को जिला संयोजक बामसेफ बनाया गया है। रायबरेली की जिला कमेटी में रामविलास लोधी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला महासचिव की जिम्मेदारी संदीप कुमार रावत को मिली है। वहीं दिनेश पाल को जिला सचिव बनाया गया है। जिला खजांची मो. फारूख, जिला कार्यकारिणी सदस्य मंगल प्रसाद, चन्द्रकेश बने हैं। जिला बी.वी.एफ संयोजक अमरनाथ कोरी और बामसेफ का जिला संयोजक अनिल कान्त को बनाया गया है।

जनपद प्रतापगढ़ की जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष अनवर अली, जिला महासचिव नीरज पासी, जिला सचिव रामआसरे आर्या, जिला खजांची उमाकांत पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर पाल और बांके लाल पटेल बने हैं। जिला बीवीएफ संयोजक की जिम्मेदारी धर्मराज गौतम को मिली है। जबकि जिला संयोजक बामसेफ राजाराम गौतम बने है। इसी प्रकार प्रयागराज की जिला कमेटी में जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान, जिला महासचिव बुद्धि प्रकाश भारती (पासी), जिला सचिव आकाश वर्मा, जिला खजांची मनोज पाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य भोला चौधरी और अतुल कुमार बने हैं। जिला बीवीएफ संयोजक लालचंद गौतम बने हैं। जबकि बामसेफ का जिला संयोजक राम निवास को बनाया गया है। लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा को उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिली। पार्टी का वोट शेयर भी लगातार गिर रहा है। पार्टी ने नए सिरे से तैयारी शुरू कर दी है।

यूपी सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाई

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाने के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की है। सीएम योगी सरकार की एडवाइजरी के अनुसार, एक महीने तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे और धार्मिक गाने तय सीमा के भीतर बजाए जाएंगे। कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त तक चलेगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यात्रा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यात्रा शुरू होने वाले मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके अलावा 21 जुलाई की मध्य रात्रि से दिल्ली एक्सप्रेसवे, देहरादून एक्सप्रेसवे और चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

बातों...बातों...में..! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

अरुणदेव को ही छत्तीसगढ पुलिस की कमान...

नाम में अगर देव लगा है तो मानकर चलिए.. वही बाजी मारेगा। तुर्रा यह कि अरुण और नाम के साथ

देव भी लगा हो तो सोने पे सुहागा समझिये। डबल पावर नाम वाले को छ.ग.पु. की कमान हासिल करने से अब कोई नहीं रोक सकता। नाम के अलावा दरअसल चाल, चरित्र और चेहरे के मुताबिक भी अपने दो अन्य प्रतिस्पर्धियों से अरुणदेव को क्लीन स्वीप मिलेगी ही। फिर उनके नाम में अरुण भी है और देव भी है। निर्विवाद अरुणदेव का विवादों से कभी नाता भी नहीं रहा। प्रतिस्पर्धियों की तुलना में मातहत भी उन्हें ज्यादा पसन्द करते हैं। बातों ही बातों में हेडक्वार्टर के जानकार ने बोल ही दिया... एक की कंजूसी और धमतरी का चर्चित किस्सा तो दूसरे का बिलासपुर का किस्सा और राजनांदगांव में गलती से कुछ खा लेने के बाद की कहानी ऊपर तक पहुंच गई है।

दूसरे को विवाद से जुड़ने का खामियाजा...

डीजीपी बनने का ख्वाब लिए साहब राजस्थान से छत्तीसगढ़ तो आ गए। धमतरी एसपी रहते हुए उनके

रंगीलो राजस्थान वाले मूड की खासी चर्चा है। ससुराल पीड़ित प्रार्थिया के लिए उनकी उदारता ने मामले का कुछ और ही रुख अख्तियार कर लिया था। धमतरी के कारोबारी परिवार से लेकर उनके इस मामले की शौर्यगाथा की शिकायत वाली फाइल मंत्रालय तक पहुंच गई थी। काफी जद्दोजहद के बाद हाल ही में उन्हें इन सब से निजात मिली और कंजूसी से खाखी-खादी दोनों वाकिफ हैं। ऐसे में छ.ग.पु. की कमान के लिए भले ही दौड़ में हैं, लेकिन दूसरी पंक्ति में। उनके चाहने वालों ने तो बातों ही बातों में यह भी वमन किया कि साहब तो धमतरी केस के बाद कैडर चेंज करने तक का मन बना लिए थे।

तीसरे को प्यार और जहर ने ले डूबा...

इनके नाम में देव होने के बाद भी कोई जादू नहीं चला। हालांकि लिफाफा बंद रखा गया है.. रद्द नहीं

किया गया है। फिर भी बिलासपुर में इनकी प्यारभरी भूल, राजनांदगांव में जहरभरी गलती से वे पिछड़ गए हैं। वैसे भी छ.ग.पु. की कमांड ऐसी मानविक भूल करने वालों को नहीं दी जा सकती। ऊपर वाले भी नहीं चाहते कि फिर से कोई इतिहास दोहराया जाये, क्योंकि सब जानते हैं साहब के शौक। उनके लैपटॉप में लबरेज चीजें और किसी सिविलियन जैसे शौक वर्दी वाली नौकरी में पालना विभागीय दौड़ में पछाड़ने के लिए काफी होते हैं। फिर बीती सरकार में विवादों के बीच भी रवाना हो चुके लोगों से मेलजोल इस सरकार के कानों तक पहुंच गई है।

गोटीबाजी, गणितबाजी अब गुटबाजी...

बीजेपी देश की कैडर बेस्ड पार्टी कही जाती है, लेकिन केंद्र से लेकर कई राज्यों में वर्षों से सत्ता सुख

भोग रही बीजेपी में भी वही सब बुराइयां घुसपैठ कर गई हैं जिसके लिए सबसे पुरानी पार्टी बदनाम थी। गणितबाजी मंत्री बनने को लेकर हो रही है। वहीं गोटीबाजी किस मंत्री को खो करके उसे हासिल किया जाये इसके लिए तो गुटबाजी इसलिए कि ज्यादातर उनके ही लोग आये जिनसे बनती है। मिलजुलकर काम करने की भावना तो अच्छी है, लेकिन टंकराम, लक्ष्मी और श्यामबिहारी की अग्नि परीक्षा तय है और सांसदीय मिलने के बाद मिनिस्ट्री से चूक गए बिरजू की जगह भी भरने के लिए पार्टी में सब बेकरार हैं। राजेश तो इतने जज्बाती हो गए थे कि विधायक बनते ही पीडब्ल्यूडी अफसरों की बैठक घर पर ले लिए थे। बैठक में आये कई मलाईदार विभाग देख रहे अभियंताओं ने नजराना भी लाया था, वे अब सब ठगे महसूस कर रहे हैं। राजेश की तर्ज पर अमर, अजय, भी जल्दबाजी कर रहे हैं। वैसे अजय की प्रबल संभावना है, पर अमर के क्षेत्र से डिप्टी सीएम और केंद्रीय राज्य मंत्री हैं ऐसे में राह आसान नहीं। पुराने दिग्गज, नए बाजबहादुर अपनों के लिए जुट गए हैं।

अमरेश नहीं अमरेंद्र बाहुबली...

दोनों चुनावों के चंद रोज पहले ईडी का देशभर में कार्रवाई का जो सिलसिला चला वो शुरुआत में तो

बड़ा ही रोमांचक था। खबरनवीसों के लिए और अखबार का खबरों से दोंदर भरने वाली इस कार्रवाई में कैश भी मिला और पूछताछ भी खूब हुई। ईडी की नोटिस और उनके पूछताछ का खौफ भुक्तभोगी कोर्ट में सुनते भी रहे, लेकिन ईडी के कई मामलों में आरोपी बने लोगों को एक के बाद एक सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने से कार्रवाई पर ही सवाल उठने लगे थे। ऐसे में जो ईडी नहीं खोज निकाल पाई वह ईओडब्ल्यू ने जमीं खोदकर निकाल लिया। अब लगने लगा है कि पीएमओ वाले नृपेंद्र मिश्रा जी के आशीर्वाद रायपुर रेंज आईजी, ईओडब्ल्यू-एसीबी चीफ और सायबर पुलिस के प्रभारी अमरेंद्र बाहुबली ने साबित कर दिया कि रायपुर पुलिस ईडी से किसी भी तरह कमतर नहीं है। उनके मातहतों का कहना है जिला पुलिस के माईबाप भी हैं तो नकली होलोग्राम कहां दफ्न है ये सोर्स तो मिलना ही था....खोद कर निकाल लिए!

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

भूपेश बोले- सांय-सांय बिजली कटौती, साय से ऊपर वाला भी रूठा

- **पूर्व सीएम ने कहा-बिजली बिल से लग रहा 440 वोल्ट का झटका**
- **लालटेन लेकर पहुंचे भूपेश बघेल ने कहा- कटौती और दर में बढ़ोतरी से लोग परेशान**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा बिजली बिल में वृद्धि और बिजली सप्लाय में कटौती के मुद्दे पर जनआंदोलन किया। पुराने फायर ब्रिगेड चौक राजीव गांधी प्रतिमा के पास नागरिकों समर्थकों संग कांग्रेस नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोल किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विष्णु देव साय से ऊपर वाला भी रूठ गया है। पानी तक नहीं गिर रहा। बिजली बिल से जनता को 440 वॉट का झटका लग रहा है। लालटेन लेकर पहुंचे थे प्रदर्शन स्थल में पूर्व सीएम श्री बघेल।

धरना स्थल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही रायपुर मेयर एजाज ढेबर समेत कई पार्टी नेताओं, पार्षदों और पदाधिकारियों ने शिरकत की। अघोषित बिजली कटौती और दरों में बढ़ोतरी से जनता परेशान है। दीपक बैज ने कहा कि- कांग्रेस कार्यकाल में 1 पैसा बिजली बिल में नहीं बढ़ाया गया। वहीं रायपुर के बिजली दफ्तर के सामने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर साय सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

दुर्ग के पॉवर हाउस में भी कांग्रेसी धरने पर बैठे। बिलासपुर के जरहाभाठा स्थित राजीव गांधी चौक, रायगढ़ के रामनिवास टॉकीज के पास भी प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्रियों समेत तमाम बड़े नेता बिजली कटौती पर सवाल उठा रहे हैं। बघेल लगातार अपने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश की बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि साय सरकार में सांय-सांय बिजली कटौती हो रही है।

- गरियाबंद जिले में प्रदर्शन, कहा- कटौती हो रही सांय-सांय
- जांजगीर चांपा में बल्ब की माला पहनकर प्रदर्शन
- पूर्व मंत्री मोहन मरकाम कोंडागांव में धरने दिए कहा- 5 साल संकट नहीं आया
- रायपुर बिजली दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता नारेबाजी किये
- पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी बिजली दफ्तर पहुंच तो पुलिस मुस्तैद थी
- राजीव गांधी चौक से कांग्रेसियों ने पैदल मार्च शुरू किया सभी लालटेन लेकर बूढ़ापारा बिजली ऑफिस पहुंचे
- भूपेश बघेल, दीपक बैज समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता पैदल मार्च कर पहुंच रहे।
- अन्य दिग्गज कांग्रेसियों नेता, पूर्व मंत्री, विधायक प्रदर्शन कार्यक्रम में आने की बजाये खुद आयोजन में व्यस्त रहे।

छत्तीसगढ़ में पानी भी नहीं गिर रहा है

रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- आदिवासी मुख्यमंत्री हैं और आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है। विष्णु देव साय से ऊपर वाला भी रूठ गया, पानी तक नहीं गिर रहा। हमारी सरकार में कभी अकाल की स्थिति नहीं हुई, लेकिन विष्णुदेव सरकार से भगवान भी नाराज हैं, पानी तक नहीं गिर रहा है। जिस राज्य में कोयला उत्पादन, वहां बिजली कटौती हो रही।

आयुर्वेद चिकित्सालय में 1342 बच्चों का स्वर्णप्राशन

- **राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत हर पुष्य नक्षत्र तिथि में 0-16 वर्ष के बच्चों को कराया जाता है स्वर्णप्राशन**

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आज 1342 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है।

स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय

चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410 और 13 मई को 1256 और 10 जून को 1802 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

तबादले के बाद भी नहीं छूट रहा कोरबा का मोह

- **अफसर भी दे रहे रदद् कराने का भरपूर मौका**

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले कोरबा जिले से तबादला पर भेजे गए कुछ अधिकारी-कर्मचारी अभी भी जिले में ही जमे हुए हैं। यही नहीं, वे अपना तबादला रद्द कराने का भी प्रयास कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी इनको भरपूर मौका दे रहे हैं और रिलीव करने में कोताही बरत रहे हैं।

हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्य शासन ने तबादला आदेश जारी किया था। अनेक अधिकारी-कर्मचारी आदेश मिलते ही रिलीव होकर नए पद स्थापना स्थल पर चले गए, लेकिन कुछ अधिकारी रिलीव होने में लेट लतीफी करते रहे। इस बीच लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई और इसी की आड़ में वे सभी अपनी-अपनी जगह पर जमे रहे। अब आचार संहिता खत्म हो गई है, परन्तु तबादलाशुदा अधिकारी अभी भी रिलीव होने को तैयार नहीं हैं। अब वे जोरशोर के साथ तबादला रदद् कराने के प्रयास में जुट गए हैं।

वरिष्ठ अधिकार दे रहे सह

खास बात यह है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी इन्हें रिलीव करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। लगता है, अधिकारियों को भी किसी खास वजह से इनसे गहरा लगाव हो गया है। अब तक अधिकारियों के पास भी चुनाव आचार संहिता का बहाना था।

मगर आचार संहिता खत्म हुए भी एक माह का समय बीत गया है, फिर भी इन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है। अब शायद वे रिलीवर के नहीं आने का सजता से बहाना करेंगे।

महावृक्षारोपण अभियान

मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधों का किया जाएगा रोपण

- **छत्तीसगढ़ में 03 करोड़ 85 लाख पौधों का होगा रोपण**
- **राज्य में ''एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान 11 जुलाई से**

रायपुर/नवप्रदेश। ''एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक-से-अधिक पौधा रोपित कर राज्य को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2024 को ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ प्रारंभ किया गया। इस अभियान के तहत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों का रोपण किया जाना प्रस्तावित है। ''एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 85 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

राज्य में ''एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान 11 जुलाई शाम 4 बजे जैव विविधता पार्क, अटल नगर, नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य अतिथ्य में और अध्यक्ष वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। महावृक्षारोपण अभियान में अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा एवं सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अभनपुर, इंद्र कुमार साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री साय के द्वारा वृक्षारोपण स्थलों का नामकरण स्थानीय देवी-देवताओं के नाम से करने का आह्वान किया गया है। राज्य के सभी जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आम, जामुन, बेल, कटहल, सीताफल, अनार, शहतूत, बेर, तेन्दू, गंगाईमली जैसे फलदार पौधे तथा लघु वनोपज एवं औषधीय प्रजाति के पौधों जैसे- हर्रा, बहेड़ा, आंवला, नीम, पुत्रन्जीवा, काला सिरस, रीठा, चित्रक आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में छायादार प्रजातियां बरगद, पीपल, मौलश्री, कदम, पेल्ट्राफार्म, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन के साथ अन्य प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सभी स्कूलों, छात्रावासों, आंगनवाड़ी केन्द्र, पुलिस चौकी, अस्पताल, शासकीय परिसर, शासकीय एवं अशासकीय भूमि, विभिन्न अद्योगिक संस्थानों की रिक्त भूमि पर इस महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर के सेक्टर में निवेश बढ़ा, संबंधित कंपनी को मुनाफा

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री एक आश्चर्यजनक बदलाव से गुजर रहा है, जिसके प्रभाव को हम एक दशक बाद पीछे मुड़कर देखेंगे तो पूरी तरह से समझ पाएंगे। अगर इसकी समीक्षा की जाए तो कभी नहीं देखे गए इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपेक्स साइकल की शुरुआत हो चुकी है और यह आने वाले कई दशकों के लिए भारत के विकास की नींव रखेगा। विश्व स्तर पर बहुत कम क्षेत्र, सरकार की नीतियों से जुड़े हुए हैं जितना इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर जुड़ा है। इसलिए भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर के भविष्य के बारे में यह महत्वपूर्ण है कि यहां लाने के लिए नीतिगत बदलाव जरुरी थे।

दरअसल, साल 1991 में भारत के आर्थिक लिब्रलाइजेशन की शुरुआत हुई थी। उस समय के स्वर्गीय प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह द्वारा घोषित सुधारों को सामूहिक रूप से एलपीजी सुधार के रूप में जाना जाने लगा। ये लिब्रलाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन और ग्लोबलाइजेशन के लिए खड़े थे। बात अगर इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े ग्रुप अदाणी की करें तो 90 दशक की ये कंपनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी बनी साथ ही भारत की सबसे बड़ी एयरपोर्ट संचालक कंपनी भी है, जिसकी पैसेंजर ट्रैफ्रिक में 25त्न और एयर कार्गो में 40त्न हिस्सेदारी है। साथ ही भारत की सबसे बड़ी पोर्ट और लॉजिस्टिक्स कंपनी है, जिसकी राष्ट्रीय बाजार में हिस्सेदारी 30त्न है।

ये भारत की सबसे बड़ी इंटिग्रेटेड एनर्जी कंपनी है, जो उत्पादन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन, एलएनजी और एलपीजी टर्मिनलों और शहरी गैस और पाइप गैस वितरण में फैली हुई है। इतना ही नहीं ये भारत की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी हैं। इसके अलावा भी हम मेटल,

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार लिब्रलाइजेशन से पहले के तीन दशकों में भारतीय जीडीपी 7 गुना बढ़ी, उदारीकरण के बाद के तीन दशकों में हमारी जीडीपी 14 गुना तक बढ़ गई इसलिए लिब्रलाइजेशन की ताकत का सत्यापन इन आंकड़ों से बेहतर कोई नही कर सकता। इन सुधारों ने भारत के आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिन्हित किया और लाइसेंस राज को खत्म कर दिया, जिसने सरकार को लगभग हर उस एप्रूवल में शामिल देखा, जिसकी व्यवसायों को आवश्यकता थी। 1991 के मार्केट-फ्रेंडली रिफॉर्म्स की शुरुआत करके, भारत ने अपने प्राइवेट सेक्टर की क्षमता को अनलॉक कर दिया और इसके बाद के विस्तार के लिए प्लेटफार्म तैयार किया।

पेट्रोकेमिकल्स, एयरोस्पेस और डिफेंस, सुपर ऐप और इंडस्ट्रियल क्लाउड समेत कई दूसरे नए क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लिब्रलाइजेशन के बाद के दौर ने इसे फिर साबित कर दिया। पहले के जमाने की धीमी गति से चलने वाली ज्यादातर कंपनियां बाजार पर आधारित इस नई व्यवस्था में खुद को ढालने में नाकाम रहीं। या तो वो बिलकुल खत्म हो गईं या फिर अपनी पूरी क्षमता को हासिल नहीं कर पाईं। वहीं दूसरी तरफ आज की तारीख में भारत की कंपनियां, जो लिब्रलाइजेशन के बाद बनी हैं, वो काफी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इंडस्ट्री लीडर्स का मानना है कि आर्थिक वृद्धि जारी रखने के लिए ढांचागत सुधारों को जारी रखना होगा। इसके साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास भी करना होगा, जिससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। लेकिन इसके लिए जरुरत है सरकार को बजट में ढांचागत सुधारों, स्ट्रैटेजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सेंट्रल सेक्टरोल इंसेंटिव और रेशनल टैक्स सिस्टम को प्राथमिकता देने की। इसके जरिए भारत मौजूदा चुनौतियों का सामना कर सकता है और मजबूती से आगे बढ़ने के साथ लंबे समय में एक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बना रह सकता है। विकास के लिए सरकार का सबसे अधिक फोकस सड़क, हाईवे, रेल, दूसरी लॉजिस्टिक व्यवस्था, बिजली, एयरपोर्ट, बंदरगाह जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विस्तार पर रहा है और यह आगे भी जारी रहेगा। वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर चालू वित्त वर्ष 2023-24 के अपने कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास पर 43.9 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

सुविचार

दुख जीवन में इसलिए आते हैं कि ताकि हम सुख का महत्व समझ सकें। -अज्ञात

नदी जोड़ो परियोजना में लाएं तेजी

इस साल मानसून ने देश के आधे से ज्यादा हिस्से में तबाही मचा दी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र सहित राजस्थान और गुजरात में भी बाढ़ के हालात निर्मित हो गए हैं। इन राज्यों की नदियां खतरे के निशान को पार कर रही हैं। जिसकी वजह से जन धन की हानि हो रही है। अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सिर्फ असम में ही 78 लोगों की मौत हो चुकी है। भारी बारिश और बाढ़ के कारण 25 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। जिनके लिए लगभग 600 रिलीफ कैंप बनाने पड़े हैं। इंसान तो इंसान लाखों जानवर भी इससे प्रभावित हुए हैं। कमोबेश यहीं स्थिति उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की भी है। उत्तराखंड में तो लगातार भू-स्खलन की घटनाएं हो रही हैं। जिसकी वजह से चार धाम यात्रा रोकनी पड़ी है। प्रकृति का यह प्रकोप वाकई हैरत अंगेज है। इसकी वजह भी हम लोग ही हैं जो प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाने के कारण कभी सूखा तो कभी बाढ़ के रूप में प्राकृतिक आपदाएं आती रहती हैं। हमारा आपदा प्रबंधन तंत्र भी इसे रोकने में असफल हो जाता है। बारिश का मौसम अभी शुरू हुआ है। अभी से ऐसी स्थिति है तो आने वाले दिनों में यदि और ज्यादा बारिश होगी तो स्थिति किस कदर विकराल रूप धारण कर लेगी। इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। आने वाले सालों में तो ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण असंतुलन के कारण स्थिति और भी भयावह होने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में अब यह आवश्यक हो गया है कि भारत में नदियों को जोड़ने का अभियान तेज किया जाए और इसे जल्द से जल्द मूर्त रूप दिया जाए। इससे जिन राज्यों में ज्यादा बारिश होती है और बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है वहां की नदियों का पानी ऐसे राज्यों में आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। जो सूखे की चपेट में आते हैं। यह ठीक है कि नदी जोड़ो अभियान एक बेहद खर्चीला अभियान है लेकिन प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए इस अभियान को आगे बढ़ाना ही होगा। गौरतलब है कि लगभग डेढ़ सौ साल पहले ब्रिटिश शासन काल में एक अंग्रेज इंजीनियर ने भारत की प्रमुख नदियों को आपस में जोड़ने की परिकल्पना की थी। आजादी के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार ने भी नदियों को जोड़ने की परियोजना पर मंथन किया था, किन्तु इस पर राज्यों की सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद नदी जोड़ो परियोजना पर विचार करना ही बंद कर दिया गया था। 1999 में तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया। इसके लिए 5 लाख करोड़ की परियोजना बनाई गई, किन्तु उस पर काम शुरू होने से पहले ही एनडीए सरकार सत्ता से बाहर हो गई। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में बनी यूपीए सरकार ने नदी जोड़ो परियोजना को ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया। क्योंकि इसके लिए विभिन्न राज्यों की सरकारों ने सहमति नहीं दी थी। मनमोहन सिंह सरकार ने इस परियोजना पर सब की सहमति बनाने की कोशिश भी नहीं की और तात्कालीन पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने तो नदी जोड़ो परियोजना को विनाशकारी योजना बताकर इस परियोजना पर पलीता लगा दिया। 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी तो पीएम मोदी ने एक बार फिर नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया। किन्तु पिछले एक दशक के दौरान कुछ ही राज्यों में दो तीन नदियों को आपस में जोड़ने के काम की शुरूआत हो पाई। नतीजतन यह महत्वकांक्षी परियोजना अधर में ही लटकी रही और अब तो इसकी लागत बढ़कर दो गुनी से भी ज्यादा हो चुकी है। बहरहाल अब समय आ गया है कि नदी जोड़ो परियोजना पर तेजी से काम किया जाए।

अभिषेक शर्मा की विस्फोटक बल्लेबाजी

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम अपना पहला टी-20 मैच हार गई जिसे लेकर नए खिलाड़ियों से भरी टीम इंडिया की जमकर आलोचना हुई। किन्तु दूसरे ही दिन टीम इंडिया ने पलटवार किया और पहले मैच में जीरो पर आउट होने वाले ओपनर अभिषेक शर्मा ने विस्फोटक बल्लेबाजी कर तीसरा सबसे तेज शतक जड़ दिया। उन्होंने 33 गेंदों में 50 रन बनाए और उसके बाद सिर्फ 13 गेंद में 50 रन बनाकर शतक बनाया और एक नया कीर्तिमान रच दिया। अभिषेक शर्मा ऐसे पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। जिन्होंने अपनी पारी की शुरूआत छक्का लगाकर की और छक्कों की हैट्रिक लगाकर अपना शतक जड़ा। उनकी इस विस्फोटक पारी ने दिग्गज क्रिकेटरों का भी दिल जीत लिया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्य कुमार यादव ने अभिषेक शर्मा की इस शानदार बल्लेबाजी की जमकर प्रशंसा की है। आईपीएल मैचों में धूम मचाने वाले अभिषेक शर्मा को जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम में ओपनर के रूप में मौका दिया गया। जिसमें वे अपने पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने धमाल मचा दिया। इसी के साथ अब यह अटकलें लगाई जा रही है कि टी-20 से सन्यास लेने वाले रोहित शर्मा का विकल्प मिल गया है। यदि अभिषेक शर्मा इसी तरह का प्रदर्शन करते रहे तो वे रोहित शर्मा की जगह ले सकते हैं।

प्रेरक प्रसंग - जादुई पेंट ब्रश

एक गाँव में शैलेश नाम का एक युवा कलाकार रहता था। उसके पास एक विशेष कूंची(पेंटब्रश) था जो उसकी पेंटिंग्स को जीवंत बना सकता था। शैलेश ने सुंदर परिदृश्य, मैत्रीपूर्ण जानवर और रंग-बिरंगे फूल बनाने के लिए अपने जादुई ब्रश का उपयोग किया। उसने अपनी रचनाएँ ग्रामीणों के साथ साझा कीं, जिससे उनके जीवन में खुशियाँ आईं। एक दिन, शैलेश को एक दूर राज्य से एक पत्र मिला। राज्य सूखे से पीड़ित था, और लोग दुखी और निराश थे। उन्होंने शैलेश के जादुई ब्रश के बारे में सुना था और उन्हें उम्मीद थी कि वह उनकी मदद कर सकता है। शैलेश उनकी सहायता करने को तैयार हो गया फिर वह उस राज्य की यात्रा के लिए निकल पड़ा। राज्य पहुंच कर उसने खिले हुए फूलों और चमचमाती नदियों से भरे एक हरे-भरे, जीवंत बगीचे को चित्रित किया। जैसे ही वह समाप्त हुई, राज्य रंग और जीवन से जीवंत हो उठा। लोग बहुत खुश हुए और उनका उत्साह बढ़ गया क्योंकि भूमि एक बार फिर से समृद्ध हुई।

शैलेश की कहानी हमें सिखाती है कि रचनात्मकता और दयालुता दुनिया पर एक शक्तिशाली प्रभाव डाल सकती है। इससे उन लोगों के लिए खुशी और आशा लाई जा सकती है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

चन्द्रशेखर गंगराड़े

पूर्व प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ विधानसभा

> पूर्व में जब राजनैतिक दलों के सदस्य दल-बदल करते थे तो उस समस्या के निराकरण के लिए संविधान में दसवीं अनुसूची को शामिल करते हुए आंशिक तौर पर दल परिवर्तन को हतोत्साहित किया गया था लेकिन दल-बदल के मामले जब और बढ़ने लगे तो वर्ष 2003 में उसे और संशोधित करते हुए, यह प्रावधान कर दिया गया कि जब किसी विधान दल के कम से कम दो-तिहाई सदस्य विलय के लिए सहमत हों तभी उस दल के सदस्य अपने दल को छोड़ सकेंगे। इसमें यह भी प्रावधान है कि यदि कोई निर्दलीय सदस्य निर्वाचन के पश्चात, किसी राजनैतिक दल में सम्मिलित हो जाता है तो उसकी भी सदस्यता समाप्त हो जाती है और जब से संविधान में दल परिवर्तन के आधार पर सदस्यता समाप्त होने का प्रावधान वर्ष 2003 में जोड़ा गया है, दल परिवर्तन के मामले कम होते जा रहे हैं।

गठबंधन सरकार संवैधानिक पहलू

9 जून, 2024 को श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की सरकार ने शपथ ले ली है और उसी के साथ 18वी लोकसभा के गठन की अधिसूचना भी राष्ट्रपति द्वारा 6 जून, 2024 को जारी की जा चुकी है। 18वी लोकसभा हेतु संपन्न आम चुनाव में किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिलने के कारण चुनाव पूर्व राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का गठन हुआ था जिसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाईटेड), तेलगु देशम पार्टी, जन सेना, शिवसेना (शिंदे गुट), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट), राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (सोनेलाल), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), जनता दल (सेक्यूलर), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपतिनाथ पारस), राष्ट्रीय लोक दल, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया, असम गण परिषद, ए.जे.एस.यू., हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा (सेक्यूलर), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, तिपरा मोथा पार्टी, यूनाईटेड पीपुल्स पार्टी (यूनाईटेड) शामिल थे और चूंकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लोकसभा में स्पष्ट बहुमत मिला था इसलिए राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का अवसर दिया और इस प्रकार देश में 10 वर्षों के बाद पुनः गठबंधन सरकार का युग आ गया।

इस अवसर पर हम इस बात पर विचार करेंगे कि चुनाव में इस प्रकार के विभिन्न राजनैतिक दलों का जो गठबंधन बनता है, उसकी विधिक स्थिति क्या है विधिक दृष्टि से देखा जाये तो गठबंधन में ऐसे दल शामिल होते हैं, जिनकी विचारधारा परस्पर समान होती है या वे एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत एक-दूसरे की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए, एक साथ काम करने के लिए तैयार होते हैं। लेकिन उन पर कोई विधिक बंधन नहीं होता, वे जब चाहें गठबंधन से अलग हो सकते हैं और किसी दूसरे गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। इसीलिए गठबंधन सरकारों को स्थिर और मजबूत सरकार की श्रेणी में नहीं रखा जाता है। गठबंधन में शामिल दल अपने समर्थन की कीमत वसूल करना चाहते हैं और मुख्य दल के लिए यह संभव नहीं होता कि वे हमेशा गठबंधन में शामिल दलों की मांग पूरी कर सकें।

पूर्व में जब राजनैतिक दलों के सदस्य दल-बदल करते थे तो उस समस्या के निराकरण के लिए संविधान में दसवीं अनुसूची को शामिल करते हुए आंशिक तौर पर दल परिवर्तन को हतोत्साहित किया गया था लेकिन दल-बदल के मामले जब और बढ़ने लगे तो वर्ष 2003 में उसे और संशोधित करते हुए, यह प्रावधान कर दिया गया कि जब किसी विधान दल के कम से कम दो-तिहाई सदस्य विलय के लिए सहमत हों तभी उस दल के सदस्य अपने दल को छोड़ सकेंगे। इसमें यह भी प्रावधान है कि यदि कोई निर्दलीय सदस्य निर्वाचन के पश्चात, किसी राजनैतिक दल में सम्मिलित हो जाता है तो उसकी भी सदस्यता समाप्त हो जाती है और जब से संविधान में दल परिवर्तन के आधार पर सदस्यता समाप्त होने का प्रावधान वर्ष 2003 में जोड़ा गया है, दल परिवर्तन के मामले कम होते जा रहे हैं। लेकिन जब गठबंधन की सरकार बनती है तो गठबंधन में शामिल दलों पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं रहती है और वे कभी-भी उनकी शर्तें या मांगें पूरी न होने पर गठबंधन से अलग हो जाते हैं। जिससे सरकार अस्थिर हो जाती है। इसलिए चुनाव पूर्व जिन दलों को मिलाकर गठबंधन किया जाता है, उनका भी पंजीयन होना चाहिए। जैसे चुनाव में केवल वही राजनैतिक दल भाग लेते हैं, जिनका चुनाव आयोग में पंजीयन होता है।

> इसलिए मेरा यह मत है कि अब समय आ गया है, जब इस विषय पर चर्चा हो कि चुनाव पूर्व जो गठबंधन बनें, उसका चुनाव आयोग में पंजीयन हो और चुनाव के बाद यदि वे गठबंधन से किसी कारणवश अलग होते हैं तो उन पर भी दल परिवर्तन के आधार पर सदस्यता समाप्त होने की कार्यवाही हो ताकि स्थिरता बनी रहे और यदि चुनाव में किसी भी दल या चुनाव पूर्व बने गठबंधन को बहुमत न मिले और चुनाव के बाद मात्र सरकार बनाने के लिए गठबंधन किया जाये तो उसे भी कानून की परिधि में लाया जाये। इस प्रकार जहां सरकार में स्थिरता आयेगी, वहीं राजनैतिक शुचिता भी कायम रहेगी और सरकार मजबूती से निर्णय ले सकेगी। क्योंकि जिस प्रकार के पूर्व में हमारे सामने उदाहरण रहे हैं कि जब गठबंधन की सरकारें बनीं तो कभी-भी, किसी-भी दल ने समर्थन वापस ले लिया और ऐसे सिद्धांतहीन गठबंधन से देश में राजनैतिक नैतिकता का भी पतन हुआ और गठबंधन से कोई दल अलग हो तो उसकी मान्यता समाप्त हो या यदि वे गठबंधन से अलग होते हैं तो उन्हें इसका कोई लाभ न मिले।

इसलिए मेरा यह मत है कि अब समय आ गया है, जब इस विषय पर चर्चा हो कि चुनाव पूर्व जो गठबंधन बनें, उसका चुनाव आयोग में पंजीयन हो और चुनाव के बाद यदि वे गठबंधन से किसी कारणवश अलग होते हैं तो उन पर भी दल परिवर्तन के आधार पर सदस्यता समाप्त होने की कार्यवाही हो ताकि स्थिरता बनी रहे और यदि चुनाव में किसी भी दल या चुनाव पूर्व बने गठबंधन को बहुमत न मिले और चुनाव के बाद मात्र सरकार बनाने के लिए गठबंधन किया जाये तो उसे भी कानून की परिधि में लाया जाये। इस प्रकार जहां सरकार में स्थिरता आयेगी, वहीं राजनैतिक शुचिता भी कायम रहेगी और सरकार मजबूती से निर्णय ले सकेगी। क्योंकि जिस प्रकार के पूर्व में हमारे सामने उदाहरण रहे हैं कि जब गठबंधन की सरकारें बनीं तो कभी-भी, किसी-भी दल ने समर्थन वापस ले लिया और ऐसे सिद्धांतहीन गठबंधन से देश में राजनैतिक नैतिकता का भी पतन हुआ और गठबंधन से कोई दल अलग हो तो उसकी मान्यता समाप्त हो या यदि वे गठबंधन से अलग होते हैं तो उन्हें इसका कोई लाभ न मिले।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1533- धार्मिक उपदेशक चैतन्य देव का निधन 9 जुलाई 1533 को हुआ। 1819- सिलाई मशीन के आविष्?कारक एलायस हाउ का जन?म 9 जुलाई 1819 को हुआ। 1845- 1905 से 1910 ई. तक भारत का वाइसराय तथा गवर्नर-जनरल रहे लॉर्ड मिण्टो द्वितीय का जन्म 9 जुलाई 1845 को हुआ। 1875- भारत के पहला स्टॉक एक्सचेंज 'बम्बई स्टॉक एक्सचेंज' की स्थापना 9 जुलाई 1875 को हुई। 1877- पहली विंबल्डन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 9 जुलाई 1877 को हुआ। 1893- डेनियल विलियम्स ने 9 जुलाई 1893 में पहली बार बिना ऐनेस्थिसिया के ओपन हार्ट सर्जरी की। 1900- राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता, संसदीय मामलों के मंत्री तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल सत्य नारायण सिन्हा का जन?म 9 जुलाई 1900 को हुआ। 1923- दूसरी लोकसभा के सदस्य मानकभाई अग्रवाल का जन?म 9 जुलाई 1923 को हुआ। 1925- प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्देशक हिंदी फ़िल्मों में गुरु दत्त के नाम से प्रसिद्द वसंतकुमार शिवशंकर पादुकोण का जन?म 9 जुलाई 1925 को हुआ। 1930- भारतीय फ़िल्म निर्माता निर्देशक और पटकथा लेखक के. बालाचंदर का जन्म 9 जुलाई 1930 को हुआ। 1938- प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को हुआ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यों मौसम बारिशों का है मगर

यों मौसम बारिशों का है मगर लिपटी खिज़ाँ भी है। यही इक बात मेरे और दिल के दरमियाँ भी है बड़ी मुश्किल से होती बारिशें रहमत की उसके दर ज़मीं है शख़ूत वाँ दिल की मगर वो आसमाँ भी है। **सृष्टि सिंह**

बादल पिघला था कुछ ने कहा गरज

बादल पिघला था कुछ ने कहा गरज के बरसा मेघ कुछ ने ऋतू सावन-भादो था बताया तुम अंजान थे देवता रोया था मेरा तुहिन बिंदु को चखना कभी खारा था सागर सा जो पलक पर टिका फिर अविरल बहा था देवता रोया था मेरा आवाज़ कौंधी थी अभी या सन्नाटों में दरार था आसमान कम्पित था कैसा ये अश्रुपात था देवता रोया था मेरा।

नीरज वर्मा नीर

ख़ास पाती | मेरे दिल में तू है यहाँ से कहाँ

मेरे दिल में तू है यहाँ से कहाँ तक वहाँ से यहाँ तक मेरे दिल में तू है जहाँ से यहाँ तक मंज़िलों के तुम साथी तुम दीया और मैं बाती उम्रभर है साथ चलना तेरे संग ओ जीवनसाथी यहाँ से कहाँ तक वहाँ से यहाँ तक मेरे दिल मे तू है जहाँ से यहाँ तक !! मैंने सुबह ही आज लिखा और अपनी आवाज़ में लयबद्ध किया सुनों, मेरे दिल मे तू है!! **नंदिता तनूजा**

आदमी की भीड़ में गुम आज मैं

आदमी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ इक गली की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ आसमाँ पर चाँद -तारों से मिला था फ़ख्र से तीरगी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ आईना के सामने सब फ़ैशनेबुल लोग हैं सादगी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ मौत का मेला लगा है और सब ख़ामोश हैं ज़िन्दगी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ कैसे नफ़रत के शरारों से जली हैं बस्तियाँ अगलगी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ वोट के बदले मिले हैं चंद रुपये हाथ में इक ख़ुशी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ अश्क आँखों में लिए सहरा में मारा फिर रहा तश्नगी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ इश्क़ है 'ऐनुल' ग़ज़ल से दिल में बसती है मेरे शाइरी की भीड़ में गुम आज मैं हूँ क्या करूँ। **'ऐनुल' बरौलवी**

हाथरस दुर्घटना में मारे जाने वाले

हाथरस दुर्घटना में मारे जाने वाले नादानो/अंधभक्तों की निंदा करने वाले और सोशल मीडिया में उछल कूद मचाने वाले लोग भी इस भीड़ में होंगे वहा तो अनपढ़/कम पढ़े लिखे लोग रहे होंगे इस भीड़ में तो जींस, टी शर्ट,सूट बुट वाले भी रहे होंगे ना हादसे बताकर नहीं आते भीड़ का सिर्फएक ही धर्म होता हादसा। **शत्रुंजय तिवारी**

जिंदगी का कोई सार है

जिंदगी का कोई सार है कोई नमकीन सा खार है गिद्धों से बचाना है इसे जिस्म की यही पुकार है चलना अपने कदमों के साथ जैसे साथ में कोई पतवार है शांत मन परकटी चिड़िया हो मौन का भी मौन चीत्कार है छाती पर पिघलते है फफोले दुख सूखती नदी का धार है अपने पीठ पर एक आंख रखो दोस्तों में दुश्मन कई हजार है। **-प्रीति श्रीवास्तव**

सर्कस के बौने जोकर हाथ में एक

सर्कस के बौने जोकर हाथ में एक छोटा बल्ला रखते थे। जबतक खेल का दूसरा आईटम पेश हो,दर्शकों का ध्यान बंटाने के लिए दूसरे जोकर के पीछे दन् से प्रहार करते थे। बहुत तेज आवाज़ आती।बच्चा मन उस दर्द और दुःख से कराह उठता। रहस्य मालूम हुआ।बल्ला तीन परतों में फटा होता था,जो दिखता नहीं था?। भोले दर्शक । मनुष्य में दो ही जाति है। शासक और शासित। शेष जोकर का बल्ला। मृग कस्तूरी ही ढूंढता रहेगा। **शेष अमित**

चाँद भी होता है गोल जो अनगिनत

चाँद भी होता है गोल जो अनगिनत तारों का प्रेमी है सूरज भी होता है गोल जो हर दम धरा को करता है साराबोर पानी की बूँदें भी होती है गोल जो नवजीवन से सृष्टि को करती है अंकुरित आंखों की पुतलियों के गोल में चाहे अनचाहे भाव छुपे होते हैं मेरी गोल गुलाबी बिंदी में बसा हुआ है सौदर्य का अतिरेक मानो वह बिंदी नहीं पूरे ब्रह्मांड का विस्तार उसमें भरी हुई है संस्कृति और वह प्रतीक है मेरी सम्मान और स्वाभिमान का बिंदी में एक नहीं कई भाव छुपे हुए हैं प्रेम का प्रतीक बनके यह बिंदी उभरती है कभी करती निज समर्पण अनगिनत साँसें समाई हैं इस बिंदी में।

सरिता सैल

QUIZ TIME

1) जीवन समर्थ पहल हाल ही में किस संस्था ने शुरू की है?

2) अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है?

3) शक संवत के अनुसार अंतिम महीना कौन सा है?

4) भारत में मनीऑर्डर प्रणाली की शुरूआत किस वर्ष हुई?

5) अमेरिका ने किसकी जगह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) एसबीआईलाइफ (2) 04 जुलाई (3) फाल्गुन (4) 1880 (5) [illegible]

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:34, सूर्यास्तः 19:17, चन्द्रोदयः 07:19, चन्द्रास्तः 21:24, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः ?? वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), कलियुगाब्धः 5126, मास आषाढ, पक्ष शुक्ल, तिथि तृतीया (पूर्ण रात्रि), नक्षत्र पुष्य (06:03 से आश्लेशा), योग वज्र (26:06 से सिद्धि), प्रथम करण तैतिल (17:29 तक), द्वितीय करण गर (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य-मिथुन, चंद्र-कर्क, मंगल-मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु-वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र-कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु-मीन, केतु-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पूर्व (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम आश्लेषा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (डी, डू, डे, डो) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन भी थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संबंधो में चाह कर भी मधुरता नहीं रख पाएंगे।

वृषः आज के दिन खर्च विशेष रहेंगे लेकिन धन लाभ के अवसर भी मिलने से तालमेल बना रहेगा। कार्य क्षेत्र के साथ साथ घरेलु कार्य अधिक रहने से व्यस्तता बढ़ेगी।

मिथुनःआपके कार्यो में लचरता रहेगी। किसी भी निर्णय पर ज्यादा देर नही टिकेंगे। आप अपने ही गैर जिम्मेदार व्यवहार के कारण कष्ट उठाएंगे।

कर्कः आपका दिन आनंद से बीतेगा दिन के पूर्वार्ध में कार्य व्यवसाय बेहतर चलेगा । मध्यान का समय घरेलू आवश्यकताओ की पूर्ति करने में बीतेगा।

सिंहः आप किसी के बहकावे अथवा प्रलोभन में ना आये संवेदनशीलता अधिक रहने से आँख बंद करके किसी भी कार्य के लिए सहमति ना दें अन्यथा भारी हानि हो सकती है।

कन्याः आज का दिन सामान्य से अधिक शुभ फल देने वाला रहेगा। सामाजिक,व्यावसायिक क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुअवसर मिलेगा।

तुलाःआज आपको सरकारी कार्यो से आकस्मिक लाभ होगा। पिता से संबंध बेहतर होने का लाभ मिलेगा।

वृश्चिकःआज के दिन आप लाभ-हानि की परवाह नही करेंगे। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे।

धनुःआपका आज का दिन शारीरिक रूप से अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही आँख में जलन अथवा अंगों में दर्द रहने से निष्क्रियता रहेगी।

मकरःआज आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर स्वास्थ्य अनुभव करेंगे। बड़े लोगो से व्यवहारिक ज्ञान मिलेगा।

कुंभःआज के दिन सेहत में थोड़ी गिरावट रह सकती है। परंतु बाकि सब कार्य एवं व्यवहार यथावत चलते रहेंगे।

मीनः आज का दिन मिश्रित फल देगा। दिन के पूर्वार्ध में पूर्व में बनाई योजनाये सही दिशा में आगे बढ़ेगी। कुछ समय बाद किसी के विरोध अथवा अन्य कारणों से इनमे बदलाव करना पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (भतीजा) जो वर्तमान में न भर सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गीला 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, नहाने वाली 24. पैसा नहीं पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हल्का, पतला

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, त्रास रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार काट, खून खराबा 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 111 का हल

न्यूज गैलरी

जनसमस्या निवारण शिविर

रिसाली। नगर पालिक निगम क्षेत्र में जन समस्या निवारण शिविर अलग-अलग वार्ड में लगाया जाएगा। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्ग दर्शन में पहला शिविर 10 जुलाई बुधवार को पुरैना के सामुदायिक भवन में आयोजित है। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चलने वाले शिविर में आम नागरिक अतिक्रमण, राजस्व से संबंधित, साफ सफाई, स्ट्रीट लाईट, भवन अनुज्ञा, नल कनेक्शन, पेंशन से संबंधित, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, पी.एम. स्वनिधि, लखपति दीदी ऋण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

14 को वार्षिक आम सभा

भिलाई। पंजाबी भाईचारा समिति की वार्षिक आम सभा 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से गुरुनानक सार्वजनिक धर्मशाला परिसर, हॉस्पिटल सेक्टर, भिलाई नगर में आयोजित की गई है। इसमें पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव 2024-27 के लिए कराया जाएगा।

अब तक 126.1 मिमी वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 126.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 244.1 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 68.4 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। 8 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.5 मिमी, तहसील धमधा में 8.4 मिमी, तहसील पाटन में 15.1 मिमी, तहसील बोरी में 7.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 1.6 मिमी एवं अहिवारा में 12.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

दिवंगत पार्षद को दी श्रद्धांजलि

रिसाली। निगम वार्ड 34 के दिवंगत पार्षद डोमन बारले को निगम परिवार ने श्रद्धांजली दी। मुख्य कार्यालय में दोपहर 1 बजे शोक सभा का आयोजन किया गया। महापौर शशि सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनिल दुबे, निगम सचिव रोहित साहू समेत निगम के अधिकारी कर्मचारी ने शोक सभा को संबोधित किया। श्रद्धांजली देने अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस पर बांटे 5 सौ पौधे

भिलाई। अनुभूतिश्री फाउंडेशन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था द्वारा पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए लगभग 500 पौधों का निःशुल्क वितरण किया। डीपीएस चौक के कपिश्वर धाम, हनुमान मंदिर के सामने राहगीरों व स्थानीय लोगों को पौधे बांटे गए। अनेक लोगों ने मौके पर इसका रोपण भी किया। संस्था के सदस्यों ने सड़क पर पौधों का लंगर के नाम की तख्तियां लेकर लोगों को पौधे ले जाने के लिए आकर्षित किया। कार्यक्रम में डिंपल कौर, रंजना पटेल, माया कौर, निखिता कौर, अनिता साहू, अनिंदर कौर, हरिंदर कौर, विजया शुक्ला, उषा वेल्ली, गंगोत्री सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

गोदाम में चोरी, कैमरे में कैद

भिलाई। स्मृतिनगर क्षेत्र के मॉडल टाउन स्थित नेहरू नगर के एक इलेक्ट्रिक शॉप के गोदाम में चोरी हो गई है। दुकान संचालक कामेश कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 ए तथा 331 (3) के तहत अपराध दर्ज किया है। सुपेला थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि कामेश अपने गोदाम पहुंचे तो देखा कि गोदाम का ताला टूटा हुआ हैं। अज्ञात चोर गोदाम में रखे तांबे का तार, स्वीच बॉक्स, एसी बॉक्स बोरी में भरकर ले गया था। गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज में साजन बैरागी निवासी बाम्बे आवास नेहरू नगर चोरी करते दिखा।

बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। बिजली दरों में बढ़ोती और कटौती बढ़ने के लेकर कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दुर्ग भिलाई में अलग-अलग ब्लॉक वाइज धरना प्रदर्शन दिया गया। आयोजित धरने में विधायक देवेंद्र यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ छावनी से रैली निकाली। रैली लेकर वो सीधे बिजली ऑफिस पहुंचे और अधिकारियों से बिजली कटौती की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद उसकी दर में वृद्धि की गई है। बार-बार बिजली कटौती से किसान और जनता परेशान है।

विधायक ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में बिजली की दरों में वृद्धि हुई है साथ ही बिजली की कटौती भी दिन में बार-बार होने लगी है। इससे आम जनता परेशान है। कांग्रेस शासन काल में बिजली बिल आधा की योजना लोगों को मिल रही थी। उसे भी भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी जैसा निर्देश देगी उसके मुताबिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि विद्युत विभाग ने विद्युत दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी दिया है। इसके बाद से कांग्रेस के द्वारा प्रदेश सरकार को घेरा जा रहा है। इसके साथ ही लगातार हो रही बिजली कटौती और बढ़े हुए विद्युत दर को लेकर आज कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन विद्युत कार्यालय के सामने किया गया और जमकर नारेबाजी की गई।

कई जगह हुआ धरना प्रदर्शन

बिजली बिल में बढ़ोती को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने अलग-अलग कई जगहों पर धरना धिया। जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और बदरुद्दीन कुरैशी की मौजदूगी में पावर हाउस में धरना दिया गया। विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में भिलाई के छावनी एरिया में धरना दिया गया। इस दौरान महापौर नीरज पाल, एआईसीसी सदस्य अरुण सिंह सिसोदिया, नीता लोधी राजेंद्र परगनिहा, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अतुलचन्द साहू, फारूक खान, एमआईसी सदस्य पार्षद संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, पार्षद सेवन ठाकुर, सूर्यकांत सिंहा, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव शिखा राय, नरेश सगरवंशी, प्रदेश महामंत्री कोतेश्वर राव, ब्लॉक उपाध्यक्ष नागेन्द्र गुप्ता, महासचिव लखपति सोना, जिला सचिव राजू पाल, युकां जिला उपाध्यक्ष सोएंब मोहम्मद खान, राकेश ठाकुर शामिल हुए।

मजदूरों ने अपना मेहनताना दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 171 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम कौही निवासी आवेदिका ने शारीरिक एवं मंद बुद्धि के चलते पेंशन राशि हेतु आवेदन दिया। अपने पिता के साथ पहुंची आवेदिका, जो कि शारीरिक एवं मंद बुद्धि से ग्रस्त है। पिता ने बताया कि पेंशन राशि के लिए ग्राम पंचायत कौही आवेदन दिया गया था, किंतु आज दिनांक तक इसका लाभ प्राप्त नही हो पाया है। दोनों ही प्रकरणों में कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। मजदूरी पैसा दिलाने आवेदन लेकर पहुंचे मजदूरों ने बताया कि ग्राम निपानी मंडी के धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित उपार्जन केन्द्र में हमाली का कार्य करते है। समिति के नियम अनुसार सभी मजदूर आपसी सलाह से किसी एक के खाते में मजदूरी का पैसा ट्रांसफर होने के पश्चात अपने-अपने हिस्से के बंटवारे की बात हुई थी। मेहनताना की पहली किश्त प्राप्त होने पर सभी ने अपने-अपने हिस्से का बंटवारा किया, किंतु दूसरी किश्त आने पर पैसे मंगे जाने पर पैसा नही देने की बात करने लगे, जिससे सभी मजदूर बहुत परेशान और दुखी हैं। कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को तत्काल परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम परसदा निवासियों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि रोड के किनारे स्कूल संचालित होने के कारण बच्चों का आना जाना लगा रहता है।

सेजस में वन महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। सेजस जंजगीरी में शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रस्तावित वन महोत्सव का कार्यक्रम तथा साथ में ही नो प्लास्टिक कैंपेन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक स्टाफ व सभी वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रातः ही विशेष प्रार्थना सभा रखी गई जिसमें अंजना राय, वसुंधरा एवं सविता देवांगन ने पेड़ों के महत्व, लाभ व उनके संरक्षण विषय में बच्चों को जानकारी दी। सभी विद्यार्थी घर से एक-एक पौधा लेकर आए थे। उन्होंने इन पौधों को विद्यालय परिसर में लगाकर उसमें अपने नाम की तख्ती भी लगाई। ताकि वह उन पौधों की अच्छी तरह देखभाल कर सके। विपुल, तृप्ति, हिमांशु, दर्शना के पर्यवेक्षक में सभी विद्यार्थियों ने वन महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मिनी गोपीनाथ ने भी एक पौधा लगाया तथा पौधे को वृक्ष बनते तक जीवित रखने का प्रण भी किया ।उन्होंने बच्चों को भी पौधों को जीवित रखने तथा देखभाल करने की बात कही । उन्होंने बताया कि वन महोत्सव का अर्थ पेड़ों का त्यौहार होता है , यह भारत में जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है।

फैक्ट्री में मजदूर की मौत, परिजनों पर लाठीचार्ज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री के अंदर मजदूर की मौत मामले में देर रात जमकर बवाल हुआ। मृतक के परिजन शव रखकर फैक्ट्री के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने शव को ले जाने की कोशिश की तो परिजनों ने विरोध किया। इस पर पुलिस ने उनपर जमकर लाठियां भांज दी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कंपनी संचालक से मिलीभगत का आरोप लगाया है। रविंद्र वर्मा हथखोज के भिलाई आयरन स्टील प्रोसेसिंग कंपनी में मजदूर था। फैक्ट्री में रविवार दोपहर उसके ऊपर लोहे की भारी चीज गिरी। सिर फटने से उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया और 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की थी। फैक्ट्री संचालक ने जब 50 लाख मुआवजा देने से मना किया तो पीड़ित पक्ष फैक्ट्री के बाहर धरने पर बैठ गया। धीरे-धीरे उनके साथ कई सामाजिक और राजनीतिक संगठन भी जुड़ गए। मामला बढ़ता देख जामुल, छावनी सहित कई थानों से पुलिस बल को बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाया, लेकिन वो नहीं माने।

इसके बाद रात होने पर पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने शव को मॉर्चुरी भिजवाने की बात कही, फिर भी परिजन नहीं माने, उन्होंने कहा कि जब तक मुआवजे नहीं मिलता वो लोग शव को नहीं हटाएंगे। पुलिस ने एंबुलेंस में रखे शव को ले जाने की कोशिश की तो कुछ लोग एंबुलेंस के आगे लेट गए। इस पर पुलिस के जवानों ने उन पर जमकर लाठी भांजी। पुलिस के लाठी चार्ज के बाद पूरी भीड़ इधर उधर हो गई।

नपा अध्यक्ष ने पीआईसी की बैठक में दी प्रस्तावों पर स्वीकृति

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका परिषद में प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन अध्यक्ष के कक्ष में किया गया। बैठक में कुल चालीस विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर विकास को प्राथमिकता में रखते हुए सभी प्रस्तावों का स्वीकृति एवं अनुमोदन किया गया है। जिनमें विशेष रूप से उप मुख्यमंत्री की घोषणा अधोसंरचना मद अटल चौक स्थापना एवं नगर में भक्त माता कर्मा चौक, बाजार चौक रावणभाठा में सौ फीट तिरंगा झंडा, भगवान परशु राम चौक, महाराणा प्रताप चौक सौंदर्यीकरण एवं बैडमिंटन कोर्ट के लिए लगभग एक करोड़ पचास लाख रूपये लागत का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। साथ ही मुलभुत कार्यो के लिए क्रय सामग्री के लिए पछहत्तर लाख रूपये व्यय दर का अनुमोदन किया गया । साथ ही अन्य कार्य जैसे बोर खनन, मार्ग निर्माण, कब्जा मुक्त, जमीन में हट्री बाजार, शासकीय महाविद्यालय के लिए फर्नीचर क्रय, दीदी बर्तन बैंक हेतु क्रय राशि का अनुमोदन, सफाई कर्मचारियों की सुविधा के लिए ईपीएफ एवं ईएसआईसी अंशदान जमा करने एवं प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रण, समग्र शिक्षा अंतर्गत शाला उन्नयन हेतु स्वीकृति प्रदान किया। इसके साथ ही फिल्टर प्लांट संधारण एवं उन्नयन सहित एवं अन्य कार्यो हेतु राशि 20 लाख रूपये की प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया है। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि मुक्तिधाम के उन्नयन हेतु अपने स्वयं के निधि से राशि उन्नीस लाख पन्चानवे हजार के प्राक्कलन को स्वीकृत किया गया है। पीआईसी की बैठक में मुख्य रूप से आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, जलकार्य प्रभारी अहिल्या वर्मा, राजस्व प्रभारी एवं बाजार प्रभारी कविता विश्वाल, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रभारी शांति टंडन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियोजन प्रभारी चुम्मन वर्मा सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता गण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

झांसा देकर शिक्षक से लाखों की ठगी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्राम देउरझाल के एक शिक्षक को लाखों प्रॉफिट का झांसा देकर 11 लाख रुपये ठग लिए गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर उतई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में लिया है।पीड़ित ओमन कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर विखं डौण्डी जिला बालोद में शिक्षक हैं।

पुलिस के मुताबिक ग्राम देउरझाल उतई निवासी ओमन कुमार मारकंडे को शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ दिलाने का झांसा दिया गया है। उनसे अज्ञात आरोपियों ने 11 लाख 17 हजार 285 रुपए की ठगी की है। ठगी के शिकार मास्टर ने बताया है कि उसे मोबाइल पर आरोपी ने वाट्सअप ग्रुप वेल्थ समिट ए-65 के नाम से जोड़ा। ग्रुप में संजय शर्मा, लीला नंदी, पूजा गुमा एडमिन थे, जिन्होंने पीड़ित को शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर अधिक लाभ होना बताया।

ओमन को झांसे में लेने के बाद आरोपियों ने फेसबुक और वाट्सऐप ग्रुप के जरिए लिंक भेजा तो 10 अप्रैल से 28 मई 2024 के बीच पीड़ित ने आरोपियों के द्वारा बताए विभिन्न खातों में 11 लाख 17 हजार 285 रुपए जमा कराया।

आरोपियों ने टीचर को इंस्टीट्यूशनल शेयर मार्केट ट्रेडिंग कराने का भी प्रलोभन दिया था। पीड़ित ओमन कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर विखं डौण्डी जिला बालोद में शिक्षक हैं।

महापौर ने महाविद्यालय में किया वृक्षारोपण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा अंर्तगत घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया एवं स्वयंसेवकों के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। आयोजन में मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल ने फलदार पौधे का वृक्षारोपण किया एवं स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है यह जीवन दायिनी है इसलिए पौधों की रक्षा करना हमारी महती जिम्मेदारी है। इस दौरान एमआईसी सदस्य दीपक साहू,संजय कोहले पार्षद ने भी वृक्षारोपण कर बच्चों को वृक्ष रक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने 'एक पेड़ मां के नाम 'कहकर सभी को पौधे लगाने का आह्वान किया है इसलिए हम सभी को हर शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए,दयानंद शिक्षा समिति के विधिक सलाहकार डॉ नागेन्द्र शर्मा के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

विनिवेश की कार्यवाही से नाराज कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव ने फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड का निजीकरण एवं विनिवेश के संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखा है और उन्हें कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक उपक्रम के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। विधायक ने कर्मचारियों की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें यह कहा गया है कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) इस्पात मंत्रालय के अधीनस्थ एक अर्ध शासकीय सहयोगी उपक्रम है। यह संस्था स्टील उपक्रम जैसे सेल, आर आईएनएल एवं एनएमडीसी में स्क्रैप प्रदान करने का कार्य करती है। यहां कार्य करने वाले कर्मचारी योग्य और अनुभवी है। यहां कर्मचारी उद्योग अधिनियम के अंतर्गत ही अपनी सेवाएं देते है। यह संस्था कभी घाटे में भी नहीं रही। फिर भी केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान में एफएसएनएल का निजीकरण किए जाने के उद्देश्य से भर्तियों पर रोक लगा दी और अब लाभ देने वाली इस सार्वजनिक उपक्रम को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी चल रही है। जो कि कर्मचारियों की हित और स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टिकोण से उचित नहीं है। विधायक ने कहा है कि निजीकरण और भर्ती पर रोक लगाने के विरोध में कर्मचारियों ने समय-समय पर ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। इसके बावजूद कर्मचारियों के हित और उनके भविष्य को नजरअंदाज कर सार्वजनिक क्षेत्र के इस उपक्रम को विनिवेश एवं निजीकरण करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। जिसे लेकर वहां काम करने वाले कर्मचारियों में भारी आक्रोश आक्रोश है। अतः कर्मचारियों हितों को ध्यान में रखते हुए सेल के साथ रणनीतिक विलय पर तत्काल रोक लगाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई किया जाए।

खनंग के घर बोनसाई प्लांट देखने आते हैं लोग

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अभय खनंग विगत 40 वर्षो से अपने घर की छत पर विभिन्न प्रकार के बोनसाई, कैक्टस, सजावटी, औषधि, धार्मिक पौधो की देखभाल कर रहे हैं साथ मे पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी कार्य करते हैं। इन्होने आमजनता, विद्याथियों को, शैक्षणिक संस्था में बोनसाई प्रशिक्षण का कार्य भी किया है। इनके बोनसाई को पुष्प प्रदर्शनी में कई पुरुस्कार प्राप्त हुए है। इनके पौधो के अनूठे संग्रह को देखने तथा सलाह लेने लोग आते रहते है। पर्यावरण के प्रति प्रेम इनके लिए प्रेरणा बना जिसके कारण ये अपने पौधो को अपने बच्चे जैसा मानते है। 40 प्रजाति के कैक्टस, 20 प्रकार के बोनसाई विशेष है, 400 से 500 पौधो के संरक्षण अपने घर की छत पर कर रहे है।

शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु इस्पात संयंत्र का एक सशक्त कदम

■ भिलाई इस्पात संयंत्र एवं ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के स्टील एजुकेशन सोसाइटी एवं अक्षय पात्र की सहयोगी संस्था ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन के बीच 8 जुलाई को इस्पात भवन के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन के सभागार में एक एमओयू मेमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग साइन किए गए। रथ यात्रा उत्सव के शुभ अवसर पर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक (टीएसडी एवं सीएसआर) जेवाय सपकाले के सम्मुख इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे, स्टील एजुकेशन सोसाइटी की सचिव एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री के सुपर्णा तथा अक्षय पात्र एवं ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन की ओर से रीजनल प्रेसिडेंट (अक्षय पात्र एवं ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन) स्वामी व्योमपाद दास द्वारा इस एमओयू पर साइन किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक एफएंडए डीएन करन, महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन नायर, महाप्रबंधक ईडी एचआर दृ सचिवालय एचशेखर, महाप्रबंधक जनसम्पर्क विभाग प्रशांत तिवारी, उपमहाप्रबंधक (इंटरनल ऑडिट) गगन गोयल, सहायक महाप्रबंधक ईडी एचआर दृ सचिवालय केके साहू, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कामड़े तथा उपप्रबंधक सीएसआर केके वर्मा मौजूद रहे। साथ ही बीएसपी शिक्षा विभाग की ओर से उपप्रबंधक शिक्षा अशोक सिंह, उपप्रबंधक विभा कटियार, प्राचार्या सेक्टर 10 सुमिता सरकार तथा अक्षय पात्र की ओर से स्वामी गोपावृंदा पाल दास, वृंदा अनिल, स्वामी लोकनाथ दास, अनिल विश्वनाथन उपस्थित थे। सेक्टर 6 एवं सेक्टर 11 खुर्सीपार में स्थित भिलाई इस्पात विकास विद्यालय को इस्पात संयंत्र द्वारा प्रारंभ किया था। सेक्टर 6 स्थित इस्पात विकास विद्यालय को 7 जुलाई 2007 एवं सेक्टर 11 इस्पात विकास विद्यालय को 30 अप्रैल 2011 में प्रारंभ किया गया था। यह दोनों स्कूल कमजोर वर्ग के निर्धन बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम में एक बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया था। अब इस एमओयू के अनुसार इन स्कूलों के सम्पूर्ण प्रबंधन का कार्य, देशव्यापी संस्था अक्षय पात्र फाउंडेशन की एक सहयोगी संस्था महान भारत प्रतिभा फाउंडेशन (ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन) द्वारा संचालित किया जाएगा। ज्ञात हो कि मान्यता प्राप्त यह संस्था, त्रिपुरा में महान भारत प्रतिभा विद्यालय, काशीराम पारा नाम से एवं बेंगलुरु, हैदराबाद, भुवनेश्वर सहित कई शहरों में भी शिक्षण संस्थानो का संचालन कर रहे हैं इसलिए संस्था को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर विद्युत कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस दौरान जिला महामंत्री ग्रामीण उमेश साहू ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है और इस सरकार के आते ही प्रदेश में बिजली बिल में बढ़ोतरी के साथ ही अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान हैं हमारी मांग है कि शीघ्र ही इसका निदान किया जाए नही तो भविष्य में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद भी विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित बिजली कटौती किए जाने से लोगों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान तत्काल शासन करे। इस विरोध प्रदर्शन में नपा अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, रोहित कुर्रे, हरिशंकर सिंह, पार्षद थनेश पटेल, प्रमोद चंद्राकर, ललित राजपूत, जानकी ध्रुव, नीतू रावते, रीना साहू, गीतांजलि साहू, किशोर सोनकर, उमेश बंजारे, चैन सिंह, ईश्वरी साहू, दिलीप साहू, देवल सिंह, हरसुख खोडियार, देवा साहू,युवराज साहू, हर्ष सोनकर, सैयद अताउल्लाह खान,आकाश धीवर, तीजू निषाद, दिलीप चौहान, जितेंद्र एवं भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम अरुण साव से मिला चेम्बर प्रतिनिधि मंडल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी जी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी से मुलाकात कर यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई के अंतर्गत दुकानों को फ्री होल्ड करने एवं प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने चेंबर ने ज्ञापन सौंपा। जिस पर अरुण साव जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी जी ने बताया कि आज चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई के अंतर्गत दुकानों को फ्री होल्ड करने एवं प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने चेंबर ने ज्ञापन सौंपा। जिस पर अरुण साव जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मेडिटेशन के साथ बच्चों को दे रहे गीता का ज्ञान

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) में सनातन संस्कृति को संजोने और भावी पीढ़ी को अपने संस्कारों से पोषित करने की दिशा में सतत् कार्य किया जा रहा है। यही वजह है कि यहां के शिक्षक बच्चों को योग और मेडिटेशन के साथ भगवत गीता का ज्ञान भी दे रहे हैं। भगवत गीता के श्लोक, हनुमान चालीसा और सनातन संस्कृति का ज्ञान लेने बच्चों में भी काफी उत्साह है। शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि सप्ताह में एक दिन हम पढ़ाई से इतर इस तरह की एक्टिविटी करते हैं, ताकि बच्चों को हम अपनी संस्कृति और संस्कारों से पोषित कर सके। इस बार बच्चों को छठवीं से आठवीं कक्षा के बच्चों को योग और मेडिटेशन के साथ भागवत गीता से जुड़े सवाल किए गए।

जल स्रोतों का साफ-सुथरा होना जरूरी: मुख्य सचिव

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि जल निकायों (स्त्रोतों) को साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी हैं। नदियों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों में किसी भी प्रकार प्रदूषण नही होना चाहिए। मुख्य सचिव श्री जैन आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा पारित आदेश के परिपालन में आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में जल संसाधन, नगरीय प्रशासन एवं विकास, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने राज्य की नदियों, जलाशयों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए एक्शन प्लान के तहत कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

बैठक में अधिकारियों को जल निकायों की रक्षा करने, भूजल निकासी, जल संरक्षण, जल की गुणवत्ता बनाये रखने सहित राज्य के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों तरल और ठोस अपशिष्ट पदार्थों की डंपिंग रोकना एवं अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने नगरीय निकायों में निकायवार कचरा कलेक्शन निराकरण की कार्यवाही तथा नियमित निगरानी रखने कहा है उन्होंने अधिकारियों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित आदेशों का पालन करने कहा गया है। बैठक में सचिव आवास एवं पर्यावरण श्रीमती आर.शंगीता, जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पों सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

आज सीएम साय लेंगे मंत्रिमंडल की बैठक, होंगे अहम् फैसले

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कल राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। करीब 20 दिन बाद हो रही कैबिनेट की इस बैठक से पहले सीएम ने मंत्रालय में आला अफसरों की बैठक लिए। राज?य कैबिनेट की कल (मंगलवार) को होने वाली बैठक के संबंध में अफसरों का कहना है कि राज्य सरकार इस बैठक में कुछ बड़े फैसले ले सकती है। 22 जुलाई से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के सत्र में पेश किए जाने वाले संशोधन विधेयकों पर भी चर्चा हो सकती है।

इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष के पहले अनुपूरक बजट पर भी बात होने की संभावना है। बता दें कि मानसून सत्र के दौरान राज?य सरकार अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में है। इसके लिए विभागों से प्रस?ताव मंगाए गए हैं।

बैठक में तबादला नीति को लेकर कोई फैसला हो सकता है। कर्मचारी संगठनों के बीच इसकी चर्चा चल रही है, हालांकि आधिकारिक रुप से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

बलौदाबाजार कांड : कांग्रेस विधायक देवेंद्र को पुलिस का नोटिस, प्रदर्शन में थे मौजूद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस के भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने नोटिस भेजा है। उन्हें मंगलवार (9 जुलाई) को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। हालांकि वे कल दिल्ली में रहेंगे, इसलिए पूछताछ के लिए बलौदाबाजार नहीं जाएंगे।। वहीं नोटिस में लिखा है कि, आपकी अनुपस्थिति को जांच में असहयोग माना जाएगा। देवेंद्र यादव 10 जून को हुई हिंसा के दिन समाज के प्रदर्शन में कुछ देर के लिए पहुंचे थे। उन्होंने पहले यह भी कहा था कि, जो रैली में सिर्फ समर्थन देने आए थे, उन्हें भी पुलिस गिरफ्तार कर रही है।

इसलिए जारी हुआ नोटिस...

बलौदाबाजार में जिस दिन समाज का प्रदर्शन था, उसमें देवेंद्र यादव शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया में भी इसका वीडियो पोस्ट किया था।

हिंसा की खबरों के बाद से ही इन नेताओं की वहां उपस्थिति पर सवाल उठ रहे थे। छत्तीसगढ़ सरकार के तीन मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा और श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे पर सतनामी समाज के लोगों को भड़काने का आरोप लगाया था। इस दौरान तीनों मंत्रियों ने इन नेताओं के विरोध-प्रदर्शन की तस्वीरें जारी करते हुए मामले की न्यायिक जांच की बात कही था उन्होंने कहा कि लोगों को भड़काने के आरोप में कांग्रेस के नेताओं पर भी कार्रवाई होगी।

जीएडी सचिव डीडी सिंह की संविदा नियुक्ति खत्म, एक्सटेंशन नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। तीन साल से संविदा में पोस्टेड रिटायर आईएएस डीडी सिंह की संविदा नियुक्ति समाप्त हो गई है। वे 30 जून 2021 को रिटायर हुए थे। भूपेश बघेल की पिछली सरकार ने उन्हें एक साल का एक्सटेंशन देते हुए ट्राईबल सिकरेट्री के साथ ही जीएडी में उन्हें कंटीन्यू किया था। उनके पास मुख्यमंत्री सचिवाललय में सचिव का भी प्रभार था। पूरवर्ति भूपेश बघेल सरकार ने दो बार उनकी संविदा नियुक्ति को एक्सटेंशन दिया। एक बार 30 जून 2022 में और दूसरी बार 30 जून 2023 को। दिसंबर 2023 में सरकार बदली तो चर्चा थी कि डीडी सिंह की संविदा नियुक्ति निरस्त की जाएगी। मगर सरकार ने पोस्टिंग निरस्त तो नहीं की मगर विभाग जरूर कम कर दिया था। उनके पास ट्राईबल पहले ही हट गया था। जीएडी का भी मुख्य सेक्शन हटा लिया गया था। उनके पास राजभवन, मंत्रालय, सूचना का अधिकारी, राज्य निर्वाचन, सत्कार जैसे प्रभार बच गए थे। उनकी संविदा नियुक्ति के दूसरे एक्सटेंशन का समय 30 जून को समाप्त हुआ, तो सरकार ने उसे नहीं बढ़ाया। चूकि एक्सटेंशन नहीं हुआ, ऐसे में डीडी सिंह अपने आप रिटायर हो गए।

न्यौता भोज, विकास कार्यों के लिए विधायक मोतीलाल ने 5 लाख देने की घोषणा की

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अवंती विहार स्थित विजय नगर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के प्रवेशोत्सव, वृक्षारोपण एवं न्योता भोज कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए,उक्त जानकारी देते हुए रविग्राम संकुल समन्वयक आशा बाघमारे ने बताया कि इस अवसर पर साहू द्वारा पहली बार स्कूल पहुंचे छात्रों को किताबे व गणवेश बांटे गए, साथ ही साहू ने सभी शिक्षकों को बच्चों से माताङ्कपिता की तरह पेश आने की बात कही जिससे बच्चों को घर जैसा माहौल स्कूल में दिया जा सके। इस मौके पर विधायक साहू ने शाला के भवन निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की, साथ ही रहवासियों की मांग पर प्राथमिक शाला को मिडिल स्कूल का दर्ज़ा दिलवाने आश्वस्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड के पार्षद एवं जोन अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा,जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ठाकुर, मनहरण साहू, मनोज पांडे पूर्व पार्षद शारदा पटेल सहित डॉक्टर खेमू साहू, गजेन्द्र साहू, कलेश्वर साह, गजानंद देवांगन, शिरीष तिवारी, आरएल राव, आरके बैनर्जी, अशोक गुप्ता, परदेशी वर्मा, मनोज विश्वकर्मा उपस्थित थे। नवप्रवेश विद्यार्थियों का स्वागत टीकाङ्कचंदन लगाकर किया गया।कार्यक्रम में धर्मेंद्र साहू ने विशेष सहयोग प्रदान किया। शाला की प्रधान पाठक चंद्रिका ध्रुव, सहायक शिक्षक तृप्ति देवांगन, अर्चना सिंह, सोनाली मोइत्रा, धनेश्वरी साहू ने विधायक साहू का स्कूल के हित में किए गए घोषणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आईएएस रानू साहू को सुको से राहत...

समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी सौम्या चौरसिया समेत कारोबारी दीपेश टांक की मुसीबतें काम नहीं हुई है।

हालांकि इन मामलों में लंबे समय से जेल निरुद्ध आईएएस रानू साहू और कारोबारी दीपेश टांक को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। इस बीच ईओडब्ल्यू ने रानू साहू, सौम्या चौरसिया और समीर विश्ननोई पर नया केस फाइल किया है।

जानकारी के मुताबिक निलंबित आईएएस रानू साहू और कारोबारी दीपेश टांक को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को जमानत मिल गई है। रानू साहू एक साल और दीपेश करीब डेढ़ साल से जेल में बंद था। ईडी ने दोनों को मनी लॉन्ड्रिंग और कोयला घोटाला केस में गिरफ्तार किया था। दोनों की जमानत 7 अगस्त तक के लिए मंजूर की गई है। नई एफआईआर के मुताबिक नौकरी के दौरान सौम्या चौरसिया ने 9.20 करोड़ रुपए, रानू साहू ने 4 करोड़ रुपए तथा समीर विश्नोई ने 5 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीदी, जबकि इस दौरान तीनों को इससे कई गुना कम वेतन मिला।

मैं नए क्षेत्रों में साझेदारी...

बयान के कहा गया था कि पीएम रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 8-9 जुलाई को मास्को में होंगे। दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहु-आयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा और पारस्परिक हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

मॉस्को में पीएम मोदी के कार्यक्रम में पुतिन के साथ एक निजी बैठक, प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, बंद कमरे के अंदर वार्ता, प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए पुतिन द्वारा आयोजित लंच और वीडीएनकेएच कॉम्प्लेक्स (राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों का प्रदर्शनी स्थल), रोसाटॉम पैवेलियन में एक प्रदर्शनी केंद्र का दौरा शामिल है। वह भारतीय प्रवासियों की एक सभा को भी संबोधित करेंगे।

22वें भारत-रूस वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन पर विदेश मंत्री ने कहा कि यह अच्छी परंपरा है। लेकिन ऐसे शिखर सम्मेलनों में कुछ कमी आई है। दोनों नेताओं के बीच रूस पर प्रतिबंधों के चलते भुगतान मुद्दा हल करने, रक्षा हार्डवेयर की आपूर्ति, प्रस्तावित चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश पर चर्चा के अलावा यूक्रेन में रूस की ओर से लड़ रहे भारतीयों के संवेदनशील मुद्दे पर भी बातचीत संभव है।

दौरे में कौन-कौन से समझौते हो सकते हैं?

पीएम मोदी का रूस दौरा भारत के रक्षा क्षेत्र के नजरिए से से काफी अहम साबित हो सकता है। रक्षा थिंक टैंक, सेंटर फॉर एनालिसिस ऑफ स्ट्रैटेजीज एंड टेक्नोलॉजीज के निदेशक रुसलान पुखोव के अनुसार, भविष्य के हथियार सौदे भी एजेंडे में हो सकते हैं। रूस भारत को नई वायु रक्षा प्रणाली और एसयू-30एमकेआई लड़ाकू जेट, साथ ही केए-226टी बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टरों के लाइसेंस प्राप्त उत्पादन की आपूर्ति कर सकता है। भारत रूस से एक दर्जन ल?ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रहा है।

शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और पुतिन के बीच फाइटर जेट एस -57, एंटी टैंक गोले की फैक्ट्री डील, मैंगो आर्मर-पियर्सिंग टैंक राउंड की फैक्ट्री डील, मिलिट्री लॉजिस्टिक्स समझौता हो सकता है। इस दौरे से पहले ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत और रूस संयुक्त रूप से 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान विकसित करने के लिए समझौता कर सकते हैं। इससे पहले गुरुवार को रूस की बड़ी सरकारी कंपनी रोस्टेक कॉरपोरेशन ने कहा था कि उसकी हथियार निर्यात इकाई ने रूस निर्मित युद्धक टैंकों के लिए कवच-भेदी राउंडों का भारत में उत्पादन करेगी।

मणिपुर राहत शिविरों ...

में पड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी इंफाल एयरपोर्ट पहुंचे। शाम में वह राज्यपाल से मिलेंगे।

जिरिबाम में पीड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी चुराचांदपुर जिले में तुइबोंग के मंडप पहुंचे। यहां उन्होंने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी तीसरी बार मणिपुर का दौरा कर रहे हैं। राज्य में पिछले साल जातीय हिंसा शुरू होने के बाद जून 2023 में वह मणिपुर आए थे और इस साल की शुरुआत में उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत भी इसी राज्य से की थी।

मणिपुर में जारी है जातीय हिंसा

मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

मुंबई में भारी बारिश के...

सड़कों पर खड़ी कारें भी पानी में तैर रही हैं। बृहन्मुंबई नगर पालिक (बीएमसी) ने सरकारी और निजी स्कूलों और कॉलेजों में पहले सत्र के लिए अवकाश की घोषणा की। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा द्वारा भारी बारिश और कम दृश्यता के कारण रनवे पर परिचालन 2.22 बजे से 3.40 बजे तक स्थगित किया गया। 50 से ज्यादा उड़ानों को या तो रद्द किया गया या फिर अहमदाबाद, हैदराबाद, इंदौर की तरफ डायवर्ट किया गया। मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मुंबई के संरक्षक मंत्री एमपी लोढ़ा, राहत और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल भी शामिल थे। बैठक में सीएम शिंदे ने कहा, ÷कल रात से मुंबई में 300 मिमी बारिश हुई। बारिश के पानी को निकालने के लिए 200 पानी के पंपों और 400 बीएमसी पंपों को काम पर लगाया गया है। सेंट्रल और हार्बर लाइन पर ट्रेनें फिर से शुरू हो गई हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सेना, नौसेना और वायु सेना को अलर्ट पर रखा गया है।

सैन्य वाहन पर आतंकी हमला, चार ...

घाटी के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया था। जिला कुलगाम में दो अलग-अलग जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के ये सफलता मिली। आतंकियों के पास हथियार भी बरामद किए गए। डीजीपी ने कहा कि कुलगाम में सफल ऑपरेशन और जनसहयोग से ऐसा लगता है कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को जल्द ही इसके तार्किक निष्कर्ष पर ले जाने में सक्षम होंगे।

हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था। इस दौरान एक नागरिक घायल हुआ और सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ। हालांकि सुरक्षाबलों ने यहां दो आतंकी मार गिराए थे। ये दोनों आतंकी पाकिस्तानी पाए गए थे। दहशतगर्दों के कब्जे से पाकिस्तानी समान और हथियार बरामद हुए थे। वहीं, रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे।

आत्महत्या से केवल शरीर छूटता है, कर्म आपके साथ जाते है: विरागमुनी

रायपुर/नवप्रदेश। जैन संत विरागमुनि जी का रायपुर प्रवेश हो चुका है और वे जिनवाणी की वर्षा करते हुए शहर के श्रावक-श्राविकाओं को लाभान्वित कर रहे हैं। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में सोमवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनिजी के मुख से वॉलफर्ट एनक्लेव-1 में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। रायपुर शहर में चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान उन्होंने कहा कि अनादि काल से यह आत्मा दुख में डूबी हुई है। हम सुखी बनने के लिए कब से मेहनत कर रहे हैं पर सुख मिल ही नहीं रहा है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 12678 दिनांक 05.07.2024
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N01007 जो कि निगम अभिलेख में श्री MS MONIKA REAL BUILDCON PVT DIR-SANDEEP SHARMA पिता श्री DIR. SATISH KUMAR JAIN S/O LATE DEVICHAND JAIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री PARAG JOSHI पिता S/O VIPIN JOSHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 12603 दिनांक 06.07.2024
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446S00610 जो कि निगम अभिलेख में श्री ANJALI SINGH पिता श्री SUNIL KUMAR SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री 1. NEERA BANRJEE 2. TANUSHREE GANGULY पिता 1. W/O SAPAN BANERJEE 2. W/O AYAN GANGUTY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माम विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885 ईमेल - sel.raipur@gov.in

निविदा तिथि संशोधन सूचना

ज्ञाप. क्र. /40/234/सा. 23 — रायपुर दिनांक, 07/2024

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित SYSTEM TENDER NO. 155008 NIT NO: 20 /Raipur/B/R/2022-23 Dated: 19.06.2024 HOUSE KEEPING WITH MECHANISED CLEANING HOUSE KEEPING & HYGIENE MAINTENANCE WORK AT P.W.D. NEW CIRCUIT HOUSE & CONVENTION HALL BUILDING WITH COMPLETE CAMPUS AT CIVIL LINES, RAIPUR (C.G) निविदा की निर्धारित तिथि को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :-

क्र.	विवरण	पूर्व तिथि	संशोधित तिथि
1	Bid Submission due Date (Online)	04.07.2024 17.30	08.07.2024 17.30
2	End date for Physical Doc submission (EMD, and Affidavit in Envelope D) (by Registered/Speed Post)	08.07.2024 17.30	10.07.2024 17.30
3	Bid Opening date (Scheduled)	09.07.2024 10.30	11.07.2024 10.30

G.No.- 242500482

जी-242500926/3

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 155665/निविदा सूचना क्रमांक 01/वलेलि/2024-25 रायपु, दिनांक 05.07.2024 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 22.07.2024 समय 17.30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित निम्नलिखित की जाती है :

कार्य का नाम : रायपुर जिले के विकासखण्ड तिल्दा की सोनतरा जलाशय का हेडवर्क जीर्णोद्धार, वेस्ट वियर, हेड स्लूस, आरडी. 0 से 570 मीटर तक आर.बी.सी. की रिमाडलिंग और सी.सी. लाइनिंग एवं एल.बी.सी. आर.डी. 0 से 1020 मी. और माइनर नं. 01 एल.बी.सी. आर.डी 0 से 240 मी. तक 01 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण, आर.बी.सी. पर 07 नग आउटलेट, 02 नग फाल निर्माण, 03 नग व्ही.आर.बी., 01 नग एच.आर., एल.बी.सी. पर 10 नग आउटलेट और 01 नग व्ही.आर.बी. एल.बी.सी. के माईनर नंबर 01 पर 03 नग आउटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रुपये 281.23 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे जा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-242500922/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, रायपुर
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email ID: ee-res.kondagaon@nic.in, Ph. No.-07786-296017

मैनुअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक-04 (प्रथम दौर)
निविदा आमंत्रण

क्रमांक / 04 / व.ले.लि./ नि.प्र./ग्रा.यां. सेवा / 2024-25 — कोण्डागांव, दिनांक 05/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैन्युअल के अपेंडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र 'सी' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 19/07/2024 शाम 5.00 बजे तक :-

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत प्रति कार्य (रूपये लाख में)
1	2	3
1	समुदाय के लिये खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-1 (पवेलियन, शौचालय, सिटिंग गैलरी, आहता, नलकूप खनन कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) दहीकोंगा, वि.ख. कोण्डागांव	18.39
2	समुदाय के लिये खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-2 (स्टेडियम निर्माण कार्य, बाहरी सड़क निर्माण, खेल मैदान समतलीकरण कार्य) दहीकोंगा, वि.ख. कोण्डागांव	11.93
3	समुदाय के लिये खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-1 (पेवेलियन, शौचालय, सिटिंग गैलरी, आहता, नलकूप खनन कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) रांधना, वि.ख. माकड़ी	16.23
4	समुदाय के लिये खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-2 (स्टेडियम निर्माण कार्य, बाहरी सड़क निर्माण, खेल मैदान समतलीकरण कार्य) रांधना, वि.ख. माकड़ी	11.93
5	समुदाय के लिये इंटर लॉकिंग ब्लाक / टाइल्स रोड का निर्माण 540 मी. (बुढ़ासागर तालाब) माकड़ी, वि.ख. माकड़ी	12.92
6	समुदाय के लिये तटबंध निर्माण (बुढ़ासागर तालाब) (शेष कार्य हेतु) माकड़ी वि.ख. माकड़ी	9.88
7	सामुदायिक भवन निर्माण शौचालय सहित (समूहों के लिये आजीविका कार्यकलाप के लिये वर्क शेड निर्माण कार्य / सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) मसोरा वि.ख. कोण्डागांव	9.39
8	सामुदायिक भवन निर्माण शौचालय सहित (समूहों के लिये आजीविका कार्यकलाप के लिये वर्क शेड निर्माण कार्य / सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) मुलमुला, वि.ख. कोण्डागांव	9.01

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 09/07/2024 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।
3. **भुगतान मनरेगा प्रक्रिया के तहत् किया जावेगा।**

जी- 242500905/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

■ न्यूज गैलरी

कमलेश्वर सिंह डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

खैरागढ़/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार द्वारा 75 वां आजादी का महोत्सव एवं कौशल भारत कुशल भारत की थीम के तहत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय नगर के कन्या शाला में पदस्थ व्याख्याता कमलेश्वर सिंह को मानद डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव और एस्ट्रोनामी लैब के शुभारंभ पर पहुँचे सांसद संतोष पांडे, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की उपस्थिति में सिंह को उपाधि प्रदान की गई। उक्त उपाधि व्यक्ति विशेष द्वारा विषय विशेष मे निरंतर अध्ययन अध्यापन, विशेष कार्य, शोध, नवाचार जिससे समाज में सकारात्मक प्रभाव, विभिन्न क्षेत्र में विशेष अनुकरणीय, सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। कन्या विद्यालय मे कार्यरत व्याख्याता भूगोल 1995 से अपने विषय के अध्ययन, अध्यापन, सजकता के साथ निरंतर कार्यरत है इसके अलावा सिंह बौद्धिक,शिक्षा,स्वास्थ,पर्यावरण, साहित्य संस्कृति,एवं सामाजिक क्षेत्र मे जन जागरुकता लाने के साथ उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित की है।

डेढ़ महीने बाद भी नहीं पकड़े गए पुत्र के हत्यारे, परिजन थाने के लगा रहे चक्कर

■ **पांच दिन में कार्यवाही नहीं होने पर थाने का होगा घेराव**

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के देवारी भाठ गांव में डेढ़ माह पहले युवक की हत्या की गुत्थी नहीं सुलझने को लेकर अब परिजनों सहित ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते एसपी कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंप अज्ञात आरोपियों को पांच दिन में पकड़ने का अल्टीमेटम दिया है। शहर से सटे ग्राम देवारी भाठ मे 18 मई की रात अपने खेत का बोर बंद करने गए राजेश्वर वर्मा उर्फ उमेश की दूसरे दिन सुबह खेत मे ही संदि%ध अवस्था मे लाश मिली थी। रात भर से घर नही पहुँचे राजेश्वर को खोजने परिजन खेत पहुँचे तक उसकी मौत का खुलासा हुआ था। मौके पर पहुँची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस ने इस मे हत्या का मामला दर्ज किया था। सोमवार को एसपी कार्यालय पहुँचे मृतक के पिता अलखराम वर्मा, भाई नागेश्वर वर्मा कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन सहित ग्रामीण मिनेश वर्मा, राजेन्द्र, दीपक राम, हेमंतकुमार, समेलाल, जितेन्द्र, अचलराम, किशन, परमेश्वर, हंसुराम वर्मा, संदीप वर्मा, गंगाराम, जगेशर गोविंदराम, प्यारी शिवकुमार सहित अन्य ने एसपी कार्यालय मे ज्ञापन सौंपतें बताया कि राजेश्वर की हत्या के बाद पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया है। मृतक के पीएम रिर्पोट मे भी चिकित्सकों ने मृतक की हत्या होना बताया है। ग्रामीणों ने कहा कि इसके बाद भी पुलिस मृतक के हत्यारो को गिरफ्तार नही कर पाई है। जिसके चलते मृतक के परिजनो और ग्रामीणों मे रोष व्याप्त हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिवार मे पत्नी सहित दो नाबालिग पुत्र है। वृद्ध मातापिता सहित परिजन बेटे की हत्या के आरोपी को पकड़ने और परिवार को न्याय दिलाने लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे है। लेकिन न्याय मिलना तो दूर मृतक के अज्ञात हत्यारे खुलेआम घूम रहे है। ग्रामीणों ने ज्ञापन मे कहा कि मृतक राजेश्वर की हत्या के डेढ माह पूराने मामले में पुलिस अगले पांच दिनों में अज्ञात हत्यारे की पतासाजी कर गिरफ्तार करे और परिजनों को न्याय दिलाए। पांच दिन में समुचित कार्यवाही नही होने पर परिजन सहित ग्रामीण खैरागढ़ थाने का घेराव सहित चक्काजाम आंदोलन कर न्याय मांगेंगे। परिजनो सहित ग्रामीणों ने पुलिस विभाग से जल्द हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

7 बसें मिली अनफिट, 29 हजार का लगाया जुर्माना

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद जिले के स्कूलों में चल रहे स्कूल बसों की आरटीओ और यातायात विभाग द्वारा की गई जांच में 7 बसें अनफिट मिली। खैरागढ़ जिले के विभिन्न स्कूलों मे छात्रछात्राओं को स्कूल लाने लेजाने के लिए लगभग 24 स्कूली बसों का संचालन होता है। परिवहन और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बसों की जांच और चालक के नेत्र परीक्षण के लिए शहर के फतेह मैदान मे शिविर का आयोजन कर जांच अभियान चलाया गया। शिविर मे 24 बसों की जांच और उनके चालको का परीक्षण किया गया। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश और 16 बिंदुओ पर की गई जांच मे 7 बसें अनफिट मिली। जबकि 16 बसें सभी नियमों का पालन करते पाई गई। अनफिट मिले स्कूली बसों मे परमिट, फिटनेस, आपातकालीन द्वार, प्रथम उपचार बाक्स, अग्निशमन यंत्र प्रदुषण प्रमाण पत्र संबंधी खामी मिली। इन सातों स्कूल बसों के अनफिट पाए जाने पर परिवहन और यातायात विभाग द्वारा इन बसों पर 29 हजार 3 सौ रू का जुर्माना लगाया गया और अनफिट मिले स्कूली बसों की खामियों को 7 दिन मे दूर करने कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। शिविर मे निरीक्षण के दौरान परिवहन निरीक्षक डी एस चुरेन्द्र, यातायात सहायक उपनिरीक्षक डी साहू सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

नवागढ़ में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

नवागढ़/नवप्रदेश। रविवार को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का पर्व भारत समेत प्रदेश भर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नवागढ़ नगर में रथ यात्रा के पूर्व शारदा मन्दिर में भक्तों ने जगन्नाथ भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की और नगर में रथयात्रा निकाल कर खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

भगवान कृष्ण के जयकारे से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में निकली रथयात्रा में सैकड़ो की संख्या में नगर से आए श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को यादगार बनाने के लिए कतारों में चलते रहे। नगर के प्रमुख पर्यटन स्थल स्थित शारदा मंदिर परिसर के सामने एकजुट हुए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। छत्तीसगढ़ की पारम्परिक वेशभूषा में पारंपरिक गढ़वा बाजे के संगीत के साथ रथ यात्रा यहां से गणेश मंदिर, बसस्टैंड, राजीव गांधी चौक,सुरकी तालाब होते हुए प्राचीन रामजानकी मंदिर पहुंचा।

रथ-यात्रा में युवाओं का जोश देखते बन रहा था। भगवान के मुख का पट खुलते ही कोई रथ के पास आकर सेल्फी लेते दिखा तो कोई दूर से ही भीड़ के साथ खुद की फोटो खींचता रहा। युवतियां भी अपने दोस्तों के साथ इस पल को यादगार बनाने के लिए फोन से सेल्फी लेती रहीं। शहर के विभिन्न चौराहों से रथ निकलने के दौरान श्रद्धालु स्वागत करने के लिए कतारों में खड़े रहे। इस दौरान अन्नू केशरवानी, सुधीर सोनी, मिंटू बिसेन, राजा गुप्ता, राजू पांडे, सतीश अरोरा, बबला मिश्रा, विक्की गुप्ता, बुद्धू सोनी, राजेंद्र यादव, सृजन केशरवानी, राजा जायसवाल एवं बब्बू गुप्ता सहित भक्तजन शामिल हुए।

हत्या का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा में 7 जुलाई की रात में घटित हत्या के आरोपी को पुलिस द्वारा सक्रियता से कार्य करते हूए पकड़ने में सफलता मिली। साजा निवासी श्रीमति शांता निर्मलकर के द्वारा सूचना दर्ज करायी कि इसकी बड़ी बहन ममता निर्मलकर उमदा भिलाई में रहती हैं, जिसका बेटा मुकेश निर्मलकर 7 जुलाई को रात्रि में 8.30 बजे अपने साथी डिकेन्द्र नेताम उमदा भिलाई एवं भानू यादव निवासी जरवाय भिलाई तीन को साथ लेकर भिलाई से साजा आया था, बाद मुलाकात कर वापस घर जाने के लिये निकले थे, जो घर न जाकर सरस्वती मंच साजा के पास बैठ गये थे, रात्रि में ही मुकेश निर्मलकर का साथी डिकेन्द्र आकर बताया कि मुकेश निर्मलकर ने भानू यादव को ईट पत्थर से मारपीट कर रहा हैं, उसी के पीछे तुरन्त मुकेश निर्मलकर आकर बताया कि अपने साथी भानू को पत्थर को सिर एवं सीने में पटक कर जान से मार दिया हैं, जिसकी सूचना मोबाईल से थाना साजा को दी। जिससे अविलम्ब साजा पुलिस घटना स्थल पहुच कर घटना की तस्दीक करते हुए आरोपी को धरपकड़ करने हेतू पृथक पृथक टीम रवाना किया गया एवं शान्ता निर्मलकर के रिपोर्ट पर लागु नये कानून की धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्व कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा घटना कारित कर भागे आरोपी को तत्काल पकड़ने एवं आरोपी के विरूद्ध सक्त से सक्त कार्यवाही करने का निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योती सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की एवं राजेश झा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू एवं थाना स्टाफ द्वारा प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए तत्काल हरकत आकर चंद घन्टों के भीरत ही हत्या कर भागे आरोपी को सक्रियता से आरोपी मुकेश निर्मलकर पिता स्व. दिलेन्द्र उर्फ देवेन्द्र निर्मलकर उम्र 23 वर्ष साकिन उमदा (भाठापारा) थाना भिलाई तीन जिला दुर्ग (छग) को हिरासत में लिया गया।

गातापार हाईस्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

खैरागढ़/नवप्रदेश। वनांचल ग्राम गातापार जंगल मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम पर आयोजित कार्यक्रम मे शा उमा शाला गातापार जंगल परिसम मे पौधारोपण कर इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधारोपण के बाद पौधो की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए। कार्यक्रम मे सहायक परिक्षेत्र अधिकारी वन अभिषेक देवांगन, प्राचार्य ममता अग्रवाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष मानिक यदु, कंवल राम, डा गुप्तेश्वर यादव, राजकुमार मंडावी, बृजलाल पड़ौटी, भागसिंह, डा साहू, नरेश यादव, वनविभाग के कर्मचारी स्कूल शिक्षक सहित ग्रामीण और छात्रछात्राएँ मौजूद रहे।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में न्यौता भोज

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में रुपेश कुमार धनंजय (कार्यपालन अभि. पीएचई) द्वारा सेजेस बेमेतरा के पहली से आठवीं कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं को न्योता भोज के रूप में खीर-पुड़ी, जीरा राइस, मटर पनीर, पापड़, सलाद एवं फल परोसा गया। जिसमें सुश्री नीतू कोठारी (वार्ड नं.11 पार्षद), पालकगण, स्कूल के प्रधान पाठिका (माध्यमिक) श्रीमती वर्षा साहू, प्रधान पाठिका (प्राथमिक) श्रीमती अनामिका रंजित एवं शिक्षक गण भी उपस्थित रहें। सभी के द्वारा न्योता भोज को बहुत सराहा गया। स्कूल में बच्चों को नेवता भोज कराने का तात्पर्य है कि स्कूल में बच्चों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया जाना। यह आयोजन किसी खास मौके जैसे कि नए सत्र की शुरुआत, किसी त्योहार या किसी अन्य विशेष अवसर को मनाने के लिए किया जा सकता है। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को खुश रखना, उनके बीच सामूहिकता की भावना विकसित करना और उन्हें विशेष अवसरों पर सम्मानित महसूस कराना होता है ताकि स्कूल के प्रति रूचि रहें और शिक्षा प्राप्त करने हेतु तत्पर रहें। नेवता भोज में बच्चों ने इस आयोजन का आनंद लिया, उनके लिए विशेष भोजन तैयार किया गया।

भाजपा सरकार के खिलाफ ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन

छुरिया/नवप्रदेश। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में भारी वृद्धि की गई है। प्रदेशभर में बार बार अघोषित बिजली कटौती से गांव, शहर प्रदेश के जनता एवं किसान भाइयों को बेतहासा परेशानी हो रही हैं। विद्युत दर में भारी वृद्धि एवं अघोषित विद्युत आपूर्ति कटौती के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 8 जुलाई को हर ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। राजनांदगांव जिला छुरिया ब्लॉक मुख्यालय में खुज्जी विधायक, म भोलाराम साहू, ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन ,कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष राजू सिन्हा,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश पटेल पूरन नेताम वरिष्ठ कांग्रेस नेता अकील मेमन ,सोनुखान , शकील कुरैशी सलमान खान ,रोशन साहू पालन साहू देवघर सिन्हा, यशवंत सिन्हा, राम साहू, सरफू ,नगर वासी क्षेत्रवासी ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारी सभी विंग के पदाधिकारी जोन सेक्टर बूथ कार्यकर्ता एवं आम जनता सभी कांग्रेस परिवार के साथ मिलाकर धरना प्रदर्शन किया गया है।

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Email ID-cmamdi@gmail.com

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/576/न.पं. /लोनिवि/2024-25 आमदी, दिनांक 08/07/2024

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सिस्टम टेण्डर नंबर 155827

कार्यालय नगर पंचायत आमदी द्वारा लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ठेकेदारों/एन.जी.ओ./फर्म/संस्था से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. आनलाईन निविदा करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 30.07.2024 समय : दोपहर 05.30 बजे तक
2. फिजिकल डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पंचायत आमदी में जमा करने की अंतिम तिथि - 05.08.2024 समय दोपहर 05.30 बजे तक।
3. आनलाईन निविदा खोलने की तिथि :- 06.08.2024 समय दोपहर 12.00 बजे से।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि	धरोहर राशि रु.	कार्यावधि	ठेकेदार का वर्ग
1	श्रम नियोजन (प्लेटमेंट) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रतिशत दर पर कर्मी/श्रमिक प्रदाय कार्य	34.00 लाख	25600	01 वर्ष	वर्ग डी एवं उच्च श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार

उक्त कार्य हेतु विस्तृत जानकारी अवधि में ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 24.07.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियां **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 24.07.2024 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 22.07.2024 एवं ई-नीलामी की तिथि: 24.07.2024

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक कब्जा सूचना दिनांक बकाया राशि	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
मेसर्स ताहेयुक्त इण्डस्ट्रीज, प्रोप. श्री कृपाल छाबड़िया पिता स्व. गुरनामल छाबड़िया एवं श्रीमती अनिता छाबड़िया पति- श्री महेश छाबड़िया।	स्वामित्व- श्री कृपाल छाबड़िया एवं श्रीमती अनिता छाबड़िया, खसरा नंबर 13(1) एवं 13(2), प.ह.नं. 29, सतनाम मंदिर के पास, ग्राम- सोनबरसा, आरानाम- जरौद, तहसील- सिमगा, जिला- बलौदा बाजार, भाटापारा (छ.ग.), क्षेत्रफल- 21,520.00 वर्गफीट में स्थित भूमि एवं फैक्ट्री भवन । **चौहद्दी: उत्तर-** गैंदराम की भूमि, **दक्षिण-** कच्ची सड़क, **पूर्व-** संतोष कुमार की भूमि, **पश्चिम-** अनिता की भूमि।	18.07.2019 05.10.2019 ₹ 96,18,484.68 05.07.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 20,00,000/- ₹ 2,00,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Vinkit Sharat (Mo. 9425505143) Bhatapara Branch 209172434 CNRB0005143 Email: cb5143@canarabank.com
श्रीमती संध्या बेदलाल साव	खसरा नं. 47/6, क्षेत्रफल- 0.05 हेक्टर में स्थित भूमि व भवन का ईएमटी, ग्राम- गौधमुण्डा, पहरापाली, पोस्ट ऑफिस- तोषगांव, तहसील- सरईपाली, जिला-महासमुंद, छत्तीसगढ़- 493558 । **चौहद्दी उत्तर-** विद्याधर की भूमि, **दक्षिण-** सोभाराम की भूमि, **पूर्व-** बेदलाल की भूमि, **पश्चिम-** सड़क।	19.11.2019 22.10.2020 ₹ 40,52,722.94 05.07.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 11,85,000/- ₹ 1,19,000/- ₹ 10,000/-	श्री प्रकाश रंजन (मो. 9425505423) सरईपाली शाखा 5423296000001 CNRB0005423
श्रीमती कांता देवी शर्मा पति- हनुमान प्रसाद शर्मा एवं जमानतदार- श्री हनुमान प्रसाद शर्मा पिता- राम गोपाललाल शर्मा	स्वामित्व- श्रीमती कांता देवी शर्मा पति- हनुमान प्रसाद शर्मा, खसरा नं. 7/5, प.ह.नं. 04, तहसील ऑफिस रोड, वार्ड नं. 21, पुष्प कॉम्प्लेक्स के बाजू में नगर पालिका परिषद चांपा, ब्लॉक- बम्हनीडीह, आर.एन.एम. एवं तहसील- चांपा एवं जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.), क्षेत्रफल-0.03 एकड़ या 0.012 हेक्टेयर में स्थित भूमि एवं भवन का ईएमटी। **चौहद्दी: उत्तर-** मंजू यादव की भूमि, **दक्षिण-** राजा गुप्ता की भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** राजा गुप्ता की भूमि।	31.05.2023 05.09.2023 ₹ 11,03,572.41 05.07.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 45,00,000/- ₹ 4,50,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Ujjwal Prakash Dewangan (Mo. 9516009443) Champa Branch A/c No:- 209272434 IFSC Code :- CNRB0004306
1. श्रीमती के. जानकी राव पति- के. लक्ष्मण राव रेलवे, कालोनी, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 8, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441, 2. श्री के. लक्ष्मण राव पिता- के. भीमा राव, कालोनी, स्टेशन पारा, वार्ड नं. 8 जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441.	खसरा नं. 496/10(ख), 496/37, 496/34, सुषमा अपार्टमेंट, ब्लॉक बी, फ्लैट नं. ए2, प्रथम तल, कौरीनभाठा, प.ह.नं. 44, वार्ड नं. 44, कौरीनभाठा, क्षेत्रफल- 812 वर्गफिट में स्थित आवासीय फ्लैट । **संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** विक्रेता का मकान, **उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** विक्रेता का मकान।	07.04.2021 10.12.2021 ₹ 33,62,090.61 07.07.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,30,000/- ₹ 1,63,000/- ₹ 10,000/-	Mr. SH Jaya Kumar G (Mo. 8095915883) Rajnandgaon Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005146 Email: cb5146@canarabank.com
1. श्रीमती संजू सिंह राजपूत पति- राकेश सिंह राजपूत, मकान नं. 175/1, वार्ड नं. 15, तेवर कालोनी, राजनांदगांव-491441 (छ.ग.) 2. राकेश सिंह राजपूत पिता- महेश्वर सिंह राजपूत, मकान नं. 175/1, वार्ड नं. 15, तेवर कालोनी, राजनांदगांव-491441 (छ.ग.)	स्वामित्व- श्रीमती संजू सिंह पत्नी श्री राकेश सिंह, खसरा नं. 496/10(क), 496/37, 496/34, सुषमा अपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, फ्लैट नं. बी/3, द्वितीय तल, कौरीनभाठा, प.ह.नं. 55, वार्ड नं. 55, कौरीनभाठा, क्षेत्रफल- 812 वर्गफिट में स्थित आवासीय फ्लैट । **चौहद्दी: उत्तर-** खुला आसमान, **दक्षिण-** सुषमा की संपत्ति, **पूर्व-** फ्लैट नं. ए/3, **पश्चिम-** खुला आसमान।	12.05.2021 23.09.2021 ₹ 25,65,351.62 07.07.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 15,65,000/- ₹ 1,57,000/- ₹ 10,000/-	Mr. SH Jaya Kumar G (Mo. 8095915883) Rajnandgaon Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005146 Email: cb5146@canarabank.com
1. श्री राजकुमार वर्मा (ऋणी), पिता- गंगा राम लोधी, 36, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) 2. श्रीमती त्रिवेणी बाई पति- राजकुमार लोधी, 22, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.), 3. श्री कुलेश्वर वर्मा पिता- गोविंद राम वर्मा, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)	खसरा नं. 559/4, ग्राम- बोटेपार, प.ह.नं. 35, आर.आई. सर्किल- घुमका, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) क्षेत्रफल- 0.06A (0.024 हे./2613 वर्गफिट) में स्थित आवासीय मकान। **चौहद्दी: उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** गोविंद की भूमि, **पूर्व-** गंगाराम की भूमि, **पश्चिम-** निर्मल की भूमि।	28.04.2023 23.08.2023 ₹ 16,67,482.03 05.07.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,15,000/- ₹ 1,02,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Yogesh Ranga (Mo 8458998989) Patewa Branch Rajnandgaon A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0015265 Email: cb15265@canarabank.com
श्री अब्दुल वसद (ऋणी) पुत्र- अब्दुल रज्जाक एवं श्रीमती फरहत यास्मिन खान (सह-ऋणी) पत्नी- अब्दुल असद.	खसरा नं. 52/1बी, 52/2, नजूल सिटी, शीट नं. 6, खुटापारा, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़-498501, क्षेत्रफल- (972.20 वर्गफीट)। **चौहद्दी: उत्तर-** पुर्जा का मकान, **दक्षिण-** कल्लू का मकान, **पूर्व-** गली, **पश्चिम-** अन्य की संपत्ति।	13.03.2018 20.09.2018 ₹ 18,32,398.31 07.07.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,15,000/- ₹ 1,62,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Dibyendu Biswas (Mo. 7896005903) Dongargarh Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005260 Email: cb5260@canarabank.com
श्रीमती रंजिनी मनिकपुरी पति- रोमन दास मानिकपुरी	खसरा नं. 66/1 व 66/2, प.ह.नं. 01, वार्ड नं. 1, सरदार पटेल वार्ड, रामा वैली कालोनी, बिलासपुर, रायपुर रोड, आशीर्वाद वैली के सामने, मौजा- बोदरी, आरएनएम- बिल्हा, तहसील- बिल्हा, जिला- बिलासपुर छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल- 139.00 वर्गफीट (12.918 वर्ग मीटर) कार्यालय नं. 0-17, रामा सिटी सेंटर, प्रथम तल में स्थित दुकान का ईएमटी। **चौहद्दी: उत्तर-** गलियारा, **दक्षिण-** गलियारा, **पूर्व-** कार्यालय नं. 0-16, **पश्चिम-** गलियारा.	08.07.2022 18.10.2022 ₹ 9,22,780.85 07.07.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 4,68,000/- ₹ 47,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Vikash Singh (Mo. 8800140772) Vyapar Vihar Branch 209272434 CNRB0005979 cb5979@canarabank.com
मेसर्स साई ट्रेडर्स, प्रोप. श्री निर्भय नायक, पिता- राजगुलापी नायक	स्वामित्व- श्री देवानंद नायक पिता- राजगुलापी नायक, शॉप नं. 81, खसरा नं. 613/44, ग्राम- झलप, आरआईसी- पटेवा, तहसील व जिला- महासमुंद, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल- 165.00 वर्गफीट में स्थित वाणिज्यिक भवन व भूमि। **चौहद्दी उत्तर-** रोहित पटेल का शॉप नं. 80, **दक्षिण-** सुरेश देवांगन का शॉप नं. 82, **पूर्व-** खाली, **पश्चिम-** सड़क.	29.03.2022 23.06.2022 ₹ 17,99,914.47 07.07.2024 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 8,32,000/- ₹ 84,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Vaibhav Khare (9425502262) Mahasamund Branch 209272434 CNRB0005262 cb5262@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जायेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (END) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 22.07.2024 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID :- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाएं और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 22.07.2024 को सायं 3.00** बजे या उससे पहले निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। ब. पैन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। स. इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15/30 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@ccsl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID :- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचें। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचाने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोट- नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 08.07.2024 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 08.07.2024 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा हिमांशु भारतीय ने सोमवार 8 जुलाई को भाटापारा के ईतवारी राम यादव शा.बहु.उच्च. माध्यमिक विद्यालय एवं नगर पालिका कन्या उ.मा.विद्यालय का आकस्मिक और औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने,पाठकान,बालकान सहित विभिन्न पंजी का निरीक्षण किया और इसे दुरूस्त रखने के निर्देश संस्था प्रमुख को दिया।इसके अलावा शिक्षक दैनंदनी प्रत्येक शिक्षकों को अनिवार्य रूप से बनाने की हिदायत दी। वही उन्होंने सभी स्कूल स्टाफ को समय पर विद्यालय आने-जाने का निर्देश दिए तथा लापरवाही होने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारतीय ने कक्षा में बच्चो के बीच जाकर सवाल जवाब करते हुए पढाई का हालचाल भी जाना तथा बच्चों को मन लगाकर पढाई करने हेतु आवश्यक टिप्स भी दिया । जिला शिक्षा अधिकारी के साथ जहीर अब्बास एपीसी समग्र शिक्षा भी दौरे पर रहे।उक्त जानकारी अरूण वर्मा एपीसी समग्र शिक्षा ने दी।

शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल

■ कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज जिला मुख्यालय से 15 कि.मी. दूर स्थित ग्राम अमोरा से शिवनाथ नदी में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को घर में मौजूद सामग्री का बाढ़ में किस तरह उपयोग कर सकते हैं, इसका डेमो दिया गया। कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का भी जायजा लिया और स्वयं उपस्थित होकर सम्पूर्ण क्रियाकलाप देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सर्व एसडीएम, जनसंपर्क विभाग कि टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम, संबंधित अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर सेना विभाग द्वारा जिलें एवं संभागीय स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने राज्य आपदा मोचन दल की तैयारियों की सराहाना की। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पलटी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के चौन-सा का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया। जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के घरों में उपलब्ध होने वाली सामग्रियों जैसे गोल बर्तन, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब, प्लास्टिक बॉटल, इत्यादि सामग्रियों का राप्ट बनाना एवं पीने वाले एक लीटर पानी की बोतल को एयर टाइट कर लाइफ जैकेट बनाकर डूबते हुए व्यक्ति को बचाया जा सकता है। मॉक ड्रिल एसडीआरएफ के जवान और जिलें के बाढ़ बचाव दल के जवान द्वारा किया गया। बाढ़ आपदा में बचाव के लिए मॉक ड्रिल एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना होता है। इसमें बाढ़ की स्थिति का सटीक सिमुलेशन किया जाता है। इससे आपातकालीन सेवाओं को वास्तविक स्थिति में अभ्यास करने का अवसर मिलता है। इसमें बाढ़ के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना, प्राथमिक चिकित्सा देना, और आपदा प्रबंधन के अन्य पहलुओं को शामिल किया जाता है। मॉक ड्रिल का एक और उद्देश्य जनसाधारण को जागरूक करना भी होता है। लोगों को सिखाया जाता है कि बाढ़ आने पर उन्हें क्या करना चाहिए, कहाँ शरण लेनी चाहिए और किस तरह की सहायता उपलब्ध होगी।

बिजली बिल में वृद्धि के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव एवं ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ध्रुव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे बेतहाशा बिजली की कटौती एवं बिजली बिल में भारी वृद्धि के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन में बैठे नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के सरकार जब से बैठी है तब से पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही हैं जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर अपने कार्यकाल तक निभाते आए हैं! विदित रहे भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी किया गया है यह छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के साथ घोर अन्याय है जिसको कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी ।

सरप्लस वाले राज्य में विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है सरकार को आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है जहां पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आमजनों के साथ साथ किसानों को 24 घंटा बिजली आपूर्ति की जाती थी ।किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली नि- शुल्क दी जाती रही है ।

बिजली की दरों में वृद्धि, कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

साजा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान में रविन्द्र चौबे पूर्व मंत्री एवं संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के मार्गदर्शन में अंजोर यदु अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य मे विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद बिजली दर में बेतहाशा वृद्धि की गई हैं तथा पूरे क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से आम नागरिक और किसान परेशान हैं, जिसके विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिलाधीश बेमेतरा के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौपा गया। जिसमें मुख्य रूप से साजा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, कन्हैया साहू सेक्टर अध्यक्ष, सुशील यदु महामंत्री, राजू चौहान पूर्व अध्यक्ष युका, दिनेश साहू पार्षद प्रतिनिधि, ईश्वर वर्मा सरपंच, विप्लव गौराहा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, बलकरन वर्मा सचिव, सेवा राम साहू, तोप सिंह राजपूत, चिंता वर्मा सरपंच, आशीष शर्मा, आयुष यदु, दिनेश साहू, सुशील निर्मलकर, खुलेश्वर साहू, लीकेश साहू, योगेश वर्मा, आत्मा जोशी, ध्रुव साहू, भुनेश्वर विश्वकर्मा, मनीष माली, गीतेश सेन, सत्यम ठाकुर, हितेश सिन्हा, रवि वर्मा, सुभाष यदु, मोहित साहू, ताकेश, कैलाश साहू, रविशंकर साहू, विक्की, पोषण वर्मा, रवि वर्मा, सोमेश वर्मा, सनत साहू, पुकेश लहरे, सजीवन विश्वकर्मा, बाबूलाल वर्मा, धर्मेंद्र साहू, तुलाराम साहू एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कैथा, बालपुर और रिकोटार में राजस्व शिविर आज

सरसींवा/ नवप्रदेश। बिलाईगढ़ अनुविभाग में 9 जुलाई 2024 को कैथा, बालपुर और रिकोटार में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैथा शिविर बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत कैथा में आयोजित शिविर में ग्राम कैथा (3), पचरी (3), बनाहिल (3), देवरहा (4), मुड़पार (4) और मिरचिद (4) के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य कर सकते हैं। रिकोटार शिविर भटगांव तहसील अंतर्गत रिकोटार में आयोजित शिविर में रिकोटार, सिंघीचुवा, डोटो और जेवरादेई के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर सकते हैं। बालपुर शिविर सरसींवा तहसील के बालपुर में आयोजित शिविर में ग्राम बालपुर, केडियारवार, टिहलीपाली, पेंड्रावन, कोट और चारभाठा के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं।

नाबालिग को आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मध्यप्रदेश से बरामद किया

■ नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। नाबालिग को बहला फुसलाकर कर आरोपी करता था दुष्कर्म वहीं नाबालिग को भगा ले गया घटना की जानकारी नजदीकी थाने के दी गई । मामले की गंभीरता को देख पुलिस तत्काल एक्शन में आई और अब आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि

कबीरधाम जिले के दशरंगपुर थाना पिपरिया में नाबालिक बालिका के परिजनों के द्वारा चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कि मेरी नाबालिक बालिका को अज्ञात आरोपी द्वारा 25 मई 24 के 08.30 बजे करीबन, बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। जिस पर चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 192/2024 धारा 363 भा.द.वि. का अपराध दिनांक-26.05.2024 को पंजीबद्ध कर मामले की जानकारी चौकी प्रभारी द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी गई। जिस पर कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल तथा पुलिस अनुविभागी अधिकारी कवर्धा श्री प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर अपहर्त नाबालिक बालिका एवं आरोपी का पता तलाश करने जिला व राज्य से बाहर अलग-अलग स्थान पर पुलिस टीम रवाना किया गया। टीम के लगातार अथक प्रयास से सफलता प्राप्त हुआ और अपहर्ता नाबालिक बालिका को आरोपी के कब्जे से पुलिस टीम के द्वारा राजगढ़ मध्यप्रदेश से बरामद किया गया। नाबालिक पीड़िता से पूछताछ करने पर बताई कि घटना दिनांक को आरोपी विनोद वर्मा पिता गोपीलाल वर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी घुमका थाना लीमा चौहान जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश के द्वारा शादी करने का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर अनेकों बार जबरदस्ती दुष्कर्म किया है, बताया गया। जिस पर उक्त प्रकरण में धारा 366, 376(2)ठ भादवि, 6 पास्को एक्ट जोडी गई तथा आरोपी विनोद वर्मा को विधिवत उचित वैधानिक कार्यवाही करते हुए सोमवार 8 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर चौकी दशरंगपुर प्रभारी उप.निरीक्षक अरविन्द साहू, उप.निरीक्षक गुरविंदर संधू, सउनि संदीप चौबे, प्र.आर. संजय गुप्ता, आरक्षक विजय चंद्रवंशी, महिला आरक्षक रूपा सरोज, का सराहनी योगदान रहा है।

गुणवत्ता सुधार के लिए निरीक्षण दल का गठन

भाटापारा/नवप्रदेश। नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही जिला में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम शाला स्तर से लेकर जिला स्तर पर मनाया जा रहा है, जिसमें शासन की योजनाओं के तहत प्रदाय की जाने वाली निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, निःशुल्क गणवेश, सरस्वती सायकल का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हाथों वितरण किया जा रहा है।जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा हिमांशु भारतीय गंभीरता पूर्वक इस सत्र मे जिला मे शिक्षा का स्तर सुधारने मे अभी से लग गए है और विकास खण्ड स्तर पर सहायक संचालको को जिम्मेदारी सौंपे हैं। एपीसी अरुण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक संचालक राकेश शर्मा भाटापारा, के.एस.मेरावी पलारी, बी.आर. पटेल बलौदाबाजार, आदि को जवाबदारी सौंपी गई है।

राजिम में रथयात्रा पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

राजिम/नवप्रदेश। रविवार को जगन्नाथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। सुबह से ही मंदिरों में अच्छी खासी भीड़ रहीं जो शाम 4 बजे ज्यादा बढ़ गई थी। 4.30 बजे तक भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होने के लिए तैयार हो गए, उसके बाद आतिशबाजी के साथ भगवान का स्वागत किया गया। राजीवलोचन मंदिर के मुख्य दरवाजे पर काष्ठ से बने रथ को खींचने के लिए श्रद्धालु अत्यंत आतुर दिखे। यहां निकल कर नगर का भ्रमण किया। भगवान जगन्नाथ की जयकारा पूरे नगर में गूंजता रहा। मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, पुजारी महेंद्र सिंह ठाकुर, सनत सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश सिंह ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर, बलजीत सिंह ठाकुर, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ के साथ में चल रहे थे। गोवर्धन चौक से होते हुए महामाया चौक रथ पहुंची। यहां से होकर सीधे महामाया मंदिर परिसर पर रात्रि विश्राम किया। बताया गया की 8 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने मौसी के यहां जनकपुर को प्रस्थान करेंगे यहां 13 जुलाई तक रुके रहेंगे उसके बाद फिर से मंदिर लौटेंगे।

लगातार बिजली कटौती से अन्नदाता परेशानः शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि - प्रदेश में किसान लगातार बिजली कटौती से परेशान और त्रस्त है पानी की कमी के चलते किसान अकाल की आशंका से सहम से गये हैं। प्रदेश में सत्तासीन भाजपा की सरकार मुनाफ़ाखोरों से मिलीभगत है और तेज़ी से कमीशन का खेल चल रहा है,इस सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय सरकार को चला नहीं पा रहे हैं।

सुशील शर्मा ने कहा कि बीजेपी सरकार किसानों को कर्जा लेने पर मजबूर कर रही है और मजबूर किसान फिर एक बार कर्ज में डुबकर आत्महत्या करने को मज़बूर हो सकते हैं,

छत्तीसगढ़ राज्य एक किसानों का प्रदेश है और किसान हमारा अन्नदाता है लेकिन आज बोवाई और रोपाई के समय उसको खाद और बीज की ज़रूरत के समय उसको सोसाइटी की जगह बाज़ार की तरफ़ जाना पड़ रहा है क्योंकि सरकार अन्नदाता को खाद और बीज नहीं दे पा रही है,ये एक तरह की साजिस है किसानों के साथ ताकि वो अपनी फसलें अच्छे से न उगा पाये और मुनाफ़ाखोर सरकार को बड़ा कमीशन मिले। उन्होंने आगे कहा कि जब बीजेपी की पंद्रह साल सरकार थी तब किसान कर्ज के कारण आत्महत्या करते थे क्योंकि उनके ऊपर इतना कर्ज हो जाता था और उनकी फ़सल का दाम भी सरकार सही नहीं दे पाती थी और जो घोषणा रमन सिंह जी के जमाने में होती थी किसानों के लिए वो भी पूरी नहीं करते थे वही हाल फिर होने वाला है।

रेत के अवैध खनन परिवहन पर प्रेस जगत ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सरसींवा/नवप्रदेश। कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज एवम पुलिस विभाग के सयुंक्त दल द्वारा सरसीवा और कोसीर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ग्राम पेंड्रावन में खनिज रेत के 04 तथा 01 ट्रैक्टर चूना पत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त पाया गया। इन 05 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना सरसीवा और 01 ट्रैक्टर को कोसीर थाना के सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार कुल 06 ट्रैक्टर की जप्ती की गई है।

यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर कलेक्टर के निर्देश पर की जायेगी। जांच टीम में दीपक पटेल अनुराग नंद सहित पुलिस कर्मी शामिल हुए। जिला प्रेस संघ ने कलेक्टर के नाम खनिज अधिकारी को अवैध रेत संचालन करने वाले माफिया के ऊपर कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौंपा वही आपको बता दे ग्रामीण जनों ने लगातार अवैध परिवहन और सघन गली सड़क से भारी रेत से भरा वाहन गुजर रहा जिससे ग्रामीण दहशत में है और किसी अनहोनी घटना उन्हें सताया जा रहा।

पहली बार धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ की रथ यात्रा

गरियाबंद। जिला मुख्यालय गरियाबंद में पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य, ऐतिहासिक और विशाल रथ यात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए और रथ खींचा। रथ यात्रा का आयोजन नगर के जगन्नाथ युवा समिति द्वारा किया गया था। इसमें जिले के दोनों विधायक रोहित साहू (राजिम) और जनकराम ध्रुव बिन्द्रानवागढ़ भी बतौर अतिथि शामिल हुए। द्वय विधायकों ने जिलेवासियों को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की बधाई और शुभकामनायें दी इसके बाद दोनो मिलकर रस्सी पकड़कर रथ को आगे भी खीचा। भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना भी की।

गौरतलब है कि रविवार को जिले में पहली बार ओडिशा के पुरी के तर्ज पर भव्य रथयात्रा का आयोजन किया था। इस दौरान पूरा नगर भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा। दोपहर करीब 3 बजे श्रीराम जानकी मंदिर से रथ यात्रा प्रारंभ हुई और चार घंटे बाद नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर पहुँची। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रध्दालु नाचते गाते, भगवान जगन्नाथ के नारे लगाते हुए शामिल हुए। रथ पर भगवान जगन्नाथ के साथ उनकी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र भी एक साथ ही विराजमान थे।

सांसद विजय बघेल को स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों ने सौपा ज्ञापन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं एड्स नियंत्रण के कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सांसद विजय बघेल एवं विधायक साजा ईश्वर साहू को साजा कार्यक्रम में आज स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञात हो कि भाजपा की घोषणा समिति के अध्यक्ष विजय बघेल ही रहे हैं, जिसमें उन्होंने मोदी की गारंटी में संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की बात बोला गया था। पिछले जुलाई में विधानसभा बजट सत्र के दौरान सभी विभागों के 37000 हजार संविदा कर्मियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। जिसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण सड़क योजना सहित संविदा कर्मचारियों को इसका फायदा मिल चुका हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों को लंबीत 27त्र वेतन वृद्धि का फायदा नहीं मिला हैं, इसको लेकर कर्मचारियों में लगातार आक्रोश बढ़ते जा रहे हैं, उक्त माँग को को लेकर संविदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की कर्मचारी सांसद को ज्ञापन दिया गया। इसमें संसाधन द्वारा अतिशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

विरोध | अघोषित बिजली कटौती और दाम में की गई वृद्धि के खिलाफ किया प्रदर्शन

कांग्रेस ने किया पावर हाउस का घेराव

धमतरी/नवप्रदेश। राज्य के भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए विद्युत दर को वापस लिए जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को बंद कर प्रदेश के आम जनता सहित किसान भाइयों को राहत पहुचाएं जाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आदेश पर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस के धमतरी में कॉंग्रेस के सभी ब्लॉकों में विभिन्न जगहों में प्रदर्शन किया गया जहॉ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 02 के द्वारा प्रदेश के साय सरकार के खिलाफ नारा बाजी करते हुए रायपुर रोड स्थित पावर हाउस का घेराव किया गया। जहां 12 बजे सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता व वरिष्ट नेता एकत्रित हुए और पवार हाउस के सामने सभा का आयोजन कर घण्टो अघोषित विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या और विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि से निजात दिलाने की मांग किया गया वही गांधी मैदान में आयोजित सभा के पश्चात कांग्रेसियों ने प्रदेश विष्णु देव सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया व ग्रामीण कांग्रेस के द्वारा अर्जुनी चौक में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों के साथ साय सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेससियो ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली कटौती साय-सांय किया जा रहा है। पहले भूपेश बघेल के राज में बिजली बिल आधी और बिजली पूरी मिलती थी। लेकिन अब साय सरकार में बिजली बिल पूरी और बिजली आधी मिल रही है। आम जनता और किसानों की समस्याओं से भाजपा की साय सरकार को कोई सरोकार नहीं है। 6 माह के कार्यकाल में ही यह सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। आज हर सरकारी दफ्तर में भ्रष्टाचार का आलम है। भाजपा राज में आम जनता की सुनने बाला कोई नहीं है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, कार्यक्रम प्रभारी मनोज साहू, नीशु चन्द्राकर, प्रमोद साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवाणी, पूर्व आयोग अध्यक्ष विपिन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा, ईश्वर देवांगन, घनश्याम साहू, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री युवराज शर्मा, अम्बर चंद्राकर, आशुतोष खरे, जिला महामंत्री संतोष सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, अरविंद दोषी, हरमिंदर छाबड़ा, रामनाथ यादव, सलीम रोकड़िया, पार्षद आवैश हाशमी, ममता शर्मा, नीलू पवार, सोमेश मेश्राम, लुकेश्वरी साहू, दीपक सोनकर, ज्योति वाल्मीकि, नेता प्रतिपक्ष आमदी गजेंद्र कुम्भकार पार्षद व्यास नारायण निषाद, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, प्रदेश प्रवक्ता, विक्रांत शर्मा, युवा कांग्रेस महासचिव गीतराम सिन्हा सहित आदि उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार 8 जुलाई को कबीरधाम प्रवास के दौरान बोड़ला में 48 लाख 42 हजार की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लिए 6 अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ विद्यालय की छात्राओं ने खुद अपने हाथों से इस नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। छात्राओं ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को प्रतीक चिन्ह भी भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम ध्रुर्वे, श्री संतोष पटेल, श्री नितेश अग्रवाल, श्री मनिराम साहू सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल की बेटियां, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के माध्यम से क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एक सुरक्षित और समर्पित वातावरण प्रदान करेगा, जिससे छात्राएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेंगी।

पेड़ों को जीवित रखने के संकल्प के साथ करें पौधरोपण : चौधरी

वित्त मंत्री ने मां के साथ लगाया पीपल का पेड़, पीपल डिस्ट्रिक बनाने का किया आह्वान

रायगढ़/नवप्रदेश। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आरंभ किया है। जिसके तहत वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी आज उर्दना स्थित नगर वन में अपनी मां कौशल्या देवी चौधरी के नाम पर उनके साथ पीपल का पेड़ लगाया। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के बीच जीवन-यापन की परंपरा का निर्वहन करना चाहिए। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और पेड़ों की रक्षा वैसे ही करनी चाहिए जैसे हम अपने बच्चों की करते हैं। किसी भी पेड़ लगाने से ज्यादा उसको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्थानीय देशी किस्म के पौधे जिनकी आयु ज्यादा है उन्हें प्राथमिकता के साथ रोपण करने को कहा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन, माता-पिता के जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाये और जीवित रखें। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हम सब मिलकर ऐसा प्रयास करे कि आने वाले दो सालों में 50 हजार से ज्यादा पीपल के पेड़ जिले में विकसित हो सके, ताकि रायगढ़ जिला पीपल डिस्ट्रीक के नाम से जाना जा सके, तभी हम एक नई संस्कृति का विकास कर पायेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि रायपुर में कलेक्टर रहते हुए उन्होंने पीपल फॉर प्यूपिल अभियान चलाया था। आज इसी प्रकार नवा रायपुर में भी अभियान चलाकर लगभग 70 हजार पीपल के पौधे रोपे जा रहे है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डीएफओ रायगढ़ को नगर वन के ऊपरी क्षेत्र में ट्रेकिंग ट्रेल, वॉच टावर एवं ईको टूरिज्म के रूप में विकसित के निर्देश दिए। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का सिलसिला आज पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी आव्हान पर हम सब इस कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मना रहे है। गांव-गांव में भी सभी परिवार इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए एक पेड़ लगाना बहुत ही महान काम है। एक पेड़ मां के समान है। जैसे मां अपने बच्चों को सजाती एवं संवारती है, भोजन कराती है, ठीक उसी तरह एक पेड़ हमें फल एवं शुद्ध हवा देती है। जिससे हम आज खुली सांस ले पा रहे है। इसलिए मेरा सभी से आग्रह है कि आप भी अपने मानव जीवन में एक पौधे लगाये और उसे पेड़ बनते तक देखभाल करें। राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है। इसे सहेजकर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हम सब एकजुट होकर पर्यावरण के सुधार के लिए ऐसा प्रयास करें कि रायगढ़ जिला ग्रीन रायगढ़ के नाम से जाना जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, विजय अग्रवाल, पंकज कंकरवाल, आशीष ताम्रकार, सुरेश गोयल, सुषमा खलखो, सत्यनारायण बाबा की माता, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी स्टायलो मण्डावी, वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित गणमान्य नागरिक एवं जनसामान्य उपस्थित रहे।

विभिन्न किस्म के 611 से अधिक पौधे रोपे गए

डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी ने जानकारी दी कि आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जनसामान्य एवं बच्चो द्वारा पीपल, बरगद, आम, करंज, आंवला, नीम, अमलतास, शोभागर पॉम ट्री एवं चंपा जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। यहां जन सामान्य के लिए 2 कि.मी. का वाकिंग ट्रैक बनाया गया है। जहां शहरवासी अपनी मां के नाम या विशेष अवसर पर वृक्षा रोपण कर सकते है।

वित्त मंत्री ने पौध वितरण वाहन को दिखाई हरी झंडी

आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने शहरवासियों को नि:शुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण कर हस्ताक्षर अभियान का भी हिस्सा बने। उल्लेखनीय है कि पौध रोपण को प्रोत्साहित करने 1 जुलाई से वन विभाग द्वारा जन सामान्य के पौध रोपण के लिए पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। ताकि जनसामान्य को फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे आसानी से प्राप्त कर अपने घर एवं आस पास के क्षेत्रों में रोपण कर सके।

वृहद पौधरोपण के लिए जिले में चल रहा पीपल फॉर प्यूपिल अभियान

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के तर्ज पर जिले में भी पीपल फॉर प्यूपिल अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के 549 ग्राम पंचायतों में लगभग 8 लाख पौधे रोपे जायेंगे। जिसमें नगरीय क्षेत्र में 5 हजार से अधिक एवं 2500 से अधिक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में वृक्षारोपण किया जाएगा। इसी तरह 200 अमृत सरोवर एवं डबरी निर्माण कर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही पीपल फॉर प्यूपिल अभियान के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में 10 हजार पीपल के पेड़ रोपे जायेंगे।

न्यूज गैलरी

भटक रही परेशान महिला को 112 ने परिजनों से मिलाया

रायगढ़/नवप्रदेश। कल रात गश्त दौरान डायल 112 कमांड कंट्रोल रायपुर से कोतरारोड़ राइनो को गोरखा क्षेत्र में गुम महिला 28 साल मिलने का इवेंट मिला। कोतरारोड राइनो में कार्यरत आरक्षक घनश्याम सिदार और ईआरवी वाहन चालक मौके पर पहुंचे। महिला से उसके नाम, पता पूछताछ पर महिला के बातचीत से महिला परेशान और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगी। आरक्षक घनश्याम सिदार द्वारा थाना प्रभारी कोतरारोड निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को इवेंट से अवगत कराते हुए बताया कि महिला कभी चन्द्रपुर, कभी परसदा की रहने वाली हूं बता रही है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा रायगढ़ और चन्द्रपुर के ग्राम परसदा के सरपंच को महिला की तस्वीरें शेयर कर जानकारी लिया गया जिसमें ग्राम सरपंच ने महिला को उसके गांव की नहीं होना बताएं। देर रात थाना प्रभारी और स्टाफ चंद्रपुर आसपास के गांव में महिला की तस्वीरें शेयर कर गांव के प्रमुख लोगों से महिला के संबंध में पूछताछ किया गया तथा महिला को सखी सेंटर रूकने की व्यवस्था कराये, तभी ग्राम गोपालपुर, थाना चन्द्रपुर के रहवासी ने महिला को उनके गांव की होना बताया। महिला के परिजनों से संपर्क कर थाना कोतरारोड़ बुलाया गया और महिला को सखी सेंटर से थाना लाये। महिला के परिजनों के थाने आने पर पूछताछ किया गया जिसमें वे महिला को बिना बताए घर से चले जाना और उसकी मानसिक ठीक नहीं होना बताये। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा औपचारिकताएं पूर्ण कर महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। डायल 112 सेवा एक ऐसा नंबर है जिस पर कॉल करने पर पुलिस, फायर और एंबुलेंस की सुविधा मिलती है। डॉयल 112 में कार्यरत जवान पीड़ित को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाता है।

शुष्क दिवस 17 जुलाई को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिले में मोहर्रम 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकाने , विदेशी मदिरा दुकानें, संलग्न अहाता एफ.एल.8 तथा मद्य भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिन मदिरा विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

परमेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में समाज के पदाधिकारी शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज के लोगों व सामाजिक संगठन के माध्यम से रायपुर जिला देवांगन समाज 13 राज 8 मंडल, 8 प्रकोष्ठ और समाज के लोगों द्वारा जिला मुख्यालय मां परमेश्वरी भवन, सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा रायपुर में देवांगन समाज की कुल देवी माता परमेश्वरी के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन में मुंगेली सहित प्रदेश भर के पदाधिकारी शामिल हुए। गुप्त नवरात्रि के शुभ अवसर तथा शुभ मुहूर्त में पंडित राजेश मिश्रा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना व मंत्रोच्चार के साथ किया गया। जिसमे मनोहर देवांगन एवं गीता देवांगन मुख्य जजमान रहे। देवांगन समाज द्वारा सुबह कलश यात्रा आतिशबाजी करते हुए बैंड बाजे के साथ समाज के लोग झूमते नाचते कलश यात्रा निकाली। माता की प्रसाद वितरण व भोग भंडारा का आयोजन किया गया। सभी समाज के लोगों ने माता के प्रति आस्था और विश्वास रखते हुए उनके समक्ष शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और प्रसाद भी ग्रहण किया। इस दौरान देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने 108 ग्राम के चांदी के मुकुट माता को समर्पित करते हुए कहा कि प्राण प्रतिष्ठा एक पवित्र कार्यक्रम है जो धर्म, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देवांगन समाज की कुलदेवी माता परमेश्वरी है और गुप्त नवरात्र के प्रथम दिन माता परमेश्वरी का आगमन होना हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर प्रदेश देवांगन समाज के सगंठन उपाध्यक्ष रवि देवांगन, युवा टीम के अध्यक्ष मनोहर देवांगन, महिला टीम के अध्यक्ष किरण देवांगन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेणु देवांगन, प्रदेश देवांगन समाज के मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन मुंगेली सहित बड़ी संख्या में माता के अनुयायी मौजूद रहे।

सहारा में निवेश 22 हजार करोड़ दिलाने की मांग

पीड़ित जमाकर्ता मुख्यमंत्री से मिले

मुंगेली/नवप्रदेश। राजधानी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनदर्शन कार्यक्रम में सहारा पीड़ित जमाकर्ता व कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत व प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान सीएम से आग्रह किया गया कि प्रदेश के 25 लाख से अधिक सहारा पीड़ितों को करीबन 22 हजार करोड़ रुपये का भुगतान वर्षों से नहीं मिला है। कहा कि पीड़ितों को उनकी निवेश की गई रकम दिलाने की मांग की गई।

जनदर्शन में रायपुर, मुंगेली, महासमुंद, सरायपाली, बागबाहरा, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, जनांदगांव, धमतरी, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बालोद, अंबिकापुर, सिमगा, बलौदाबाजार, रायगढ़, भाटापारा, जांजगीर चांपा, कोरबा, जशपुर मुख्यमंत्री के गांव बगिया सहित कांकेर, चारामा व गुण्डरदेही से सैकड़ों की संख्या में पोर्टल में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत व निरंतर भुगतान में विलंब होने, आवेदन व पोर्टल में सम्मिलित दस्तावेजी प्रमाण नस्तीबद्ध करते हुए मांग की गई। सीएम ने जल्द त्वरित करने की बात कही है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि लगातार शासन-प्रशासन व पूर्ववर्ती सरकार का भी ध्यान प्रदेश संगठन आकृष्ट कराता रहा है। अब चूंकि केंद्र व राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है तो सहारा रिफंड पोर्टल में विगत वर्ष जुलाई 2023 में प्रदेश के 25 लाख परिवारों ने आवेदन किया है। जमाकर्ता को सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 45 दिन में भुगतान दिलाने की बात की थी, लेकिन 11 महीने बीतने के बाद भी निवेशकों के खातों में पैसा नहीं आया। सभी जमाकर्ताओं को पोर्टल में आवेदन करने पर गंभीर विसंगतियों, डिफिसिएंसी, कमियों निवेशकों के रजिस्ट्रेशन में दिखाई जा रही है। सीएम से मांग की गई है कि कुछ निवेशकों के साथ यह कमियां आए ये लाजिमी है, लेकिन 95 प्रतिशत निवेशकों को आज तक आवेदन व दस्तावेजों में कमियां बताकर भुगतान सीआरसीएस नईदिल्ली द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस पर प्रदेश संगठन ने सुझाव दिया है कि चूंकि संपूर्ण आवेदनों का सत्यापन सहारा इंडिया द्वारा ही किया जा रहा है, इसलिए प्रदेश के सभी स्थानीय सहारा इंडिया के कार्यालय खोलकर ही संपूर्ण भुगतान कराने का अनुरोध किया गया है।

आरोग्य कलश का दूसरा केन्द्र जगन्नाथ मंदिर में हुआ शुरु

रायपुर /नवप्रदेश। 20 वर्षों से लोगों की सेवा कर रहे प्रवर्तक जनक ज्ञानी दास मानिकपुरी ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में अपना रायपुर में दूसरे केन्द्र की शुरुआत की है। उनका पहला केन्द्र रायपुर के विजेता कॉम्प्लेक्स में संचालित हो रहा है। यह परामर्श केंद्र सुबह 8 से 12 और शाम 5-8 बजे तक खुला रहेगा। यहां मरीज अपनी नसों की समस्याओं को लेकर आ सकते हैं जहां वे एमएचआरएस टेक्निक के माध्यम विभिन्न रोगों का समाधान करा सकते हैं।

उद्घाटन अवसर पर एमएचआरएस प्रवर्तक जनक ज्ञानी दास मानिकपुरी ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर में प्रारंभ हुए नए आरोग्य कलश सेंटर में मानव शरीर की स्वास्थ्य रक्षा कर दीर्घायु प्रदान करना, भविष्य में होने वाली घातक, असाध्य, जानलेवा बीमारियों को रोकना, आम नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण कर जानकारी व उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही वे महंगी दवा व सर्जरी से मरीजों को बचाएंगे और प्राकृतिक वातावरण निर्मित करेंगे। प्राकृतिक प्रकोप, दोषों, महामारियों से बचने का सरलतम उपाय बताएंगे। यहां आने वाले मरीजों का आंतरिक व बाह्य गतिविधियों की शुद्धिकरण किया जाएगा, सभी ग्रंथियों को संतुलित बनाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा और सभी अंगों को शक्ति प्रदान करने के साथ ही शरीर में रक्त प्रवाह व शुद्धिकरण को नियंत्रण बनाए रखने में सहायता प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने बताया कि उनका रायपुर के अलावा अजिरमा सेंट्रल स्कूल के पास, अंबिकापुर में भी सेंटर हैं। जहां वे मरीजों के लिए उपलब्ध रहते हैं।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ी भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा गांव-गांव में निकाली गई। लोगों ने श्रद्धा व भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते रहे। नगर में आज रजदूतियां का पर्व मनाया गया। श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा रथयात्रा का पूजा अर्चना किया गया।

भगवान जगन्नाथ यात्रा निकाला गया। जिसमें भगवान की पूजा अर्चना करने भक्तों की भीड़ लगी रही। सोनारपारा स्थित राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर आज नगर में रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ मंदिर से भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर मंदिर से निकल कर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यह रथ यात्रा वापस मंदिर में जाकर समाप्त हुई।

ग्राम बामपारा में श्रद्धा के साथ निकली रथयात्रा

समीपस्थ ग्राम बामपारा में हर साल की तरह इस वर्ष अभी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। रथ यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर गली मोहल्ले, चौक-चौराहे पर पूजा अर्चना की गई। जनपद सदस्य जानकी साहू, प्रतिनिधि पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू एवं पुजारी जवाहर के द्वारा पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

महाप्रभु की रथयात्रा में ग्रामीण हुए शामिल

सक्ती/नवप्रदेश। सुबह से ही नगर में बच्चे भगवान जगन्नाथ की मूर्ति को छोटे से मंदिर थर्माकोल एवं सुंदर कागज से सजाकर घर-घर जाकर भगवान जगन्नाथ का दर्शन करा कराए तथा प्रसाद भी वितरण किए। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा को श्रद्धालु अपने यथाशक्ति से पूजा-अर्चना कर नारियल, पैसा चढ़ाए। पूरे नगर में आज छोटे छोटे बच्चों द्वारा भगवान जगन्नाथ जी देखे गये। नगर के राधाकृष्ण मंदिर वार्ड क्रमांक 4 से भगवान जगन्नाथ की रथ निकली। इस संबंध में राधाकृष्ण मंदिर के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की आरती पश्चात भगवान जगन्नाथ को रथ में बिठाया गया तथा नगर भ्रमण करते हुये राधाकृष्ण मंदिर से बुधवारी बाजार से गुरूद्वारा होते हुये हटरी चौक, सांई मंदिर होकर नवधा चौक अग्रसेन चौक, पुलिस थाना होते हुये बेरी मंदिर पहुंची जहां 9 दिन तक भगवान विश्राम करेगी।

दुकानदार को उलझा कर जेवर पार,दो महिला गिरफ्तार

जांजगीर। जांजगीर-चांपा जिले में ज्वेलरी दुकान में 2 महिलाओं ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। दोनों महिलाएं ग्राहक बनकर आई थी। एक जोड़ी पायल और चार नग बिछिया चोरी कर भाग गए थे। ये वारदात कैमरे में कैद हो गई है। घटना बलौदा थाना क्षेत्र की है। बलौदा थाना प्रभारी से मिली जानकारी अनुसार, सोनार पारा बलौदा निवासी महादेव माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 7 जुलाई को 11.30 बजे 2 महिलाएं ज्वेलरी खरीदने आई थी। दोनों चांदी का पायल और बिछिया देखने लगी।

विडंबना — स्कूल जतन योजना पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए फिर भी मुंगेली क्षेत्र के स्कूल भवनों की हालत जस की तस

जिले के 541 स्कूल जर्जर, छतों से टपकता है पानी

मुंगेली/नवप्रदेश। सरकार जर्जर और तोड़ने योग्य स्कूलों की मरम्मत व अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना पर करोड़ों रूपये पानी की तरह बहाए लेकिन घोटालों की वजह से स्कूल जर्जर ही रह गये और बच्चे जान जोखिम में डालकर उसी जर्जर स्कूल में पढ़कर अपनी भविष्य को संवारते पहुंचने लगे हैं।

जिले के 541 सरकारी स्कूल जर्जर हैं। कई स्कूलों की हालत ऐसी है कि छत से पानी टपकता है। प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है,दरारें आ गई हैं। कुछ स्कूलों में छत से प्लास्टर गिरने से बच्चों को चोट भी आ गई है। जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 541 स्कूलों में अतिरिक्त भवन एवं मरम्मत के कार्य किये जाने थे. जिसपर शिक्षा विभाग ने योजना की निर्माण एजेंसी आर ई एस विभाग को 15 करोड़ 41 लाख 75 हजार रुपये भुगतान किए थे,इसके बाद भी सरकारी एजेंसियां इतनी लापरवाह हैं कि महीनो बीत जाने के बाद भी मरम्मत नही करा पाए।

कुछ स्कूलो मे हुआ भी तो मरम्मत छोड़कर साज सज्जा मे खर्च कर दिये,बचे स्कूलों के मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि निरस्त हो गई, क्योंकि तय समय पर काम ही शुरू नहीं हो सका। काम पूरा नहीं होने के कारण इस सीजन में इन स्कूलों की मरम्मत संभव नहीं है। कलेक्टर की निगरानी में काम होना था। पहली बार पंचायतों के बजाय आरईएस को काम दिया गया। शहर के स्कूलों की मरम्मत की जिम्मेदारी नगर पालिका के बजाए आरईएस को दिया गया था किन्तु एजेंसी इस मामले में फेल हो गई। प्रशासन से लेकर आरईएस और स्कूल शिक्षा विभाग पूरी तरह लापरवाह है,शिक्षा विभाग को अपने रिपोर्ट में 499 स्कूल के कार्य पूर्ण,16 प्रगतिरत एवं 27 स्कूल अप्रारंभ बताया।.हाल ही में मुख्यमंत्री ने स्कूल जतन योजना में हुए कार्यो पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए जांच के आदेश दिए है. तो सीएम साहब पहली जांच मुंगेली से शुरू हो यहां शिक्षा के मंदिर में अतिरिक्त भवन एवं मरम्मत के नाम पर बड़ा खेला हुआ है. उच्च स्तरीय जांच हो तो बड़ा घोटाला उजागर होगा. शिक्षा विभाग ने निर्माण एजेंसी पर किये कार्यो पर भिन्नता पाते हुए सवाल खड़ा किया है वही जिन स्कूलों में मरम्मत कार्य कराया गया है। वहा स्कूल प्रबंधन ने असंतुष्टि जाहिर की है।प्राथमिक शाला सोनपुरी जिसका संकुल केंद्र बांकी है वहा स्कूल ऐसे जर्जर की बच्चे जीवन को दांव में रखकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है 2 कमरे वाला यह स्कूल जिसमे 1 कमरा बेहद जर्जर पड़ा हुआ है वही एक कमरे में 103 बच्चे पढ़ाई करते है इसी कमरे पर स्कूल के समान कापी किताब ड्रेस जरूरी सामान के साथ स्कूल आफिस संचालित किए जा रहे है।

इस स्कूल में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत छत ढलाई सहित मरम्मत कार्य के लिए 4 लाख 62 हजार रुपये स्वीकृत किये गए थे लेकिन यह पूर्ण नही हो पाया है।जतन नही हुआ स्कूल तो गर्त में गई शिक्षा व्यवस्था,गुणवत्ता पर विभाग ने जताई असंतुष्टि वही निर्माण एजेंसी द्वारा इसे पूर्ण बताकर भुगतान के विषय मे अधिकारी बेहतर बता पाएंगे लेकिन कार्य हुआ ही नही तो राशि कैसे आहरित होगा।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 12670 दिनांक 05.07.2024
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651K11304 जो कि निगम अभिलेख में श्री MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता श्री BHAGIDAR HARMIT HORA S/O GURAMUKHA SINGH HORA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री ANKUR PRANAB KUMAR CHAKRABORTY पिता S/O PRANAB KUMAR CHAKRABORTY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
सेल SAIL
भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ इंडिया-490001

भिलाई इस्पात संयंत्र निम्नलिखित पदों हेतु ऑन-लाईन आवेदन आमंत्रित करता है :-

क्र.	पद	ग्रेड एवं वेतनमान	पदों की संख्या	आयु * (अधिकतम)
1	सहायक प्रबन्धक (सर्वे)	ई-1 (50000-3%-160000)	03	30 वर्ष
2	सलाहकार (ई 3 ग्रेड) / वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ई 2 ग्रेड)	(ई-3) (80000-3%-220000) (ई-2) (70000-3%- 200000)	19	ई-3(41 वर्ष) /ई-2(38 वर्ष)
3	चिकित्सा अधिकारी (ओ.एच.एस.)	ई-1 (50000-3%- 160000)	01	34 वर्ष
4	माइन्स फोरमेन	एस-3 (26600-3%- 38920)	03	28 वर्ष
5	जूनियर इन्जिनीयरिंग एसोसिएट (विद्युत पर्यवेक्षक)- खदानों के लिए	एस-3 (26600-3%-38920)	14	28 वर्ष
6	टेक्निकल एसोसिएट (बायरल आपरेशन)	एस-1 (25070-3%- 35070)	05	28 वर्ष

* आयु, ऑनलाइन आवेदन प्रविष्ट करने की अंतिम तिथि को मान्य होगा।
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रेमीलेयर) के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की शिथिलता उनके लिए आरक्षिक पदों में दी जायेगी। शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों को निःशक्त व्यक्तियों हेतु अनुकूल चिन्हित पद में आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष की शिथिलता दी जायेगी। तथा ई.एस.एम. उम्मीदवारों को अधितकम आयु सीमा में छूट सरकारी नियमानुसार प्रदान किए जायेंगे।

आवेदन कैसे करें :-
इच्छुक व पात्र उम्मीदवारों को सेल की वेबसाइट www.sail.co.in (Careers) माध्यम से आनलाईन आवेदन करना होगा। किसी अन्य साधन/माध्यम से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

1	**वेबसाइट में आवेदन प्रविष्ट करने की प्रारंभिक तिथि : 09.07.2024**
2	**वेबसाइट में आवेदन प्रविष्ट करने की अंतिम तिथि : 03.08.2024**

विस्तृत विज्ञापन को सेल की वेबसाइट (www.sail.co.in)/एम्पलायमेन्ट न्यूज/ रोजगार समाचार में देखा जा सकता है।

विज्ञापन क्र. -बीएसपी-05 (भर्ती)/24-25, दिनांक 08.07.2024
पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली,110003
Corporate Identity Number : L2719DL1973GOI006454, Website : www.sail.co.in

हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

■ न्यूज गैलरी

दुगली के पुराना थाना के पास रोड में गड्ढे ही गड्ढे

नगरी/नवप्रदेश। दुगली से सिंगपुर मार्ग रख रखाव अभाव की कारण जहां पर डामर की परत उखड़ गई है जिसमें बरसात के मौसम में इन्हीं गड्ढों में पानी भर जाता है , पानी निकासी नहीं होने के कारण , कई बार इन्हीं जगह पर बाइक सवार लोग गिर जाते हैं, और यहां पर हादसे से होते रहता है। इससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नगरी में भगवान जगन्नाथ ने रथ पर किया नगर का भ्रमण

नगरी/नवप्रदेश। दंतेश्वरी मंदिर से भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर निकले नगर भ्रमण पर लोगों को दर्शन देने। उसके पहले पूजा अर्चना पंडित ठाकुरी धर शर्मा नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नवआनंद कला मंदिर के अध्यक्ष नरेन्द्र नाग, नगर व्यवस्था समिति के कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, वरिष्ठ नगरिक झाडूराम यादव, कुंज बिहारी देव, देवपंच उत्तम गौर, सेमन्त पटेल, होरी लाल पटेल आदि ने किया। उसके बाद नगर का भ्रमण किया।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने बीरेंद्र मिश्रा

नगरी/नवप्रदेश। शीतला देवी शासकीय हाईस्कूल घटुला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर बीरेंद्र मिश्रा के मनोनयन होने पर राकेश चौबे ,मोनु साहू , योगेश साहू ,कीर्ति साहू, भोला साहू को शुभकामनाएं दी है।

गायत्री शक्तिपीठ में संस्कार शाला की हुई शुरुआत

छुरा/नवप्रदेश। रविवार सात जुलाई को गायत्री शक्तिपीठ छुरा में बाल संस्कार शाला की शुरुआत हुई। यह शाला सप्ताह में एक दिन रविवार को दो घंटे के लिए लगती है। इसका उद्देश्य बच्चों में नैतिक, आध्यात्मिक गुणों का विकास तथा अच्छी आदतों को बढ़ाना है। इस संस्कार शाला में आचार्य के रुप में श्रीमती दीपाली सारस्वत ,मीना मेहता,नंदिनी साहूऔर रामेश्वरी साहू अपनी सेवाएं देंगी। इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,श्रीमती राधिका यादव, भुनेश्वर पटेल, तिजऊ साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालयों की स्थिति जानने पहुंचे दफ्तर

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे,श्रम पदाधिकारी आज़ाद सिंह पात्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी मनहरण कोसले, खनिज अधिकारी अवधेश बारिक एवं प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग गोरे लाल रात्रे कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए जिन्हे कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान राशन कार्ड बनवाने आने वाले ग्रामीणों से पूछ -ताछ की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन कार्ड बनवाने के लिए लोगों को जिला मुख्यालय आने की जरुरत न पडे, सम्बंधित विकासखंड मुख्याल में ही राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था करें।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में 21 लाख का गबन, 3 गिरफ्तार

■ **आरोपियों से एक कार और दो बाइक बरामद**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बैंक में राशि जमा करने भृत्य को पर्ची भरकर दिया जाता था। जिसे भृत्य बैंक में रकम जमा करने अपने पति को दे दिया करती थी।

भृत्य का पति अपने साथी के साथ राशि का गबन कर लिया। इस गड़बड़ी का खुलासा बैंक से स्टेटमेंट के मिलान से खुलासा हुआ। इसकी रिपोर्ट प्रार्थी नरेश मिंज पिता स्व. सोमा मिंज (44) निवासी लाईवलीहुड कालेज दंतेवाड़ा के द्वारा कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मार्या. दन्तेवाड़ा संचालित विभिन्न योजनांतर्गत हितग्राहियों को ऋण प्रदाय कर लाभान्वित किया गया। हितग्राहियों से प्रति माह ऋण वसूली कर कार्यालय के लेखापाल श्रीमती सुरेखा आयगर द्वारा बैंक पर्ची भरकर कार्यालय में पदस्थ भृत्य श्रीमती गौरी मण्डावी को समय-समय पर खाता में जमा करने के लिये भेजा जाता रहा। उक्त भृत्य द्वारा जमा पर्ची कार्यालय में प्रस्तुत करती थी। कार्यालय द्वारा भरतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा से खाता का स्टेटमेंट की मांग की गई। स्टेटमेंट के मिलान करने पर पाया गया कि 21 लाख 58 हजार 330 रू. शासकीय खाते में जमा नहीं हुआ।

जांच करने पर बैंक कर्मचारी द्वारा कहा गया कि जमा पर्ची में लगा सील व हस्ताक्षण बैंक शाखा कर्मचारियों का नहीं होना बताया गया। बैंक के द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज चेक करने पर भी श्रीमती गौरी (भृत्य) सीसीटीवी कैमरे में नहीं पाया गया। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 20/22धारा-420,467,468,471 भादवि0 पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान श्रीमती गौरी मंडावी से पूछताछ में बताया कि पैसा को बैंक में जमा करने अपने पति तुलसी राम को भेजती थी । साथ में उसका दोस्त भूखनलाल आर्य भी जाता था। दोनों से पूछताछ करने पर दोनों आरोपी ने बैंक पर्ची फर्जी सील व फर्जी हस्ताक्षर कर 21 लाख 58 हजार 330 रू. शासकीय राशि का गबन कर राशि से गौरी बघेल ने अपने नाम से मोटर सायकल क्रमांक छ्त-18रू2591ए तुलसी राम बघेल ने अपने नाम से इंडिका कार क्रमांक छ्त-18ष्ट-0490ए एवं मोटर सायकल क्रमांक छ्त-18श्च- 3298ए भूखन लाल आर्या ने अपने नाम से मोटर सायकल क्रमांक छ्त-18छ्- 7638 खरीदे हैं। उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। श्रीमती गौरी बघेल को 17 जून और उनके पति तुलसी बघेल और उनके साथी भुखन लाल आर्य को सोमवार 8 जुलाई को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गयाष जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

शासकीय राशि का गबनकर्ता उपरोक्त आरोपीगणो को गिरफ्तार करने में थाना कोतवाली दन्तेवाड़ा से निरीक्षक विजय पटेल, सउनि सुनिता साहू, प्र.आर. भुनेश्वर भण्डारी, म.प्र.आर. लक्ष्मी ध्रुव, आर. अजीत पैकरा, शंभू पुजारी की सराहनीय भूमिका रही।

एसबीआई की नकली सील बनाने वाला गिरफ्त से बाहर

पुलिस की जांच करने पर बैंक के कर्मचारी ने बताया कि जमा पर्ची में लगा सील व हस्ताक्षर बैंक शाखा कर्मचारियों का नहीं होना बताया गया। जांच का विषय यह है की बैंक का फर्जी सील कहा से बनवाया। आरोपियों से दो मोटर साइकल और कार जप्त कर लिया गया है आगे जांच बढ़ेगी तो और भी खुलासा होगा।

बिजली दरों में वृद्धि और कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सोमवार 8 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले के सभी 9 संगठन ब्लॉक में धरना दिया गया है। दंतेवाड़ा मे अवधेश गौतम, इंद्रा शर्मा के नेतृत्व में,कुआकोंडा में भास्कर राठौर, कटेकल्याण में सुखराम नाग,बचेली सलीम रजा उस्मानी एवं संतोष दुबे, किरंदुल में मृणाल रॉय, गीदम मे श्रीमती देवती कर्मा एवं सुलोचना कर्मा,बारसूर में रूपधर नाग, पलनार ब्लॉक में पंजामी राम एवं भीमा मंडावी के नेतृत्व में धरना दिया गया। जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने बताया कि बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में सरप्लस बिजली होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। प्रदेश में बार बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की जनता परेशान हैं।

स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को ठगने का काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है विजली दर में 8 प्रतिशत की वृद्धि वापस सरकार को लेना चाहिए। लोग महंगाई से परेशान हैं।

कांग्रेस सरकार में हाफ बिजली बिल योजना से प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिला ।

दंतेवाड़ा में वीरेंद्र गुप्ता, इंद्रा शर्मा, गंगू राम कश्यप, जितेंद्र कश्यप, कमलू अतर,रिंकी बेंजाम,जया राजा, संजय विश्कर्मा, शिव कुमारी ध्रुव, इंदिरा ठाकुर,राधा साहू,किशन देई,रंजीता दांडेकर, मासों राम जोगा, बामन मरकाम,अनिल गावडे,दुबे रवि कर्मा, गणेश दुर्गा, आकाश विश्वास, विमल सलाम, राजेश चौरे, तरुण मंडावी, गयेन्द्र,भोलू यादव, वसीम, राजकुमार, दीपक बिहारी, कुणाल टोप्पो,अजय मरकाम, सोहन भवानी,जागरा बेंजाम, राजू, भानु कर्मा, अनिल जैसवाल आदि शामिल थे।

डिवाइडर पर पौधा रोपे बगैर ठेकेदार को किया भुगतान

■ **भाजपा जनप्रतिनिधि और स्थानीय अधिकारियों ने किया पौधा रोपण**

छुरिया/नवप्रदेश। छुरिया में बनाए गए डिवाइडर में सत्तारुढ़ दल के पार्षद गड़बड़ी का आरोप लगाते हैं। इसमें भाजपा के पार्षदों ने पौधा रोपा।

बताया जाता है कि पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष के समय लाखों रुपए की लागत से इस डिवाइडर का कार्य चहेते ठेकेदार से कराया था ठेकेदार को डिवाइडर पर लगभग 1600 नग पौधा लगाने का एस्टीमेट था पौधा आज तक नहीं लगा और उसे लगभग 75 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वर्तमान भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष उस वक्त यहां पार्षद पद थी क्या उन्हें डिवाइडर पर पौधा लगाने का भुगतान ठेकेदार को किया गया है इस बात का जानकारी नहीं है यह संभव नहीं है।

ठेकेदार को पौधारोपण का भुगतान पर सत्ता दल के नेता मौनः छुरिया नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष सहित भाजपा जनप्रतिनिधियों को नगर में पौधा लगाने कोई दूसरा स्थान नहीं मिला येआश्चर्य का विषय है स्वयं नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा पार्षदों व भाजपा नेता के साथ विवादित डिवाइडर पर पौधारोपण कर दिया क्या नगर अध्यक्ष व पार्षदों को पूर्व कांग्रेस नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल मे उनके चेहते ठेकेदार को डिवाइडर पर बगैर पौधा लगाए भुगतान कर दिया था उनके बाद वर्तमान नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा डिवाइडर पर पौधारोपण कर क्या मामले पर पर्दा डालना का प्रयास है ऐसे अनेक सवाल नगर पंचायत के प्रबुद्धजनों के मनमे है वर्तमान में नगर पंचायत व प्रदेश में भाजपा सत्ता पर हैं।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा वन महोत्सव में हुए शामिल

■ **मंत्री ने रोपा मौलश्री का पौधा, नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण**

अर्जुनी (बलौदाबाजार-भाटापारा) /नवप्रदेश। वन विभाग और भारत स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 7 जुलाई को स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी में आयोजित वन महोत्सव में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। वन महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने पेड़ लगाने एवं बचाने के लिए संकल्प दिलाया तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में मौलश्री का पेड़ लगाया। इसके साथ ही 30.13 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया तथा स्कूल में अहाता निर्माण एवं प्रार्थना शेड हेतु 10 -10लाख, पम्प हेतु 2 लाख, प्रयोगशाला एवं शौचालय निर्माण हेतु 8 लाख रूपये देने की घोषणा की।

मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पर लगाने का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री जी के सन्देश को जन -जन तक पहुँचाने और पर्यवारण की रक्षा के लिए सभी अपनी माँ के नाम पर माँ के साथ पेड़ लगाएं । यदि माँ नहीं है तो उसकी तस्वीर के साथ पेड़ लगाएं। उन्होने कहा कि पेड़ लगाना आसान है लेकिन उसका संरक्षण व देखभाल करते हुए बड़ा करना कठिन है।

हमें कठिनाईयों का सामना करते हुए पेड़ को बचाना है। जल, जंगल और जमीन सलामत रहेंगे तभी दुनिया में प्राणी का अस्तित्व रहेगा।

ओडिशा के नर्तक दल के साथ निकली महाप्रभु की रथ यात्रा

छुरा/नवप्रदेश। महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की रथयात्रा उड़ीसा से आए नर्तक दल एवं भगवान हनुमान की बड़ी प्रतिमा की झांकी के साथ रथ यात्रा निकली। इसमें 12 से 1 बजे तक शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा रामायण पाठ 1 बजे पूजा अर्चना एवं 2 बजे झांकियों के साथ बाजे गाजे पटाखों के साथ रथ यात्रा मानस मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण किया। इस बार रथयात्रा का आकर्षण ओडिशा से आने वाले 60 सदस्यीय नर्तक दल था। जो कि हरिबोल भजन कीर्तन मंडली नरसिंगनाथ से आए थे। साथ ही 10 फीट ऊंची हनुमान जी का दर्शन का लाभ लिया।

नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं को महाप्रसाद गजा मूंग दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार शाह ,सचिव बजरंग पांडे, लखन तिवारी, पुजारी यज्ञेश पांडे,धनंजय शुक्ला , शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, ,निखिल साहू, विक्कू चंद्राकर,मोनू सेन , मिथलेश सिन्हा,मोनू दीक्षित, नरेंद्र पटेल,विकास देवांगन,सफर सचदेव, सागर सचदेव, प्रतीक शर्मा , प्रहलाद पटेल, सुनील सचदेव,रजत कुकरेजा,अश्वनी देवांगन,उज्वल जैन,भोला पांडेय,विनोद देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल ठाकुर,पुखराज ठाकुर,विमल पुरोहित,ओमप्रकाश यादव महिला मंडल आदि शामिल थे।

लूटपाट करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

एक मोटरसायकल और नगदी 3000 रुपए बरामद

कवर्धा/नवप्रदेश। शराब भट्टी आए युवक की जेब से पैसा निकालकर भागने वाले युवक की रिपोर्ट कवर्धा थाने में दर्ज कराई गई। बताया जा रहा की युवक की जेब से जबरन 31 सौ रुपया लूट कर आरोपी भागने लगा उसे पकड़ने युवक ने कौशिस भी की लेकिन वो भाग निकला । प्रार्थी किरन साहू पिता स्व.राजाराम साहू (26) साकिन दर्रीपारा कवर्धा थाना हाजिर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 5.07.2024 को जुनवानी रोड वाले शराब दुकान शराब खरीद कर वापस आ रहे थे तभी वहां पर रिन्कु चौहान अपने मोटर सायकल में आये और पैन्ट के दाहिने जेब में जबरदस्ती हाथ डालकर जेब में रखे 3130/-रू को झपटकर भाग गया प्राथी उसका पीछा क्रनेबका प्रयास किया लेकिन वह भागने में सफल हो गया कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना कवर्धा में नये कानून में लाई गयी धारा के तहत अपराध क्रमांक 444/2024 धारा 304 बीएनएस पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। टीम द्वारा आरोपी रिन्कु चौहान की पतासाजी कर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया है,प्रकरण में झपटमारी की रकम एवं मोटर सायकल को विधिवत जप्त किया गया है।

रेत उत्खनन को लेकर विहिप व बजरंग दल ने दी जिला प्रशासन को चेतावनी

धमतरी/नवप्रदेश। जिला प्रशासन से बार बार आग्रह किया जा रहा है कि एन जी टी के नियमों का पालन करते हुए जिले के सभी रेत खदानों से उत्खनन, परिवहन और संग्रहण कार्य को तत्काल बन्द करवाए पर जिला प्रशासन के कान में जूं नही रेंग रहा है । विहिप तथा बजरंग दल ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी है कि प्रशासन अगर अब भी कार्यवाही नाही करती तो वे अपने स्तर पर कार्यवाही करेंगे।

संगठन ने कहा है कि एक ओर प्रशासन द्वारा जिले में जल जगार योजना चलाई जा रही है क्योंकि भूमिगत जल स्तर में लगभग 3 से 4 मीटर की गिरावट दर्ज की गई, दूसरी ओर हमारा सबसे बड़ा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हमारी नदियों का रेत लगातार चोरी किया जा रहा है ,वो भी शासन और प्रशासन के सामने, हम अपने प्रकृति और पर्यावरण के साथ ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकते, एक जनप्रतिनिधि द्वारा पूर्व में शिकायत करने पर खनिज अधिकारी द्वारा उनसे दुर्व्यवहार किया गया।

आयोजन | शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हरदी में प्रवेश उत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं को दिए मार्गदर्शन

पढ़ाई के साथ खेलों का भी है बड़ा महत्व : मधुसूदन यादव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पढ़ाई के साथ ही शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए समय सारणी अनुसार खेल के प्रति भी रूचि रखने का संदेश पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उ.मा.शाला हरदी के छात्र-छात्राओं को दिया। नगर के उ.मा.शाला हरदी में शनिवार को आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पूर्व सांसद ने विद्यार्थियों को मोबाइल और टीवी के प्रति मोह छोड़कर वह समय पढ़ाई के साथ खेल को देने का संदेश दिया। इसके पहले पूर्व सांसद के हरदी स्कूल पहुंचने पर बैंड बाजे व पुष्पवर्षा के साथ ध्रुपत निषाद, तरूण लहरवानी मंडल अध्यक्ष, दामू भूतड़ा मंडल उपाध्यक्ष, तेजराम पटेल, चंद्रकृत साहू, लक्ष्मण नेताम, सुनील साहू, डिंपल श्रीवास, प्रवीण चक्रधारी, तेनसिंह साहू, रूपलाल साहू, शाला के प्राचार्य कमल नारायण सिंह, शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्राचार्य श्री सिंह एवं व्याख्याता राकेश मिश्रा ने हरदी शाला को पूर्व सांसद द्वारा दिए गए सौगातों व शाला में प्राप्त सुविधा व उपलब्धियों का उल्लेख किया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने छात्र जीवन का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि एक आम छात्र की भांति पिता के व्यवसाय में हाथ बटाने के साथ ही पढ़ाई करते हुए उनका छात्र जीवन बीता है और लोगों की सेवा की भावना उनमें छात्र जीवन से ही रही है। घर कार्य के साथ ही छात्र-छात्राओं को पढ़ाई और खेल के लिए पर्याप्त समय मिलता है जिसे विद्यार्थी व्यर्थ न गंवाए। तरूण लहरवानी मंडल अध्यक्ष, ध्रुपद निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज ने छात्रों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं सरस्वती सायकल वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण का लाभ उठाते हुए लगन से पढ़ाई का संदेश दिया।

पुस्तक वितरण कार्यक्रम उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा शाला प्रांगण में वट वृक्ष रोपा गया। नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रदत्त मंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर व्याख्यातागण श्रीमती लक्ष्मी चन्द्रवंशी, गीता साहू, यामिनी साहू, बबीता झा, टिकेश्वर वर्मा, श्री चंद्राकर धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी, सुषमा ठाकुर, इंदरचंद वर्मा, देवश्री साहू, चंद्रवती कुंजाम, आशीष जैन, अभिषेक ताम्रकार, डी.के. देशमुख, रूखमणी साहू उपस्थित रहे।

आम बजट : इंफ्रास्ट्रक्चर विकास जारी रखे सरकार, ढांचागत सुधारों पर हो जोर

नई दिल्ली। भारत सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए आम बजट 23 जुलाई को संसद में पेश करेगी। इस बजट से इंडस्ट्री को काफी उम्मीदें हैं। इंडस्ट्री लीडर्स का मानना है कि आर्थिक वृद्धि जारी रखने के लिए ढांचागत सुधारों को जारी रखना होगा। इसके साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास भी करना होगा, जिससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।

इंडस्ट्री चैंबर्स के मुताबिक, सरकार को बजट में ढांचागत सुधारों, स्ट्रैटेजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, केंद्रीय सेक्टरोल इंसेंटिव और तर्कसंगत कर प्रणाली को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके जरिए भारत मौजूदा चुनौतियों का सामना कर सकता है और मजबूती से आगे बढ़ने के साथ लंबे समय में एक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बना रह सकता है।

एसोचैम ने सुझाव दिया है कि परिवहन, एनर्जी, पानी की आपूर्ति और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के लिए निवेश को बढ़ाया जाए। इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी, उत्पादकता में इजाफा होगा और साथ ही प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पर्यावरण को लेकर बढ़ती चुनौतियों पर सुझाव देते हुए देश के अग्रणी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि सरकार को क्लीन टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स आदि को कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और परिवहन में प्रमोट करने के लिए नई नीतियां और इंसेंटिव लाने चाहिए। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने कहा कि सरकार को नियमों को आसान बनाना चाहिए। साथ ही अनुमति और परमिट देने में तेजी लानी चाहिए। साथ ही निवेश आकर्षित करने और परिचालन को तेज बनाने के लिए डिजिटाइजेशन का फायदा उठाना चाहिए।

संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से लेकर 12 अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पहले ही ऐलान किया जा चुका है कि अगले पांच वर्ष गरीबी के खिलाफ काफी अहम होंगे।भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से व्यापार करने की लागत को कम करने के लिए भूमि पर स्टांप शुल्क को तर्कसंगत बनाने और बिजली दरों पर क्रॉस-सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का अनुरोध किया है।

साथ ही सीआईआई ने यह भी सुझाव दिया है कि कोयला मूल्य निर्धारण, आवंटन और परिवहन के लिए कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपीएस) को बिजली क्षेत्र के बराबर लाया जाना चाहिए।सरकार को नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी के तहत पेपरलेस लॉजिस्टिक्स के लिए डिजिटाइजेशन जारी रखना चाहिए। इससे समय की बचत होगी और लागत में कमी आएगी।सीआईआई ने आगे कहा कि सरकार को कॉरपोरेट टैक्स को चालू दर पर रखना चाहिए, जिससे व्यापारी टैक्स को लेकर निश्चिंत रहे। साथ ही जोर देते हुए कहा कि पूंजीगत कर ढांचे को तर्कसंगत बनाया जाना चाहिए।

पैकेज्ड फूड पर एफएसएसएआई का बड़ा फैसला

अब कंपनियों को बड़े अक्षरों में बतानी होगी फैट की मात्रा

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर नमक, चीनी और संतृप्त वसा के बारे में बोल्ड अक्षरों के साथ ही बड़े फॉन्ट में जानकारी देने को अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है। नियामक ने शनिवार को इस संबंध में लेबलिंग के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की बैठक में यह फैसला लिया गया। इसमें पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। संशोधन का मकसद उपभोक्ताओं को उत्पाद के पोषण मूल्य को अच्छी तरह समझने और बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाना है।

इस संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा। कुल चीनी, कुल संतृप्त वसा और सोडियम सामग्री की जानकारी प्रतिशत में दी जाएगी और इसे मोटे और बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा। बता दें कि एफएसएसएआई झूठे और भ्रामक दावों को रोकने के लिए समय-समय पर सलाह जारी करता है। इनमें 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द को हटाने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट को भेजी गई सलाह शामिल है।

इसके अलावा, सभी खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों (एफबीओ) को फलों के रस के लेबल एवं विज्ञापनों से 'शत-प्रतिशत फलों के रस' से संबंधित किसी भी दावे, गेहूं का आटा/परिष्कृत गेहूं का आटा जैसे शब्द के उपयोग, खाद्य वनस्पति तेल आदि के लिए पोषक तत्व संबंधी दावे को हटाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया है। ये सलाह और निर्देश एफबीओ द्वारा भ्रामक दावों को रोकने के लिए जारी किए गए हैं।

मार्केट में तमाम ऐसे प्रोडक्ट बिकते हैं, जिनकी पैकेजिंग तो हेल्थी चॉइस के रूप में होती है, लेकिन उनमें कई ऐसे इंग्रेडिएंट्स होते हैं, जो नुकसान पहुंचाते हैं। हालांकि, सभी प्रोडक्ट्स खुद को हेल्दी बताकर ही अपनी मार्केटिंग करते हैं।आप कभी भी कोई पैकेज्ड फूड खरीदते हैं तो उसके लिए लेबल जरूर चैक करना चाहिए।

यूजर्स के डीएम को मैन्युअल रूप से रिव्यू कर रहा एक्स, मस्क ने नहीं दिया स्पष्ट जवाब

नई दिल्ली। एक्स अपनी सर्विस के कथित उल्लंघनों और दुरुपयोग की जांच करने, या कानूनों या सरकारी अनुरोधों का अनुपालन करने के लिए कुछ यूजर्स के डीएम (डायरेक्ट मैसेज) को मैन्युअल रूप से रिव्यू कर रहा है। किम डॉटकॉम नाम से एक एक्स यूजर ने सोमवार को इस पॉलिसी अपडेट को पोस्ट किया, जिसका एलन मस्क स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए, जो कि प्लेटफार्म पर कंटेंट को एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन प्रदान करने की पॉलिसी के खिलाफ है। मस्क ने रिप्लाई में कहा, यह वर्तमान में अजीब तरीके से काम करता है (अगर आप इसे ऑन रखते हैं)। हम इसके इस्तेमाल को आसान बनाने और ग्रुप मैसेज पर भी लागू करने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक्स ऑडियो और वीडियो कॉल ऑटोमैटिक रूप से एन्क्रिप्ट किए जाते हैं। कई यूजर्स ने एक्स द्वारा डीएम की मैन्युअल रूप से रिव्यू करने पर चिंता जाहिर की। एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, क्या यह मेरी गलती है या एलन, किम के सवाल को समझ नहीं पाए? किम सरकारी अनुरोध पर डीएम रिव्यू करने को लेकर चिंतित हैं।

एमएसएमई में रोजगार 20 करोड़ के पार, एक वर्ष में 66% हुई बढ़ोतरी



नई दिल्ली। भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20.2 करोड़ पर पहुंच गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल के डाटा से ये जानकारी मिली है। डेटा के मुताबिक, एमएसएमई द्वारा की गई नियुक्तियों में सालाना आधार पर 66 प्रतिशत का उछाल आया है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 12.1 करोड़ नियुक्तियों का था। इन नियुक्तियों में से महिलाओं की संख्या 4.54 करोड़ है।

मौजूदा समय में उद्यम पोर्टल पर 4.68 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हैं। इसमें से 4.6 करोड़ सूक्ष्म हैं, जो सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। सूक्ष्म उद्योग इकाई वह होती है, जहां प्लांट और मशीनरी की वैल्यू एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नहीं होती और टर्नओवर पांच करोड़ रुपये तक होता है।वित्त मंत्री ने इस वर्ष की शुरुआत में मासिक इकोनॉमिक रिपोर्ट में जोर देते हुए कहा था कि एमएसएमई सेक्टर में रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या में उद्यम पोर्टल लॉन्च होने के बाद 5.3 गुना का इजाफा हुआ है। सरकार द्वारा इस पोर्टल को जुलाई 2020 में लॉन्च किया गया था। सरकार ने इस पोर्टल पर एमएसएमई का पंजीकरण प्रोसेस काफी आसान कर दिया है। हर कैटेगरी की परिभाषा तय की गई है, जिससे एमएसएमई सरकार की स्कीमों में दिए जाने वाले लाभ को आसानी से उठा सके।लघु उद्योग वह होता है। जहां प्लांट और मशीनरी की वैल्यू 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की नहीं होती है। और टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से कम का होता है। मध्यम उद्योग में प्लांट और मशीनरी की वैल्यू 50 करोड़ रुपये तक की होती है। वहीं, टर्न ओवर 250 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होता है।

एक्सेल की ओर से 25 को भारत के सबसे बड़े साइबरसिक्योरिटी शिखर सम्मेलन

नई दिल्ली। अग्रणी उद्यम पूंजी फर्म एक्सेल की ओर से 25 जुलाई को बेंगलुरु में भारत के सबसे बड़े साइबरसिक्योरिटी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भारत में प्रारंभिक चरण के साइबरसिक्योरिटी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर के सुरक्षा ऑपरेटर, सीआईएसओ और अन्य लोग शामिल होंगे।

शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप्स को अपने साइबरसिक्योरिटी नवाचारों को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, वही फोनपे, ग्रो, क्रेड और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियों और टेक यूनिकॉर्न के सीआईएसओ के एक समूह के समक्ष अपनी खासियत बताने का भी अवसर होगा।एक्सेल के पार्टनर प्रयांक स्वरूप ने कहा, भारत में बड़ी सॉफ्टवेयर और उपभोक्ता कंपनियों की तेजी से वृद्धि के साथ, बढ़ते खतरों से निपटने में सुरक्षा टीमें भी अत्यधिक कुशल हो गई हैं। एक्सेल ने दुनिया भर में 50 से अधिक साइबरसिक्योरिटी कंपनियों की फंडिंग की है। इनमें से कई कंपनियों के संस्थापक भारतीय मूल के हैं।उन्होंने कहा, भारत में इन कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा, एप्लिकेशन सुरक्षा और सुरक्षा संचालन में एआई जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनियों की अगली पीढ़ी का निर्माण करने के महत्वपूर्ण अवसर हैं।भारत के साइबर सुरक्षा परिदृश्य में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 से 2023 तक 30 प्रतिशत से अधिक की सीएजीआर के साथ, 2023 में सिक्योरिटी का बाजार लगभग छह बिलियन डॉलर तक पहुंच गया।अकेले उत्पाद खंड में 3.5 गुना से अधिक की वृद्धि हुई। 2019 में 1 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 में यह 3.7 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया।शिखर सम्मेलन में चार अलग-अलग ज्ञान ट्रैक होंगे। ये वहां मौजूद लोगों की रुचियों के अनुरूप होंगे। यहां एक मंच पर स्टार्टअप और डेटा सुरक्षा टीमें अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकती हैं।

एप्लिकेशन सुरक्षा – यह ट्रैक उच्च-गुणवत्ता वाले ऐप सिक्योरिटी प्रोग्राम की स्थापना और ऐप सिक्योरिटी स्टैक में कार्यों को स्वचालित करने जैसे विषयों को कवर करेगा।सुरक्षा संचालन – यह ट्रैक कवर करेगा कि सुरक्षा संचालन को स्वचालित करने के लिए एसआईईएम और एसओएआर का लाभ कैसे उठाया जाए और संगठनों के बढ़ने के साथ सुरक्षा संचालन को बढ़ाने के लिए रणनीतियों का पता लगाया जाए।

खेल, मनोरंजन

बिलासपुर क्रिकेट संघ को छग का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। मायरा रिसोर्ट रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वर्ष 2023-24 का वर्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व कार्यक्रम की अध्यक्षता टंक राम वर्मा ,मंत्री खेल युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया।

किरण देव ने के अवसर पर कहा कि मैं एक क्रिकेटर रहा हूं राज्य के खिलाड़ियों के तारीफ की और कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं अपने समय की याद करता हूं और पुराने साथी खिलाड़ियों को याद किया। खेल मंत्री टंक राम ने भी क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों की प्रशंसा की और कहा कि मेरी जरूरत जहां राज्य क्रिकेट संघ को पड़ेगी मैं उसे हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा।

कार्यक्रम में भारत के मशहूर डांस ग्रुप गोल्डन गर्ल ने भी अपने परफॉर्मेंस सबको मंत्रमुग्ध किया सभी ग्रुप में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मान किया गया जिसमें पुरस्कार राशि एवम ट्रॉफी प्रदान की गई सवर्प्रथम क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिये पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया को लाइफ टाइम्स एक्सीलेंसव अवार्ड व छत्तीसगढ़ राज्य के एक मात्र टेस्ट खिलाड़ी राजेश चौहान को लाइफ टाइम्स अचीवमेंट दिया गया। इसके पहले छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर को उसके प्रदर्शन 2023-24 के आधार पर राज्य का सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार 5 लाख एवम ट्रॉफी प्रदान किया गया। बिलासपुर क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों का अवार्ड कार्यक्रम में विशेष बोलबाला रहा जिसमें महिला वर्ग में अंडर-15 में सर्वाधिक रन बनाने के लिये चांद चेलक को नगद 25 हजार एवम ट्रॉफी प्रदान किया गया और अंडर -19 टी -20 ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने पर तानिया बेरिया के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया पुरूष वर्ग की विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने पर धनंजय नायक को 25 हजार एवम ट्रॉफी प्रदान की गई अंडर-14 राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने पर आर्यनवीर भाटिया को 25 हजार एवम ट्रॉफी प्रदान की गई अंतरजिला अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाने पर आयुष तोडकर को 25 एवम ट्रॉफी प्रदान की गई बिलासपुर बुल्स के आयुश पांडेय को सीके नायडू और वरुण भुई को विजय मर्चेंट एवम कूच बिहार ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिये पुरस्कार प्रदान किया गया राज्य क्रिकेट संघ द्वारा बिलासपुर बुल्स के कप्तान आईपीएल सुपरस्टार शशांक सिंह को विजय हजारे में छत्तीसगढ़ के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए नगद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई 7 बिलासपुर बुल्स के आयुष पांडे को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ का मेंस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। शशांक सिंह और अजय मंडल को आईपीएल में प्रतिनिधित्व के लिए नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। डिस्ट्रिक्ट के प्लेट ग्रुप में कांकेर और एलिट ग्रुप में बिलासपुर बेस्ट डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ द ईयर का अवार्ड अपने नाम किये। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह अध्यक्ष जुबिन शाह सचिव मुकल तिवारी वूमंस आईपीएल के सदस्य प्रभतेज भाटिया क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया सचिव विन्टेश अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अनुराग बाजपेई, विजय केसरवानी, नारायण अवती ऋषभ सोनी, जाकिर खान, महेश मिश्रा नंदकिशोर गिरीश आदि उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर ट्रेंड के पीछे भागने से ज्यादा प्रामाणिकता को दें महत्व : रश्मि

गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा की एक्ट्रेस रश्मि गुप्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने ट्रेंड के पीछे भागने से ज्यादा प्रामाणिकता के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया को एक्सपोजर और कनेक्शन के लिए जरूरी टूल बताया। फिलहाल रश्मि गुप्ता ध्रुव तारा- समय सदी से परे में चंद्रा की भूमिका निभा रहीं हैं।उन्होंने कहा, सोशल मीडिया एक्सपोजर और कनेक्शन के लिए जरूरी टूल के रूप में काम करता है, फिर भी मैं ट्रेंड और मेट्रिक्स के पीछे भागने से ज्यादा प्रामाणिकता को प्राथमिकता देती हूं।एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म दोधारी तलवार की तरह है।उन्होंने कहा, सोशल मीडिया ने मेरे काम के लिए नेटवर्किंग और विजिबिलिटी की सुविधा दी है। सहयोग करने और बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने में मेरी मदद की है। रश्मि ने बताया कि सोशल मीडिया अभिशाप और वरदान दोनों है। यह लोगों को अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, यह व्यूज और फॉलोअर्स के लिए लिमिट्स को पार करने का कारण भी बन सकता है।एक्ट्रेस का मानना है कि वास्तविक जुडाव संख्या से कहीं ज्यादा मायने रखता है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर दूसरों की पॉपुलैरिटी से खुद की तुलना करने के बजाय मैं अपने सफर पर ध्यान देती हूं और मेरा मानना है कि वास्तविक जुड़ाव संख्याओं से कहीं ज्यादा मायने रखता है।रश्मि ने आगे कहा, घटना-बढ़ना जैसे एल्गोरिदम निराशाजनक हो सकते हैं, लेकिन मैं व्यू काउंट की तुलना में मीनिंगफुल कंटेंट को प्राथमिकता देती हूं।एक एक्टर के तौर पर, वह कास्टिंग में सोशल मीडिया की अहमियत को पहचानती हैं। उनका मानना है कि कास्टिंग टैलेंट के दम पर होना चाहिए।ध्रुव तारा-समय सदी से परे में ध्रुव के किरदार में ईशान धवन और तारा के रोल में रिया शर्मा हैं।शो के नए एपिसोड में ध्रुव और तारा के बिल्कुल अलग अवतार दिखाई देंगे।शशि सुमीत प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, ध्रुव तारा-समय सदी से परे सोनी सब पर प्रसारित होता है।वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मि ने तिरुपति बालाजी कथासार सीरीज में देवी पार्वती की भूमिका निभाई।वह गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा और साथ निभाना साथिया 2 में भी नजर आ चुकी हैं।

कार्लोस अल्काराज का क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टॉमी पॉल से मुकाबला

लंदन। गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रविवार को विंबलडन चैंपियनशिप में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका मुकाबला अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा। कार्लोस अल्काराज ने सेंटर कोर्ट पर उगो हम्बर्ट पर 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से आसान जीत दर्ज की। यह नौवीं बार है जब अल्काराज किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम आठ दौर में पहुंचने में सफल रहे हैं।

21 वर्षीय अल्काराज ने शुरुआती दो सेट 6-3, 6-4 से जीते, लेकिन तीसरे सेट में वो संघर्ष करते नजर आए, उगो हम्बर्ट ने शानदार कमबैक करते हुए तीसरा सेट 6-1 से जीता।जानकारी के अनुसार, चौथे सेट में अल्काराज और 26 वर्षीय हम्बर्ट दोनों ने उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन स्पेन के तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शानदार कमबैक करते हुए 7-5 से जीत हासिल की। अल्काराज़ ने मुकाबले के बाद कहा, मुझे लगा कि वह हर पॉइंट पर मेरे सर्व और मेरे शॉट्स को बहुत अच्छी तरह से पढ़ रहा था। उस समय यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन टेनिस ऐसा ही है।

चौथे सेट में, कुछ सर्व ऐसे थे जो मैंने बहुत अच्छे से किए और मैंने उस गेम को बचा लिया। एक तरह से मैंने अपने टेनिस के स्तर को बेहतर किया, अपनी तीव्रता बढ़ाई और अंत में जीत हासिल की।अल्काराज का सामना अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा जिन्होंने पुरुष सिंगल्स वर्ग के एक अन्य मुकाबले में स्पेन के रॉबर्टो बतिस्ता ऑगुट को हराया। पॉल पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

जीरो से हीरो बने अभिषेक ने सफलता के लिए पिता की सलाह को दिया श्रेय

हरारे। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में यंग टीम इंडिया ने शानदार कमबैक करते हुए मेजबान टीम को 100 रनों से हराया। इस जीत के सबसे बड़े हीरो रहे युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, जिन्होंने डेब्यू मैच में शून्य पर आउट होने के बाद अगले ही मैच में शतक जड़ा। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा टी20 मैच खेल रहे 23 वर्षीय ऑलराउंडर ने रविवार को 46 गेंदों में तूफानी शतक जड़ा।46 गेंदों में बनाया गया यह शतक पुरुषों के टी20आई में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया संयुक्त तीसरा सबसे तेज शतक है।रोहित शर्मा का 2017 में 35 गेंदों में शतक और सूर्यकुमार यादव का 2023 में 45 गेंदों में शतक, दोनों ही श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए दो सबसे तेज शतक हैं।

एस.एस राजामौली की बायोग्राफी मॉडर्न मास्टर्स

बाहुबली और आरआरआर जैसी मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म के डायरेक्टर एस.एस राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री की रिलीज डेटा का एलान हो गया है। नेटफ्लिक्स ने दिग्गज डायरेक्टर की बायोग्राफी का एलान कर एक पोस्टर भी छोड़ा है. नेटफ्लिक्स ने राजामौली की बायोग्राफी के टाइटल के साथ-साथ इसकी रिलीज डेट का भी एलान किया है. अब सोशल मीडिया पर इसका खूब हल्ला मच रहा है। नेटफ्लिक्स राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री को लेकर लंबे समय से चर्चा में था. राजामौली की डॉक्यूमेंट्री की नाम मॉडर्न मास्टर्स- एस एस राजामौली है, जिसे अपलोज एंटरटेनमेंट और फिल्म कंपेनियोन बनाया है। राजामौली की डॉक्यूमेंट्री पहली ऐसी फिल्म है, जो फिल्म और उनके डायरेक्टर पर बात करती है. उन लोगों की बात करती हैं जो इंडियन सिनेमा के मास्टर्स हैं, जिनका सिनेमा अलग दुनिया का है. बता दें, नेटफ्लिक्स आगामी 2 अगस्त को राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री स्ट्रीम करने जा रहा है। वहीं, सोशल मीडिया पर राजामौली की फिल्मों के दिवाने फैंस अब उन्हें बधाईयां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें 2 अगस्त का बेसब्री से इंतजार है. एक्स हैंडल पर राजामौली के फैंस उनकी इस डॉक्यूमेंट्री के पोस्टर को शेयर कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। बता दें, राजामौली ने अभी तक अपने करियर में जितनी भी फिल्में है की हैं।

न्यूज गैलरी

मजदूरों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे (एनएच) 343 औराझरिया घाट में करीब रात 8 बजे मजदूरों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक की मौत हो गई और 3 मजदूर घायल हो गए। घायलों का जिला चिकित्सालय बलरामपुर में इलाज जारी है। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि मजदूर नल-जल मिशन योजना के तहत काम करने के बाद रात में मीतगाई जा रहे थे। सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के मेरठ से छत्तीसगढ़ आए हुए हैं और यहां मजदूरी कर रहे थे। घायलों में दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

जमीन बेचकर की ठगी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा के बंगाली पारा में रहने वाली सीमा साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने 2011 में सरगांव स्थित 75 डिसमिल जमीन को खरीदा था। इसके बाद से जमीन उनके कब्जे में है। गृहणी हैं। गृहिणी महिला ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व नागोराव शेष स्कूल के पास रहने वाले विजय कुमार हिरानी ने जमीन पर बाउंड्रीवाल कराने पहुंचा। इसकी जानकारी होने पर सीमा के पति ने मौके पर पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई। खरीदार ने बताया कि उसने जमीन खरीद ली है, उन्होंने खरीदी के दस्तावेज दिखाए। इसमें उनकी पत्नी की जगह पर किसी दूसरी महिला की तस्वीर थी। उन्होंने इसकी शिकायत सरगांव थाने में की। थाने में कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने मुंगेली एसपी कार्यालय में पूरे मामले की शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। जांच के बाद पुलिस ने विनोबा नगर में रहने वाले विजय गुप्ता, फर्जी महिला और उसके पति व तिफरा पुलिस चौकी के पीछे रहने वाले भरत सोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपित की तलाश कर रही है।

सरेआम शराब पीते 13 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस ने इंडोर स्टेडियम के पास सरेआम शराब पीते आरोपी गजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा 27 वर्ष, अनिल ध्रुव 28 वर्ष, हेमलाल गायकवाड़ 25 वर्ष व प्रशांत तोरले 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र सेन 32 वर्ष, राजेन्द्र नगरर पुलिस ने आारोपी योगेश ध्रुव 34 वर्ष एवं मुजगहन पुलिस ने आरोपी यशवंत धनगर 24 वर्ष व नितिश पाल 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी हेम कुमार साहू 60 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी सुखदेव जांगड़े 24 वर्ष, अरविंद चौहान 33 वर्ष व गोलू भारती 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आारोपी कमल साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

न्यायालय कक्ष से एसी का आउटर पार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य उद्योगिक न्यायालय कक्ष से चोर ने 2 नग एसी का आउटर पार कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी अनिल पटेल (38 वर्ष) काशीराम नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत की है कि अज्ञात चोर ने राज्य उद्योगिक न्यायालय कक्ष में लगे एसी का 2 नग आउटर पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान आज विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विधायक कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याओं और मांगों को सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधितों को दिए। श्री शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता है और उनका प्रयास है कि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बोड़ला में 48 लाख 42 हजार की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लिए 6 अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाएगा। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम खरहट्टा में 11 लाख 48 हजार रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने बेहतर शैक्षणिक प्रबंधन के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम खरहट्टा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश की बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को गणवेश और पुस्तकों का वितरण भी किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बोड़ला और खरहट्टा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और लोगों को पौधरोपण एवं उसकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया।

मरीजों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका ध्यान रखें: मंत्री जायसवाल

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय महानदी भवन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली । इस दौरान स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उचित इलाज के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। श्री जायसवाल ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं।

श्री जायसवाल ने आपात स्थितियों में बेहतर और त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कहा है कि मरीजों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

श्री जायसवाल ने सभी अस्पतालों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं ताकि संक्रमण फैलने की संभावना को कम किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विशेष जोर दिया और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता, दवाओं की आपूर्ति एवं अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

सहयोग संस्था की बैठक में सदस्यों ने लिया रथयात्रा का मजा

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिकों की संस्था सहयोग ने अपनी मासिक बैठक में रथयात्रा व विठ्ठल- रखुमाई की सुंदर झांकी निकाली। साथ ही रथयात्रा व विठ्ठल भगवान की वारी का आनंद भी लिया। झांकी की सुंदर सजावट दीपक व दिव्या पात्रीकर ने किया और उनका साथ श्रध्दा मरघडे ने दिया। 'सहयोग6 के ज्यादातर सदस्य इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह से शामिल हुए। इस कार्यक्रम के बाद डा. जेएस. उरकुरकर ने निसर्ग व ईश्वर की ओर से दी जाने वाली देन को विज्ञान से जोड़कर समझाया। ज्योति डोलस ने एक भारूड और श्रद्धा ने जगन्नाथ भगवान की कथा प्रस्तुत की। जोत्सना भाटे ने वाणी के प्रकार की जानकारी दी। तत्पश्चात शुभांगी आप्टे ने सदस्यों के बीच रोचक गेम्स कराए। वहीं सहयोग के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण गोपाल वैशम्पायन के निधन पर दो मिनट मौन श्रद्धांजलि दी

सब्जियों की कीमतों ने थाली का बिगाड़ा जायका

रायपुर/नवप्रदेश। सब्जियों की आसमान छूती कीमतों का असर इन दिनों इसकी खरीदारी पर पड़ी है, इसके बाद भी कीमतों में किसी भी प्रकार से गिरावट नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि जो लोग पहले सब्जियों से दो से तीन किलो लेते थे, वे अब पाव व आधा किलो में उतर आए है।

सब्जी कारोबारियों के अनुसार अभी उपभोक्ताओं को राहत के आसार नहीं है। बाहरी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते आवक में लगातार कमी आ गई है। इसका असर ही कीमतों में पड़ा है। शनिवार को थोक बाजार में ही टमाटर 1200 रुपये कैरेट पहुंच गया।

शास्त्री बाजार, गोलबाजार, आमापारा, संतोषीनगर, टिकरापारा बाजार में टमाटर 60 से 80 रुपये किलो, गोभी 80 रुपये किलो, बरबट्टी 110 रुपये किलो, करेला 50 रुपये किलो, बैगन 40 से 50 रुपये किलो, लौकी 30 रुपये किलो, भिंडी 60 रुपये किलो तक बिक रही है। इसके साथ ही कमजोर क्वालिटी का होने के बावजूद आलू-प्याज की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी है। आलू 40 रुपये किलो और प्याज 50 रुपये किलो पार हो गई है।

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में कीमतों में थोड़ी और तेजी देखने को मिल सकती है। थोक सब्जी व्यावसायी संघ के अध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी का कहना है कि जब तक सब्जियों की आवक में सुधार नहीं होगा, कीमतों में गिरावट नहीं आने वाला। आने वाले पंद्रह-बीस दिन तो आवक में तेजी की संभावना भी नहीं दिख रही है। इन दिनों स्थानीय आवक नहीं हो रही है तथा सब्जियों के लिए बाहरी आवक पर ही निर्भरता बढ़ गई है, इसका असर ही कीमतों में देखा जा रहा है।

पत्ता गोभी भी 50 रुपये किलो

आम उपभोक्ताओं के साथ ही मोमोस व चाउमीन सेंटरों में भी पत्ता गोभी की डिमांड जबरदस्त बढ़ गई है। इसका असर इसकी कीमतों में देखने को मिल रहा है और पत्ता गोभी 50 रुपये किलो बिक रही है।

प्रदेश में पटवारी हड़ताल पर, बोले-

न कंप्यूटर-न लैपटॉप दिया, बिना इंटरनेट कैसे करें काम

राजस्व मंत्री को लिखा पत्र, साढ़े 4 हजार पटवारी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तकरीबन साढ़े 4 हजार पटवारी सोमवार से काम बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते प्रदेश भर में जमीन का नक्शा, गिरदावरी रिपोर्ट, जमाबंदी, राजस्व, फसल नुकसान का सर्वे, आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र बनाने का काम ठप हो गया है। नवा रायपुर के धरना स्थल पर पटवारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। उनकी मांग है कि सरकार ऑनलाइन काम करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराए। पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने दैनिक भास्कर से कहा कि, हमारी मांगों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। हमने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र भेजा है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को भेजे पत्र में पटवारियों ने अपनी ३२ सूत्रीय मांग की जानकारी दी थी। बताया था कि, भुइंया सॉफ्टवेयर, जो छत्तीसगढ़ में जमीन के रिकॉर्ड मेंटेन करने का एक डिजिटल सॉफ्टवेयर है।वहीं किसान और जमीन के मालिकों को बेवजह कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। साथ ही ८ जुलाई से आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया था।

राजस्व मंत्री से पटवारियों ने मांग की थी कि, किसानों के हित में सॉफ्टवेयर में आवश्यक सुधार करें। सॉफ्टवेयर की परेशानी के लिए आम लोग पटवारी को जिम्मेदार मान रहे हैं। सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए और दोषी पर कार्रवाई की जाए। पटवारी को प्रताड़ित करने की बजाय पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए।

अपने संसाधन से ऑनलाइन काम कर रहे पटवारी

दरअसल, पटवारी लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि उन्हें कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर और इंटरनेट की सुविधा दी जाए। पटवारी फिलहाल अपने संसाधन से ऑनलाइन काम कर रहे हैं। इसकी वजह से उन पर अतिरिक्त खर्च का भार आ रहा है। पहले भी उन्होंने राजस्व सचिव और भू-अभिलेख के संचालक को ज्ञापन दिया था, पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

घर बनाना हुआ आसान

सरिया का रेट हुआ कम

रायपुर/नवप्रदेश। भवन निर्माण सामग्री बाजार में इन दिनों मंदी छाई हुई है। इसका असर सरिया की कीमतों में दिखने लगा है। लोहा बाजार में सरिया अपने तीन वर्ष के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है और फैक्ट्रियों में सरिया 52,000 रुपये प्रति टन पहुंच गया है। वहीं रिटेल बाजार में सरिया की कीमते 55,000 रुपये प्रति टन बिक रही है।

बीते पखवाड़े भर में ही सरिया की कीमतों में 3000 रुपये प्रति टन की गिरावट आ गई है। क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और गिरावट के आसार बने हुए है,अभी स्थानीय डिमांड के साथ ही बाहरी डिमांड भी नहीं है। कारोबारी सूत्रों का कहना है कि अभी कीमतों में किसी भी प्रकार से तेजी के आसार नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि बारिश का मौसम वैसे भवन निर्माण के लिए आफ सीजन ही माना जाता है,लेकिन इस वर्ष तो ज्यादा ही मंदी देखी जा रही है। मालूम हो कि पिछले दिनों लोहा बाजार में सटोरियों का साया बना हुआ था और सटोरिये अपने फायदे-नुकसान के अनुसार कीमतों में उतार-चढ़ाव कर रहे थे। अब बाजार की मंदी के चलते कीमतों में गिरावट बनी हुई है।

सेवा कार्य और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए लायन मधु को मिला सेवन स्टार सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3233C के अवॉर्ड फंक्शन अप्लॉसका अयोजन बिलासपुर के एक होटल में किया गया। जिसमें साल भर किए गए बेहतर सेवा कार्यों के लिए लायन सदस्यों को डिस्ट्रिक गवर्नर पी एम जे एफ लायन शैलेष अग्रवाल और उनकी केबिनेट द्वारा सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि पी डी जी लायन राजकुमार अग्रवाल, पी डी जी लायन दिलीप भंडारी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर एम जे एफ लायन विजय अग्रवाल, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर एम जे एफ लायन रिपुदमन पुसरी उपस्थित हुए। एम जे एफ लायन मधु यादव को लायंस प्रोजेक्ट रीडिंग एक्शन प्लान के लिए सेवन स्टार सम्मान और माल्टिपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही लायंस क्लब रायपुर शिखर की चार्टर प्रेसिडेंट लायन सरोज पाण्डेय, चार्टर सचिव लायन चंद्रकांता ओसवाल,अध्यक्ष लायन मीनाक्षी भार्गव, सचिव पम्मी रोकड़िया को मल्टीपल अवॉर्ड और कोषाध्यक्ष लायन ममता साहू को सेवन स्टार अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब रायपुर शिखर को विभिन्न सेवा गतिविधियों पर 6 सेवन स्टार सहित डिस्ट्रिक से 20 अवॉर्ड प्राप्त हुए हैं।

ओवरलोड राखड़ गाड़ियों पर कार्रवाई वसूला 4 लाख रुपए का जुर्माना

कोरबा/नवप्रदेश। सड़क पर संयंत्रों का राखड़ लेकर दौड़ते भारी वाहनों से हर आम और खास त्रस्त हैं। इन पर लगाम कसने प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए राखड़ ओवरलोड कर चलने वाले वाहनों पर आरटीओ इंस्पेक्टर सीके साहू के नेतृत्व में उडऩदस्ता टीम ने दो दिनों से विशेष अभियान चलाया है।

इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए जप्ती एवं चलानी कर 10 ओवरलोड वाहनों से 406500 की जुर्माना राशि वसूल की गई है।

मौके पर वाहन चालकों को वाहन को तिरपाल ढक कर चलने, ओवरलोड न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं परिवहन नियमो का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी गई। बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना परमिट, बिना तिरपाल ढके वाहनों, दुकान/ढाबे व सड़क किनारे/नो पार्किंग एरिया में बेतरतीब खड़े वाहनों, शराब सेवन कर चलने वाले वाहन चालकों, ओवरलोड यानों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

लापरवाही... ड्यूटी से गायब रहने वालों को सरकार ने जारी किया नोटिस

66 डॉक्टरों को बर्खास्त करने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने 66 डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ सरकार ने बड़ी कार्यवाही की तैयारी कर ली है।

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के 66 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है। इन डॉक्टरों को ड्यूटी से गायब रहने की वजह से यह नोटिस जारी किया गया है। इसमें डॉक्टरों से गैरहाजिर होने का कारण पूछा गया है।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि कार्यालय प्रमुख से प्राप्त जानकारी अनुसार आप अपने पदस्थापना स्थल से दिनांक से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। ऐसे शासकीय सेवकों के विरूद्ध छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ 3-1/2014/1-3 10 फरवरी 2015 में उल्लेख है कि एक माह या उससे अधिक समय तक अनाधिकृत अनुपस्थित को सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियम 27 सहपठित मूलभूत नियम 17-ए के अधिन सभी उद्देश्यों के लिए सेवा से व्यवधान माना जावे।

ऐसी स्थिति में अवकाश स्वीकृत नहीं

ऐसे शासकीय सेवक का किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किये जाएं। साथ ही ऐसे शासकीय सेवकों के विरूद्ध सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत् तत्काल दीर्घशास्ति के लिये विभागीय जांच संस्थित की जावे। इसका निराकरण अधिकतम 6 माह की समायावधि में कर लिया जावे। आरोप सिद्ध होने पर सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत करने की कार्रवाई की जाए। पत्र जारी होने के दिनांक से 7 दिवस के भीतर पदस्थापना स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति अवधि के संबंध में कार्यालय प्रमुख के माध्यम से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में घुसा दंतैल हाथी, दहशत

महासमुंद/नवप्रदेश। एक दंतौल हाथी तरजुन्गा से सरकड़ा गांव की ओर बढ़ रहा है, जिससे लोगों में दशहत का माहौल बना हुआ है। हाथी के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश से वन विभाग अलर्ट मोड पर है और 12 से अधिक गांव में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। हाथी की गतिविधियों के बारे में जानकारी के अनुसार, महासमुंद से गरियाबंद जिले में एक दंतैल हाथी प्रवेश कर रहा है। हाथी सूखा नदी क्रास कर गनियारी डैम की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसको देखते हुए वन विभाग ने दर्जन भर गांव में अलर्ट जारी किया है।

नव प्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021